भाद्रपद कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 31 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 285, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



एआई तकनीक : एक टूल्स से अनेक समाधान 14

आठ लोगों के साथ एक कमरे में रहते थे अमिताभ 13







## एक नजर

### मेला: 121 युवाओं को मिला रोजगार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से शुक्रवार को कौशल विकास केंद्र अहमदपुर रेती में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभ्यर्थियों की कॅरियर काउंसिलिंग भी की गई। करियर काउंसिलिंग में अनुदेशक अरुण कुमार शर्मा और कंपनियों के प्रतिनिधि ने अभ्यर्थियों को प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान की। मेले में निजी क्षेत्र की पांच कंपनियों ने प्रतिभाग किया। जिला सेवायोजन अधिकारी विजय सुधाकर सिंह ने बताया कि 202 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया था, जिसमें साक्षात्कार के आधार पर विभिन्न पदों के लिए 121 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। एलआईसी ने 11, पुखराज हेल्थ केयर ने 39, न्यू इंडिया कंट्रक्शन ने 23, न्यू बीके इलेक्ट्रानिक ने 22 तथा ग्रोफास्ट फर्टीलाइजर ने 26 अभ्यर्थियों का चयन किया। सेवायोजन कार्यालय के राकेश चंद्र अशोक कुमार विश्वमोहन नवनीत शुक्ला गोपाल सिंह समेत कौशल विकास केंद्र के स्टाफ का सहयोग रहा।

### पॉलिटेक्निक के छात्र-छात्राओं को बांटे टैबलेट



**पुवायां, अमृत विचार :** राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 108 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सुधीर गुप्ता एमएलसी ने छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित कर तकनीकी शिक्षा पर जोर देने को कहा। कार्यक्रम का आरंभ प्रधानाचार्य सोनिया माथुर व अध्यक्षता गणेश यादव प्रवक्ता( यांत्रिक अभि) ने किया। कार्यक्रम में कॉलेज के शाहरुख वेग, लोकेश कुमार, अवनीश कुमार, पंकज गुप्ता, संजीव वर्मा, नितिन कुमार, मृत्युंजय वर्मा, गुफरान अहमद, रतन पाल सिंह, संगीता देवी ने विचार व्यक्त करते हुए छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के संबंध में जानकारी दी।

### दो सांड़ कुएं में गिरे

**तिलहर।** लड़ते हुए दो सांड़ गहरे कुएं में गिर गए। सूचना पर ब्लॉक एवं फायर ब्रिगेड की टीम ने कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद दोनों को कुएं से बाहर निकाला। कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव ताल्वीपुर दिउरिया ग्राम पंचायत के नरसा नगला गांव में शुक्रवार की सुबह दो सांड़ लड़ते हुए गहरे कुएं में गिर गए। खेत पर जा रहे ग्रामीणों ने जब उनकी आवाज को सुना तो उसकी जानकारी उन्होंने एसडीएम जीत सिंह राय को दी। उप जिलाधिकारी के आदेश पर फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जेसीबी के सहयोग से दोनों को बाहर सुरक्षित निकाला गया।



खो-खो के अंडर-19 वर्ग की विजेता चिरौंजी लाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पीलीभीत की टीम। ● अमृत विचार



ट्रॉफी के साथ श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर कॉलेज मथुरा की शतरंज विजेता टीम।

# खो-खो में पीलीभीत और शतरंज में मथुरा चमका

## दूसरे स्थान पर रहा बरेली का जयनारायण विद्या मंदिर और मेजबान संजय विद्या मंदिर

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पुरस्कार वितरण के साथ तीन दिवसीय प्रांतीय शतरंज और खो-खो प्रतियोगिता का समापन

**अमृत विचार:** संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में चल रही तीन दिवसीय प्रांतीय शतरंज एवं खो-खो प्रतियोगिता का शुक्रवार को पुरस्कार वितरण के साथ समापन हो गया। शतरंज में मथुरा के खिलाड़ी और खो-खो में पीलीभीत और मथुरा के खिलाड़ी छाए रहे। शतरंज के दिमागी खेल में तीनों वर्गों में मथुरा के खिलाड़ियों ने श्रेष्ठता दर्शाते हुए विजेता बनने का गौरव हासिल किया। जबकि खो-खो में मथुरा के खिलाड़ियों को पीलीभीत ने कड़ी टक्कर देते हुए विजेता ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। अंडर-19 वर्ग में मेजबान संजय विद्या मंदिर दूसरे स्थान पर रहा। विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया गया।



ट्रॉफी लेती अंडर-19 खो-खो में द्वितीय स्थान की विजेता संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की टीम।

शतरंज प्रतियोगिता में अंडर-14 में श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मथुरा प्रथम व रामकली देवी विद्या मंदिर वृंदावन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 में श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर मथुरा प्रथम व परमेश्वरी देवी धानुका सरस्वती विद्या मंदिर वृंदावन ने द्वितीय स्थान पाया। इसी तरह अंडर-19 वर्ग में भी श्रीजी बाबा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मथुरा विजेता बना और इस कॉलेज के खिलाड़ियों ने जीत की हैट्रिक पूरी की। इस वर्ग में परमेश्वरी देवी धनुका सरस्वती विद्या मंदिर वृंदावन द्वितीय स्थान पर रहा। दूसरी ओर खो-खो प्रतियोगिताओं के अंडर-14 में मदन मोहन कलावती सरस्वती विद्या मंदिर मथुरा प्रथम स्थान पर व सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल छाता द्वितीय स्थान पर रहा। खो-खो के अंडर-17 वर्ग में चिरौंजी लाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पीलीभीत प्रथम स्थान पर व जयनारायण सरस्वती विद्या मंदिर बरेली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

अंडर-19 में चिरौंजी लाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पीलीभीत ने प्रथम और मेजबान संजय कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ने द्वितीय स्थान कर कब्जा जमाया। समापन पर विद्यालय प्रबंधक राकेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष भुवनेश गुप्ता, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार गर्ग समेत प्रबंध समिति के सदस्य, उप प्रधानाचार्य वसंत कुमार त्रिवेदी, वरिष्ठ आचार्य महेंद्र सिंह, आचार्य प्रणव मिश्रा, रामबाबू मिश्रा, अनिल गौड़, स्वाति सक्सेना, गौरव मिश्रा, यशदीप मौर्य समेत बड़ी संख्या में आचार्य मौजूद रहे।

### खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना

समापन पर मेजबान विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष रमेश चंद्र सक्सेना ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जीत की बधाई दी। प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए अतिथि शिक्षकों, कोच, टीम मैनेजर तथा व्यवस्था में लगे आचार्य बंधुओं के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# सांसद ने मुख्यमंत्री से की बिजली और स्वास्थ्य विभाग की शिकायत



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बातचीत करते सांसद अरुण सागर। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कहा- अस्पतालों में लोगों को नहीं मिल रहा ठीक से इलाज
- बिजली विभाग के अधिकारी नहीं उठाते जनता का फोन

**अमृत विचार:** सांसद अरुण सागर ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर स्वास्थ्य और बिजली विभाग के अधिकारियों की शिकायत की। सांसद ने कहा कि अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही के चलते अस्पतालों में जनता को ठीक से इलाज नहीं मिल पा रहा है। बिजली विभाग के अधिकारी तो जनता का फोन तक उठाना उचित नहीं समझते। मुख्यमंत्री ने जल्द लापरवाह अधिकारियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

भाजपा सांसद अरुण सागर ने गुरुवार शाम लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर शाहजहांपुर जिले में विकास कार्यों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले में सबसे ज्यादा विद्युत विभाग और स्वास्थ्य विभाग में प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं में लापरवाही सामने आई है। शहरी क्षेत्र से लेकर तमाम ग्रामीणों क्षेत्रों में बिजली के तार जर्जर हालत में हैं। ग्रामीणों द्वारा विद्युत विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं कराया जाता है।

वहीं स्वास्थ्य विभाग में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ भी गरीब जनता तक पहुंचने में दिक्कतें आ रही हैं।

### निष्क्रिय 4 आशाओं की समाप्त होंगी सेवाएं : जिलाधिकारी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की बैठक की गई। डीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं को प्राथमिकता पर आमजन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। सीएचसी बंडा व पीएचसी कलान की 4 निष्क्रिय आशाओं की सेवा समाप्ति का निर्णय लिया। डीएम ने स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन कर अधिक से अधिक जनसामान्य को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। आयुष्मान गोल्डन कार्ड, संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा योजना, नवजात शिशु टीकाकरण, नियमित टीकाकरण, फैमिली प्लानिंग सहित अन्य योजनाओं, कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान भारत गोल्डन कार्ड बनाने की गति बढ़ाने के लिए डीपीआरओ व डीएसओ को निर्देश दिए। कहा कि मिसमैच डाटा की सूची स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त कर पंचायत सहायक वीसी सखी कोटेदार आदि माध्यमों से बचे कार्य पूर्ण कराया जाए। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत मिर्जापुर एवं कलान की सबसे ज्यादा शिकायत मिलने और महिलाओं को भुगतान की स्थिति सबसे खराब जिला महिला चिकित्सालय की होने पर डीएम ने नाराजगी जताते हुए कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिए।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने भर्ती के विरोध में खोला मोर्चा

**एजुकेटेड आउटसोर्सिंग भर्ती**

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सरकार के शासनादेश में बदलाव किए जाने को निकाली गई रैली

**अमृत विचार:** सरकार की ओर से प्री-प्राइमरी एवं एसीसीई एजुकेटेड आउटसोर्सिंग भर्ती प्रक्रिया किए जाने के विरोध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने विरोध-प्रदर्शन करते हुए मोर्चा खोल दिया है। इसी क्रम में शुक्रवार को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खिरनीबाग रामलीला मैदान में एकत्रित हुई।

रैली निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचीं और मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार सौंपा। ज्ञापन में आउटसोर्सिंग भर्ती का आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने विरोध जताया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को शिक्षित योग्यता और संबंधित दी जा चुकी ट्रेनिंग को भी सरकार नजर अंदाज कर रही है। प्री प्राइमरी के तहत एजुकेटेड आउटसोर्सिंग को लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया गया है। जिसके बाद आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का काम खत्म हो जाएगा। इससे आंगनबाड़ी को ही वरीयता दी जाए। इस दौरान पूजा सुमन, लक्ष्मी, रागिनी, मीनाक्षी, उर्वशी मिश्रा, कुशमलता, अमित, ऊषा, बबिता, प्रीति आदि मौजूद रहे।

# रायन स्पार्टन ने जमाया ऑगस्टिन फुटबाल ट्रॉफी पर कब्जा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- रोमांचक फाइनल मुकाबले में फर्टिलाइजर पिपरोला को किया पराजित

**अमृत विचार:** रायन इंटरनेशनल स्कूल में चल रहे तीन दिवसीय ऑगस्टिन फुटबॉल टूर्नामेंट का पुरस्कार वितरण के साथ शुक्रवार को समापन हो गया। अंतिम दिन मेजबान रायन स्पार्टन टीम और फर्टिलाइजर पिपरोला टीम के बीच फाइनल मुकाबला हुआ, जिसमें मेजबान कॉलेज ने शानदार जीत दर्ज कर चमचमाती ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। टूर्नामेंट में सीबीएसई बोर्ड से संचालित कॉलेजों की लगभग 10 टीमों ने प्रतिभाग किया था।

समापन समारोह पर छात्र-छात्राओं ने मनमोहक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। गार्ड ऑफ ऑनर से अतिथियों का स्वागत किया गया। इसके बाद खेले गए फाइनल मुकाबले में रायन स्पार्टन और फर्टिलाइजर पब्लिक स्कूल के बीच रोमांचक मुकाबल हुआ। मेजबान टीम ने अपनी फील्ड और साथी छात्र-छात्राओं का जोरदार समर्थन पाते हुए फर्टिलाइजर स्कूल को 6-2 से करारी शिकस्त देकर विजयश्री हासिल की।

मेजबान कॉलेज की प्रधानाचार्य वर्षा अग्रवाल ने अतिथियों, खेल शिक्षकों, कोच और टीम मैनेजर समेत व्यवस्था में जुटे रहे शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों से पलक सिंह, सत्येंद्र, महफूज खां, कृष सिंह, संजीव कुमार, जसकीरत सिंह, जावेद, अर्शदीप सिंह, प्रदीप कुमार, प्रियमोहन गंगवार, पंकज सक्सेना, प्रखर सविता, नीरज कुमार, रुद्र प्रताप सिंह), गनेश यादव अनिल सिंह, विशाल सक्सेना, अभिजीत आदि मौजूद रहे।



ऑगस्टिन फुटबाल ट्रॉफी के साथ खुशियां मनाते विजेता रायन स्पार्टन के खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### विजेता, उपविजेता टीम को मेडल और ट्रॉफी भेंट की

विशिष्ट अतिथि रिलायंस पॉवर स्टेशन के डायरेक्टर हृदय सिंह तोमर, जिला क्रीड़ा अधिकारी एसपी बमनिया, लोनी शुगर मिल के एडीशनल वाइश प्रेसीडेंट राजा श्रीवास्तव और एचआर हेड सुनीता पांडेय ने विजेता और उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर, प्रशस्तिपत्र और चमचमाती ऑगस्टिन ट्रॉफी प्रदान कर उत्साहवर्द्धन किया।

### जिला अस्पताल को अत्याधुनिक बनाने की मांग उठी



**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उप्र उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक बैठक जिला कार्यालय खिरनीबाग पर अध्यक्ष सचिन बाथम की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पुराने जिला अस्पताल में 151 बेड का अत्याधुनिक सुविधाओं से संपन्न अस्पताल सुचारू कराने पर मंथन किया गया। शुक्रवार को हुई बैठक में कहा गया कि पुराने जिला अस्पताल को सीएमओ दफ़्तर बना कर आम जनमानस से दूर कर दिया गया है। उसे आम जनमानस की सेवा के लिए उपयोग में लिया जाना महत्वपूर्ण होगा। सभा में सर्व सहमति से तय हुआ कि यह फैसला सर्व जन के लिए हितकारी होगा। इस मौके पर महानगर महामंत्री शशांक कौशिक ने कहा कि अगर आधी रात को किसी को इमरजेंसी उपचार की आवश्यकता हो तो महानगर के बीचो बीच स्थित होने से यहां तक पहुंचना आसान है। ओवैस खां ने कहा कि यह कदम सराहनीय होगा। इससे दवा विक्रेताओं को भी व्यापारिक लाभ मिलेगा। इस संबंध में आज 12 बजे ज्ञापन जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया जाएगा। इस मौके पर संयुक्त महामंत्री आकाश दीप गुप्ता, रेहान मिर्ज़ा, अखिल कुमार मिश्र, ऐवाद उल्लाह, अरविंद कुमार राठौर, महेंद्र कुमार दुबे, आमिर हुसैन, प्रमोद मल्होत्रा, शब्बन अली, मोहम्मद आसिफ, इकबाल खां, फ़ाज़िल आदि मौजूद रहे।

### चकबंदी लेखपाल व चकबंदी कर्ता के खिलाफ रिपोर्ट

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** उत्तराखंड के पिथौड़ागढ़ के धारचूला निवासी धीरेंद्र नवियाल ने बताया कि वह तिलहर में सहायक चकबंदी अधिकारी है। चकबंदी आयुक्त द्वारा समीक्षा बैठक 26 जुलाई में 10 वर्षों से लंबित ग्रामों की समीक्षा में ग्राम सिकंदरपुर कला थाना कांट में अनियमितताओं की शिकायत को लेकर दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के निर्देश दिए थे। उप संचालक चकबंदी ने अपने आदेश संख्या में ग्राम का कब्जा परिवर्तन व सीमांकन कार्य पूर्ण न करने तथा कृषकों के विरोध के कारण चकबंदी कार्य बाधित करने के दोषी कर्मचारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए गए थे। 27 जुलाई को चकबंदी कर्ता तेजपाल सिंह व चकबंदी लेखपाल रामऔतार द्वारा सिकंदरपुर कला में अनियमितता को लेकर भूमि खुर्द बुर्द करने और बिना आदेश से आदि कृत्यों को लेकर रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। मदनापुर एसओ अमित चौहान ने बताया कि दोनों के खिलाफ अनियमितता आदि की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### विमल सिंह का यूपी अंडर 16 फाइनल ट्रायल में चयन

**पुवायां, अमृत विचार :** शाहजहांपुर के विकेट कीपर व बल्लेबाज विमल सिंह का चयन अंदर 16 फाइनल राउंड के लिए किया गया। विमल सिंह पुवायां में संचालित चौधरी क्रिकेट अकादमी में क्रिकेट में कोच अमित चौधरी से प्रशिक्षण ले रहे हैं। उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के अपेक्स मेंबर आनंद पाठक, अध्यक्ष बीपी जौहरी, सचिव आलोक मिश्रा, फिरोज, मारवाह मॉर्डन स्कूल के डायरेक्टर तारा सिंह, मैनेजर कमलजीत सिंह, अखिलेश सिंह, अनुज पटेल सभी ने मिठाई खिलाकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया और भविष्य के लिए शुभकामना की।

### एसपी ने सलामी लेने के बाद किया परेड का निरीक्षण

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** एसपी अशोक कुमार मीणा ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का निरीक्षण कर दिशा निर्देश दिए। एसपी ने परेड की सलामी लेकर परेड में कर्मचारियों की यूनिफॉर्म को देखा। उन्होंने वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने को निर्देशित किया। पुलिस कर्मचारियों को शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए दौड़ लगवाई और अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई। एसपी ने मेस, गणना कार्यालय, बैरक आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने पुलिस लाइन में बेहतर साफ सफाई रखने के लिए प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया। गार्द कमांडरों को दिशा निर्देश दिए।

# कबड्डी, हॉकी में स्पोर्ट्स स्टेडियम विजयी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में जिला खेल कार्यालय का आयोजन

**अमृत विचार:** इंटरनेशनल हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जिला खेल कार्यालय की ओर से शुक्रवार को भी खेलकूद प्रतियोगिताएं कराई गईं। राष्ट्रीय खेल दिवस के अंतर्गत जिला स्तरीय बालिका वर्ग हॉकी फाइव ए साइड एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता में स्पोर्ट्स स्टेडियम ने जैतीपुर को 24-16 अंकों से पराजित कर विजेता बनने का गौरव हासिल किया। जबकि हाकी में स्पोर्ट्स स्टेडियम खेलो इंडिया ने कंपोजिट विद्यालय हथौड़ा बुजुर्ग को 4-2 से पराजित किया। इससे पहले प्रतियोगिता का प्रारंभ आर्य महिला महाविद्यालय की शिक्षिका विनीता देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। समापन वरिष्ठ कबड्डी कोच राहुल तोमर, नरेंद्र त्यागी, विनय गुप्ता आदि ने विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर उत्साहवर्धन किया। प्रमोद पांडेय, सचिन प्रेमी, अनूप कुमार मिश्रा, सौरभ कुमार, सुनील कुमार, अनूप कुमार मिश्रा, रवि कुमार, मुजाहिद अली, पंकज कुमार, शकील अहमद, आनंद सिंह, पंकज, राजन राज, साजन राज, कुलदीप शिव प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।



स्टेडियम में हॉकी प्रतियोगिता में गोल करने का प्रयास करता खिलाड़ी।

# पुलिस भर्ती: 2428 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- अलर्ट रहा प्रशासन, आज होने वाली परीक्षा की तैयारियां पूरी
- सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के लिए सक्रिय रहा कंट्रोल रूम

**अमृत विचार:** पुलिस भर्ती परीक्षा के चौथे दिन जनपद के हर केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। सेक्टर, स्टैटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती के साथ साथ डीएम, एसपी ने परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था को परखा। दोनों पाली में पंजीकृत कुल 10502 परीक्षार्थियों में 2428 ने परीक्षा छोड़ दी और जिसमें 8084 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। सभी परीक्षा केंद्रों पर तीसरी आंख सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के लिए कलेक्ट्रेट स्थित कंट्रोल रूम भी सक्रिय रहा।

शुक्रवार को पुलिस भर्ती परीक्षा की प्रथम पाली में पंजीकृत 5256 में से 4036 ने परीक्षा दी जबकि 1220 अनुपस्थित रहे। दोपहर बाद आयोजित दूसरी पाली में पंजीकृत कुल 5256 अभ्यर्थियों में 4048 ने परीक्षा दी और 1208 ने परीक्षा छोड़ दी। पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन आज शनिवार को भी जनपद के सभी परीक्षा केंद्रों पर दो पाली में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में कराया जाएगा। जिसकी सारी तैयारियां जिला प्रशासन की ओर से पूरी कर ली गई है। एडीएम प्रशासन एवं नोडल अधिकारी सहायक परीक्षा संजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि दोनों पाली की परीक्षा सभी केंद्रों पर सकुशल व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करा ली गई है। परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए रोडवेज बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं। 31 अगस्त को भी जनपद में दो पाली में परीक्षा का आयोजन कराया जाएगा। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है।



परीक्षा केंद्र में प्रवेश के लिए लाइन में लगे परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

# सूफी और शास्त्रीय गायन की महफिल सजी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- शाहजहांपुर महोत्सव में गांधी भवन में बिखरे गीत-संगीत के विविध रंग
- एक शाम आपके नाम नामक रंगारंग प्रस्तुति के रूप प्रदर्शन किया

**अमृत विचार:** क्रिएटिव आर्ट ग्रुप के बैनर तले मनाए जा रहे शाहजहांपुर महोत्सव में दूसरे दिन गांधी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित किए जा रहे विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

गांधी भवन में चल रहे महोत्सव में दूसरे दिन शुक्रवार को कार्यक्रम का प्रारंभ डांस मेनिया से हुआ, जिसमें दूसरे जनपदों के प्रतिभागियों ने डांस के माध्यम से प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डांस मेनिया के निर्णायक मंडल में गगन खन्ना, मनीष कुमार, दिव्य श्रीवास्तव, अमन शामिल रहे। नृत्य प्रतियोगिता के बाद संगीत नाटक अकेडमी लखनऊ के कलाकारों ने सूफी और शास्त्रीय गायन प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी। द्वितीय सत्र में किशोर अवार्ड विनर्स नाइट एवं एक शाम आपके नाम नामक रंगारंग प्रस्तुति के रूप में सामने आई। संगीत की इस महफिल में गैरजनपदों के प्रतिभागियों ने भी कला का प्रदर्शन कर तालियां बटोरीं। ग्रुप की ओर से प्रतिभागियों को शील्ड प्रदान कर उत्साहवर्द्धन किया गया।अध्यक्ष सचिन बाथम और महासचिव विक्रांत बखिया ने आभार व्यक्त किया।



महोत्सव में प्रस्तुति देती प्रतिभागी।

### समाजसेवियों को किया गया सम्मानित

इसी कड़ी में समाजसेवा के क्षेत्र में बढ़-चढ़ कार्य कर रहे एवं लगातार रक्तदान करने वाले विशिष्टजनों को सम्मानित किया गया। ग्रुप के प्रबंध निदेशक नरेंद्र सक्सेना और प्रायुष ह्यूमन के संचालन में चले कार्यक्रम में दिलीप, वसीम, अखिल, अंशिका, महेंद्र दुबे आदि का सहयोग रहा। प्रबंध निदेशक ने बताया कि शनिवार को पूर्वांह 11 बजे से फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, किड्स माडलिंग, बॉडी बिल्डिंग शो, रामायण नृत्य नाटिका, माडलिंग कंपटीशन, स्टार नाइट, लॉफ्टर शो के आयोजन होंगे। साथ ही बाढ़ पीड़ितों की मदद करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा। रात में एक शाम मुकेश के नाम नामक कार्यक्रम होगा।

भाद्रपद कृष्ण पक्ष त्रयोदशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 31 अगस्त 2024
वर्ष 5, अंक 285, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



शेख हसीना और उनके परिवार की विशेष सुरक्षा ली गई वापस 14
सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म युधा का ट्रेलर रिलीज 13

# सिपाही भर्ती परीक्षा में 22 गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** सिपाही भर्ती परीक्षा शुक्रवार को प्रदेश के 67 जिलों में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। परीक्षा के चौथे दिन प्रदेशभर के 1,174 केंद्रों पर 6,91,936 उम्मीदवार उपस्थित हुए। जांच के दौरान 94 संदिग्धों की पहचान की गई। परीक्षा की शुचिता सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने परीक्षा को हैक करने के प्रयासों से संबंधित 19 एफआईआर दर्ज की और 22 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया।

कुल 2 लाख 71 हजार अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल नहीं हुए। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष राजीव कृष्ण ने कहा कि परीक्षा के दूसरे दिन दो पालियों में 6,91,936 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। पहली पाली में 3,44,590 अभ्यर्थी शामिल हुए, जबकि 4,01,870 ने अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड किया था। इस पाली के दौरान, 61 संदिग्ध उम्मीदवारों की पहचान की गई, लेकिन फिर भी उन्हें परीक्षा देने की अनुमति दी गई। भर्ती बोर्ड उनकी गतिविधियों पर बारीकी से नजर रखेगा। उन्होंने कहा कि दूसरी पाली में 3,47,346 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 4,01,972 ने अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड किए थे। इस पाली में भी 33 संदिग्ध अभ्यर्थी नोट किए गए।

हालांकि उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति दी गई थी, परीक्षा के बाद भी उन पर नजर रखना जारी रखेगा।

**2,71,000 ने छोड़ीं परीक्षा**



अभ्यर्थियों की चेकिंग करते कर्मी।

- 19 पर एफआईआर दर्ज, अंतिम परीक्षा आज, प्रशासन मुस्तैद

## भाजपा में शामिल हुए चंपई सोरेन

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) छोड़ने के दो दिन बाद पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शुक्रवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी की वर्तमान कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने और खुद को अपमानित किए जाने का आरोप लगाते हुए सोरेन ने झामुमो से दशकों पुराना नाता तोड़ लिया था। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्वा सरमा की मौजूदगी में सोरेन बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुए। इस दौरान उनका जोरदार स्वागत किया गया, जिससे सोरेन कुछ समय के लिए भावुक भी हो गए।



**249.7** किया स्कोर

# पैरालंपिक : दो स्वर्ण जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनीं अवनि

**11 वर्ष की उम्र में कमर के नीचे के हिस्से में मार गया था लकवा**

**पेरिस।** वंडर गर्ल अवनि लेखरा पैरालंपिक खेलों में दो स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं, जिन्होंने तोक्यो के बाद पेरिस पैरालंपिक में भी महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल (एसएच 1) स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। अवनि ने फाइनल में 249.7 का स्कोर बनाकर एक नया पैरालंपिक रिकॉर्ड दर्ज किया। 11 वर्ष की उम्र में कार दुर्घटना में कमर के नीचे के हिस्से में लकवा मारने के कारण अवनि व्हीलचेयर पर निर्भर हैं। वह तोक्यो पैरालंपिक 2021 में निशानेबाजी में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला निशानेबाज बनी थीं। क्वालीफिकेशन में गत चैम्पियन अवनि ने 625.8 स्कोर किया और वह इरिना एस के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। दो बार विश्व कप में स्वर्ण पदक जीतने वाली मोना ने क्वालीफिकेशन में 623.1 स्कोर करके पांचवां स्थान हासिल किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, भारत ने पैरालंपिक 2024 में अपने पदकों का खाता खोला। अवनि लेखरा को आर2 महिला 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा में पदक जीतने पर बधाई।

# निवेशकों से किए हर वादे को धरातल पर उतारेंगे : योगी


## 32 औद्योगिक इकाइयों को 1333 करोड़ प्रोत्साहन राशि दी, बतायी 2017 के पहले की स्थिति

- मुख्यमंत्री ने 4884 करोड़ से अधिक निवेश करने वाली 11 इकाइयों को दिया लेटर ऑफ कम्फर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लोकभवन में 32 औद्योगिक इकाइयों को 1333 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि का देते हुए 4884 करोड़ से ज्यादा निवेश करने वाली 11 औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट वितरित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 के पहले उत्तर प्रदेश में अव्यवस्था, अराजकता और अपराध का माहौल था। प्रदेश में व्यक्ति ही सुरक्षित नहीं था तो पूंजी कैसे लगाता।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश की विकास यात्रा में औद्योगिक समूहों को सहभागी बनाने के प्रदेश सरकार के संकल्प को साझा करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया है कि निवेशकों से किए कमिटमेंट (वादे) को धरातल पर उतारने में कोई संकोच नहीं करेंगे। विरोधी दलों की सरकारों पर निशाना साधते हुए योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार की सोच संकीर्ण थी। उनके पास कोई विजन नहीं था। आज प्रदेश में कानून का राज है और निवेश का बेहतर माहौल है। यही वजह है कि निवेश के मामले में भारत का ड्रीम डेस्टिनेशन उप्र बन गया है। उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिनके लिए प्रदेश में निवेश के बारे में सोचना भी असंभव था। वे लोग देख लें हमारी सरकार ने असंभव को संभव करके दिखाया है। योगी ने कहा कि फरवरी 2023 में आयोजित हुए ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। इसमें 10 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भूमिपूजन के साथ धरातल पर उतर चुके हैं। योगी ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में यहां के नौजवानों के सामने पहचान का संकट था। वहीं, आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और ईज ऑफ लिविंग की स्थित बेहतर हुई है। योगी ने कहा कि प्रदेश में 27 सेक्टोरियल पॉलिसी लागू हैं। इन पॉलिसी को बनाने के लिए हमने स्टेकहोल्डर्स से सुझाव लिए। उसमें शासन के दायरे में रहकर जो बिंदु जोड़े जा सकते थे उन्हें हमने जोड़ा।




लोकभवन में उद्यमियों को प्रोत्साहन धनराशि और लेटर ऑफ कम्फर्ट देते योगी।

### वादा पूरा करने में कोई संकोच नहीं : मुख्यमंत्री

योगी ने कहा कि निवेशकों से जो वादा किया है, उन्हें धरातल पर उतारने में कोई संकोच नहीं है। निवेशकों को सहूलियत देने के लिए शासन की नीति के अंतर्गत डबल इंजन की सरकार सारे बैरियर तोड़ेगी। मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने के संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाने में ग्रोथ इंजन के रुप में कार्य हो रहा है।

### अपराधी और भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस

योगी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रदेश में 125 सीएम फेलो तैनात किए हैं, जो औद्योगिक विकास विभाग के साथ मिलकर कार्य कर रहे हैं। अपराध, अपराधी और भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है।

## पीएम मेरठ से लखनऊ के लिए आज करेंगे वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत

**मुरादाबाद।** मेरठ से लखनऊ के लिए शनिवार से वंदेभारत का संचालन किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी मुरादाबाद रेल मंडल की तीसरी वंदेभारत ट्रेन का उद्घाटन करेंगे। ट्रेन सप्ताह में छह दिन संचालित की जाएगी। सीनियर डीसीएम आदित्य गुप्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री ट्रेन का वर्चुअल उद्घाटन करेंगे। मेरठ से ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। आठ कोच की रैक वाली वंदे भारत के स्वागत के लिए मुरादाबाद और बरेली में विशेष आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शनिवार को वंदे भारत ट्रेन मेरठ से दोपहर 12.35 बजे चलकर मुरादाबाद में 14.30 बजे पहुंचेगी। यहां से चलकर बरेली में 15.51 बजे और वहां से लखनऊ के लिए रवाना होगी।

# न्यू इंडिया ने गुलामी की जंजीरें पीछे छोड़ीं

## कहा - मैं शिवाजी महाराज के चरणों में मस्तक रखकर माफी मांगता हूं

पालघर, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के पालघर जिले में 76,000 करोड़ रुपये की लागत वाली वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज का न्यू इंडिया अपनी ताकत जानता है और उसने गुलामी की जंजीरों को पीछे छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि वधावन बंदरगाह देश का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह होगा। इस बीच मोदी ने 1,560 करोड़ रुपये की 218 मत्स्य परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी किया।

मोदी ने कहा कि परियोजना का उद्देश्य एक विश्व स्तरीय समुद्री प्रवेश द्वार स्थापित करना है, जो बड़े कंटेनर जहाजों की जरूरतों को पूरा करते हुए, समुद्र के तटीय तल को गहरा बनाकर तथा अति विशाल मालवाहक जहाजों को समायोजित करके देश के व्यापार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा। वहीं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के तटीय सिंधुदुर्ग जिले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने को लेकर भारत के इस वीर सपूत के साथ ही, इस घटना से आहत लोगों से माफी भी मांगी। मोदी ने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज... मेरे लिए सिर्फ नाम नहीं हैं, हमारे लिए छत्रपति शिवाजी महाराज आराध्य देव हैं। पिछले दिनों सिंधुदुर्ग में जो हुआ, आज मैं सिर झुकाकर मेरे आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज जी के चरणों में मस्तक रखकर माफी मांगता हूं। उन्होंने कहा हमारे संस्कार अलग हैं। हम वह लोग नहीं हैं जो आए दिन भारत मां के महान सपूत, इसी धरती के लाल वीर सावरकर को अनाप-शनाप गालियां देते रहते हैं, अपमानित करते रहते हैं, देशभक्तों की भावनाओं को कुचलते हैं।



वधावन बंदरगाह की आधारशिला व अन्य कार्यों का शुभारंभ करते मोदी।

- महाराष्ट्र के पालघर में वधावन बंदरगाह परियोजना की आधारशिला रखी

106वाँ उर्स-ए-रज़वी मुबारक हो
उर्स में तशरीफ़ लाने वाले सभी ज़ायरीनों का हम तहेदिल से इस्तक़बाल करते हैं
GKS
CENTER PALACE
BENQUET HALL




Catering Facility Also Available Here
• All type of Party • Birthday Party • Baby Shower
• Engagement Party • Marriage
• Corporate Meeting • Corporate Function
• Annual Function
54, Civil Lines, Near Prasad Cinema Bareilly (U.P.)
Contact # 8869882292
Shama Restaurant
Novelty Chauraha, Bareilly
9219110361
Our Branch
New Shama Restaurant
56, Civil Lines, Near Prasad Talkies, Bareilly
8868822892

LAST 5 DAYS
for Gents
T-Shirts ~~990~~ 330
Jeans ~~2590~~ 865
Shirt ~~1390~~ 465
Lower ~~1390~~ 465
Barmuda ~~990~~ 330
Capri ~~1190~~ 397
Track Suit ~~3990~~ 1330
Special Kurta Pajama ~~2000 to 4000~~ 995 only
BUY 1 GET 2 FREE
SELECTION POINT
The Complete Family Store
45, Civil Lines, Bly. Ph. 8266800220
D.D. Puram, Bly. Ph. 7088300050

### डॉ. सोमनाथन ने संभाला पदभार

**नई दिल्ली।** प्रशासनिक सेवा के वरिष्ठ अधिकारी डॉ. टीवी सोमनाथन ने शुक्रवार को केंद्र में कैबिनेट सचिव का पदभार संभाला। डॉ. सोमनाथन ने राजीव गौबा की जगह ली है जो सेवानिवृत्ति हो गए हैं।

# शिक्षक भर्ती परीक्षा शीघ्र कराने के निर्देश

विधि संवाददाता, लखनऊ

**हाईकोर्ट का आदेश**

- सहायक शिक्षक के 27,713 पदों पर भर्ती का मामला

हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने राज्य सरकार व बेसिक शिक्षा परिषद को आदेश दिया है कि वह वर्ष 2018 में शुरू की गई प्रक्रिया के तहत 27,713 पदों के संबंध में सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा (एटीआरई) कराने के लिए तत्काल कदम उठाएं।

न्यायालय ने कहा है कि यदि इस सम्बन्ध में कोई कानूनी बाधा न हो तो एटीआरई कराने का निर्णय दो माह के भीतर लिया जाए, साथ ही न्यायालय ने मामले में अपील दाखिल करने वाले अभ्यर्थियों को अधिकतम उम्र सीमा संबंधी लाभ दिये जाने पर भी विचार करने का आदेश दिया है। साथ ही कहा कि यदि एटीआरई कराने में कोई बाधा हो तो इस संबंध में विस्तृत जानकारी अखबारों में प्रकाशित कराई जाए ताकि अभ्यर्थियों को पता चल सके कि उक्त परीक्षा क्यों नहीं कराई जा रही है। यह निर्णय न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने अलोक कुमार व अन्य समेत दर्जनों विशेष अपीलों पर एक साथ सुनवाई करते हुए पारित किया। उक्त अपीलें एकल पीठ के वर्ष 2018 के उस आदेश के विरुद्ध दायर की गई थीं जिसमें 21 मई 2018 के शासनादेश को निरस्त करते हुए, एकल पीठ ने एटीआरई 2018 के न्यूनतम मार्क्स को सामान्य व आरक्षित वर्ग के लिए क्रमशः 45 व 40 बरकरार रखने का आदेश दिया था। 21 मई 2018 के शासनादेश के तहत उक्त न्यूनतम मार्क्स को क्रमशः 33 व 30 कर दिया गया था। अपीलार्थियों का कहना था कि एकल पीठ के आदेश के बाद हुए एटीआरई 2018 में 41,556 अभ्यर्थी ही सफल हो सके लेकिन बचे हुए 27,713 पदों के लिए इसके बाद एटीआरई नहीं कराया गया।

# कानपुर के मुरलीधर प्रदेश में सबसे अमीर

## अंतर्राष्ट्रीय पत्रिका हुरून ग्लोबल रिच ने देश के रईस 1000 अरबपतियों की सूची निकाली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- करोड़पतियों की सूची में लखनऊ, कानपुर, अयोध्या, गोरखपुर, प्रयागराज, आगरा, नोएडा, अलीगढ़ के उद्यमी शामिल



मुरलीधर

**अमृत विचारः** हुरुन इंडिया ने देश के धनकुबेरों की सूची जारी की है। इस सूची में उत्तर प्रदेश के भी अमीरों के नाम शामिल हैं। उप्र में सबसे धनवान कानपुर के घड़ी ब्रांड के मालिक मुरलीधर ज्ञानचंदानी हैं। हालांकि देश में सबसे रईस 1000 अरबपतियों में उन्हें 174वें नंबर पर रखा है। उनके छोटे भाई विमल ज्ञानचंदानी 275वें नंबर पर हैं।

मुरलीधर की संपत्ति 15,800 करोड़ और विमल की 10,500 करोड़ आंकी गई है। 26,300 करोड़ की संपत्ति के साथ ज्ञानचंदानी बंधुओं के राज्य में सबसे ज्यादा धनवान होने का रिकॉर्ड कायम है। सूची में लखनऊ के संजय कपूर 12300 करोड़ की संपत्ति के साथ यूपी में दूसरे स्थान पर हैं। देश के अमीरों वाली सूची में उनका स्थान 235वां है। वह सोना बीएलडब्ल्यू के संचालक हैं। इनके अलावा लखनऊ से पीटीसी इंडस्ट्रीज के मालिक सचिन अग्रवाल (287) का नाम है जिनकी कुल संपत्ति 9800 करोड़ रुपये आंकी गई है। लखनऊ के ही एप्को इन्फ्राटेक के मालिक अनिल सिंह (617) हैं, जिनकर संपत्ति 4100 करोड़ है। लखनऊ से ही ईएमएस के मालिक रामवीर सिंह (714), संपत्ति-3400 करोड़, का भी नाम है। जबकि, फैजाबाद से अम्रत बॉटलर्स के कर्ताधर्ता लछमन दास (360) 7700 करोड़ रु. की संपत्ति के साथ इस लिस्ट में शामिल हैं। कानपुर के ही मिर्जा ग्रुप के तसनीफ अहमद 2400 करोड़ की संपत्ति के साथ देश में 929वें स्थान पर हैं। वहीं, व्यक्तिगत तौर पर आगरा के सबसे अमीर मयंक अग्रवाल (909) हैं, इनकी कंपनी वैकमेट इंडिया है और 2500 करोड़ की संपत्ति है।

हितेश ओबराय (स्थान-363) एज इंडिया नोयडा, संपत्ति-7600 करोड़, दिनेश अग्रवाल (498) इंडिया मार्ट नोयडा, यशीश दहिया (608) एफबी फिनटेक नोयडा संपत्ति-4100, विष्णु आर. (854), न्यूक्लियस सॉफ्टवेयर नोयडा, संपत्ति-2700, अलख पांडेय (571) फिजिक्स वाला प्रयागराज, संपत्ति 4500 और मो. जहीर अल हमद (970) एग्रो अलीगढ़, संपत्ति-2300 करोड़ है, के नाम भी हैं।

### सूची में इस साल 34 उद्योगपतियों को स्थान मिला

पिछले वर्ष अरबपतियों की सूची में उत्तर प्रदेश से 34 उद्योगपतियों को स्थान मिला था, जबकि इससे पहले साल 2022 में प्रदेश के 21 अरबपति ही सूची में शामिल हो सके थे। इस बार उत्तर प्रदेश से सूची में शामिल अरबपतियों की संख्या 45 बताई जा रही है।

हर दर्द का इलाज करते हैं
डॉ. रूप किशोर
समय प्रातः 10 से दोपहर 3 बजे तक
गठिया
फालिज
जोड़ों एवं नसों का दर्द
झनझनाहट
सुन्नपन
फातिमा हॉस्पिटल
जगतपुर रोड, बरेली
9267043010

प्रवेश प्रारम्भ
चन्द्रलोक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस
रजऊपरसपुर (बरेली) उ.प्र.
चिकित्सा के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य बनाने हेतु उत्तम संस्थान
• उ.प्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी लखनऊ एवं उ.प्र. सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त
• सरकारी, अर्द्धसरकारी, सेना एवं विदेश में नौकरी के लिए मान्य
• सरकारी मानकों के अनुसार फीस एवं छात्रवृत्ति
स्थान सीमित शीघ्र प्रवेश लें
GNM (जनरल नर्सिंग एण्ड मिडवाइफरी) 3 Years (इंटरमीडिएट)
GNM में एडमिशन पिछले सालों की तरह बिना प्रवेश परीक्षा के होंगे।
विशेष सुविधाएं
• मेडिक्लेम, बीमा योजना
• आयुष्मान भारत योजना एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय योजना में निःशुल्क इलाज
सिटी ऑफिस
चन्द्रलोक हॉस्पिटल
दूरबीन विधि द्वारा
• पित्त की थैली, पित्त की नली की पथरी (Lap Chole, ERCP),
गुर्दे, यूरेटर की पथरी (PCNL, URS)
• प्रोस्टेट (गदूद) (TURP, TURBT)
• रसौली, बांझपन की जाँच
• बबासीर, हर्निया का ऑपरेशन
• मेडिक्लेम • स्त्री एवं प्रसूति रोग
• सभी प्रकार की सर्जरी
• पैथोलॉजी, अल्ट्रासाउण्ड
• ट्रॉमा, हेड इंजरी, फ्रेक्चर आदि।
• ICU, कार्डियक मॉनिटर, वेन्टिलेटर,
• हृदय, सांस, गुर्दा रोग एवं डायबिटीज
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सम्पर्क करें-
9458882565
9410002566
8859491000

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-
MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
• सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
• ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
• दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
• सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
• दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
• गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
• रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
• बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
• अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें-
7417389433, 7017678157

# पुवायां सीएचसी पर डॉक्टरों का इंतजार कर मरीज हो रहे बेहाल

## समय से नहीं पहुंच रहा स्टाफ, दस बजे तक बंद रहते हैं केबिन

संवाददाता, पुवायां

- निराश होकर निजी अस्पतालों का रुख कर रहे मरीज
- बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की योजना को पलीता


सुबह दस बजे तक ड्यूटी पर नहीं पहुंचते जिम्मेदार, शुक्रवार को बंद केबिन।

**अमृत विचार:** सीएचसी पर डॉक्टर व अन्य कर्मचारियों के समय से न आने के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। डॉक्टर का इंतजार मरीजों का दर्द बढ़ा रहा है। आलम यह है कि सुबह 10 बजे से पहले अस्पताल में कोई भी अधिकारी या कर्मचारी नहीं पहुंचता है। जबकि अस्पताल खुलने का समय सुबह आठ बजे है। इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को भी कई घंटे डॉक्टर का इंतजार करना पड़ता है। इलाज व अन्य सुविधा नहीं मिल पाने के कारण क्षेत्र की जनता निजी अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर है। इससे सरकार की बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने की योजना को पलीता लग रहा है।

शुक्रवार को सुबह स्कूल जाते समय एक छात्रा का एक्सीडेंट हो गया। इसके बाद घायल छात्रा को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया। यह घटना सुबह लगभग 9 बजे की थी। इस दौरान अस्पताल में इमरजेंसी कक्ष में डी फार्मा की पढ़ाई कर रहे एक छात्र जोकि ट्रेनिंग पर एक महीने के लिए आया है उसके सहारे इमरजेंसी कक्ष छोड़ दिया गया। गंभीर घायल छात्रा लगभग एक घंटे तक तड़पती रही, जिसके बाद चीफ फार्मासिस्ट ने आकर इलाज शुरू किया। प्राथमिक उपचार करने के बाद फार्मासिस्ट ने परिजनों से पूछा कि आप बताओ तो छुट्टी कर दें और आप कहें तो मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दें। परिजन भड़क गए और कहा कि छात्रा की हालत को देखकर छुट्टी और रेफर करना आपका काम है। हम नहीं जानते इसकी अब कैसी तबीयत है। इतने के बाद भी कोई डॉक्टर नहीं पहुंचा और बाद में छात्रा की छुट्टी कर दी गई।


अस्पताल परिसर में अधीक्षक के नहीं होने पर खाली पड़ा कार्यालय।

### बुखार के मरीजों की भरमार, निजी अस्पतालों में करा रहे इलाज

क्षेत्र में इस समय वायरल बुखार तेजी से चल रहा है। मरीज को सरकारी अस्पताल में सुविधा नहीं मिलने के कारण लोग निजी अस्पतालों में इलाज कर रहे हैं। नगर के सभी अस्पतालों में सभी बेड मरीजों से भरे पड़े हैं। जबकि सरकारी अस्पताल में एक भी मरीज भर्ती नहीं है।

### ग्यारह बजे तक नहीं आते कर्मचारी

सरकारी अस्पताल में सभी कर्मचारी मनमानी तरीके से ड्यूटी कर रहे हैं। कई लोग तो 11 बजे से पहले कभी नहीं आते। शुक्रवार को अस्पताल में 9 बजे से 11 बजे के बीच सभी कमरे बंद थे और कोई भी कर्मचारी अस्पताल में नहीं आया था।


सरकारी अस्पताल में खाली पड़े बेड। • अमृत विचार

### डॉक्टर का इंतजार करती मिलीं महिलाएं

महिलाओं के लिए एक अलग अस्पताल में भवन बनाया गया है। इस भवन का उद्देश्य था कि क्षेत्र की महिलाओं को अच्छा इलाज मिले और प्रत्येक प्रसूता का प्रसव अस्पताल में सुरक्षित कराया जाए, लेकिन यहां भी मनमानी का आलम ऐसा है कि शुक्रवार सुबह 10 बजे तक महिला डॉक्टर के नहीं आने के बाद लगभग 20 महिला मरीज डॉक्टर का इंतजार कर रही थी। सिंधौली क्षेत्र के गांव उदारा की आशा बहू साधना एक महिला मरीज को लेकर पुवायां अस्पताल आई थी, लेकिन 10 बजे तक बैठे रहने के बाद भी डॉक्टर के नहीं मिलने से मरीज को बेचैनी हो रही थी और मरीज बार-बार आशा बहू से कह रही थी कि चलो निजी अस्पताल में दिखा लेते है।


सीएचसी में डॉक्टर का इंतजार करतीं महिलाएं। • अमृत विचार

### अस्पताल के कर्मचारी ही फैलाते हैं गंदगी

सरकारी अस्पताल में दूसरी मंजिल पर लैब के सामने जीने पर अस्पताल के कर्मचारियों ने गुटखा खा- खा कर खूब थूका है। जिससे कि पूरा जीना लाल रंग का रंगा हुआ नजर आ रहा है। इस जीने के पास में कोई भी बाहरी व्यक्ति या मरीज बहुत कम जाते हैं। अधिकतर अस्पताल के कर्मचारी यहां गंदगी फैलाते हैं।

> अस्पताल में स्टाफ की कमी है, जिसके चलते यह समस्या है। मुख्यालय को समस्या से अवगत कराया था। - **डॉ. नागेंद्र पाल**, सीएचसी अधीक्षक

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

चरक पैथलैब
विश्वसनीय परिणाम
FullBody BLOOD TEST PACKAGE
CBC+KFT+LFT+TFT+LIPID+SUGAR
~~1499/-~~ ONLY 799/-
जांचों पर विशेष छूट
चाट बाजार रोड, 39-बी, एकता नगर, बरेली
मो. 9410200042, 9410200047 समय प्रातः 8 से रात 9 बजे तक
घर से सैम्पल लेने की सुविधा उपलब्ध E-mail: pathlab.charak@gmail.com

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- • वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, • प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, • नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, • पीलिया का इलाज, • दिमागी बुखार, • मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- • घबराहट • छाती में दर्द या भारीपन • सांस फूलना • पैरों में सूजन • हाई ब्लडप्रेशर • हाई कोलेस्ट्रोल • डाइबिटीज (शुगर) • सीने या पेट में जलन या दर्द • हार्ट अटैक • हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808
सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली

रोहिला हॉस्पिटल
भिन्डौलिया चौराहा, नियर ट्रान्सपोर्ट नगर, बरेली
डॉक्टर पैनल
डा. पवन कुमार M.B.B.S. जनरल फिजिशियन
डा. निशा बरकती BAMS, MS स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डा. सय्यद आसिम अली BAMS जनरल फिजिशियन
जाहिद खान Managing Director
विभाग
• मेडिसिन विभाग
• स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग
• ई.एन.टी. विभाग
• गुर्दा एवं मूत्र रोग विभाग
• पेट एवं लीवर रोग विभाग
फोन : 8755728385, 8218204277

## सार-संक्षेप

### किसानों ने लेखपाल पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप



**जलालाबाद, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव कोना याकूबपुर के किसानों ने लेखपाल पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। इस संबंध में किसान भाकियू भानु गुट के नेता श्याम किशोर अग्निहोत्री के नेतृत्व में शुक्रवार को एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार से मिले और आरोपी लेखपाल के खिलाफ जांच कराकर कार्रवाई की मांग की। कहा कि बिना सुविधा शुल्क लिए कोई काम नहीं करते हैं। बाढ़ राहत के नाम पर दलालों के नाम भेज कर उनको बाढ़ राहत राशि दिलवा दी। जबकि वे सभी अपात्र हैं। गांव के ही रामगंगा की बाढ़ से नन्हे की 12 बीघा मूंगफली, भूरे लाल के छह बीघा परमल की फसल, नरेंद्र की परवल व मूंगफली की फसल नष्ट हुई थी। नरेश की कई बीघा फसल नष्ट हो गई थी। नरेंद्र को काफी नुकसान हुआ था। इन लोगों को बाढ़ राहत का कोई भी भुगतान नहीं मिला है। जबकि अपात्रों को मुआवजा दिला दिया गया है। उप जिलाधिकारी से मिलने वालों में रामकुमार यादव, नरेंद्र यादव, कृष्ण गोपाल, गोपाल, उमेश सिंह, आदित्य आदि मौजूद रहे। वहीं एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार ने मामले की जांच कराकर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### आधार कार्ड बनाने में धांधली का आरोप, प्रदर्शन



**जलालाबाद, अमृत विचार :** कृषि उत्पादन मंडी के डाकघर, बीएसएनएल केंद्र, बैंक ऑफ बड़ौदा, बीआरसी याकूबपुर में आधार संशोधन, केवाईसी अपडेट, फिंगर अपडेट एवं नए आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं। आरोप है कि यहां जमकर धांधली हो रही है और रकम वसूल की जा रही है। ग्रामीण कई-कई दिन लाइन में लगे रहते हैं, इसके बाद भी उनका काम नहीं हो पा रहा है। इससे परेशान ग्रामीणों ने शुक्रवार को तहसील मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। एसडीएम डॉ. रविंद्र कुमार को ज्ञापन देकर समस्या निराकरण की मांग की। पुलिस से जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### सरायंकाइयां में निकाली गई दधिकांधों शोभायात्रा

**रौसर कोठी, अमृत विचार :** मोहल्ला सरायंकाइयां में शुक्रवार को धूमधाम से दधिकांधों शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में देव स्वरूपों की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा भवानी शंकर से शुरू हुई। भाजपा नेता राजेश वर्मा व समाजसेवी अरविंद दीक्षित उर्फ पुल्लु ने पूजन अर्चन कर शोभायात्रा को रवाना किया। शोभायात्रा सरायकाइयां चौकी, गढ़ी गाड़ीपुरा, पक्का पुल होते हुए दलेलगंज स्थित राममंदिर पर विसर्जित हुई। कान्हा के भजनों पर झूमते युवाओं ने मटकी फोड़कर खूब मस्ती की। अनुज त्रिवेदी, पार्षद संजय, सचिन मौर्या, श्रीओम त्रिपाठी, नवल किशोर वर्मा, नीतू मिश्रा, रामसनेही राठौर, भैया लाल गुप्ता, शुभनाथ गिरी, प्रज्ज्वल गुप्ता, राजेश, मनीष आदि का सहयोग रहा।

### श्रद्धालुओं ने दधिकांधों शोभायात्रा पर की पुष्प वर्षा

**कांट, अमृत विचार :** नगर के प्राचीन शिव मंदिर से कृष्ण जन्माष्टमी के उपरांत शुक्रवार को दधिकांधों शोभायात्रा बैंडबाजों के साथ निकाली गई। शोभायात्रा में श्रीगणेश, भगवान शंकर पार्वती, भारत माता, श्रीराधा कृष्ण, वीर हनुमान आदि स्वरूप शोभायमान रहे। शोभायात्रा में श्रद्धालुओं ने जमकर गुलाल एवं पुष्प वर्षा की। वहीं श्रद्धालु बैंडबाजो और डीजे पर श्री कृष्ण भजनो की धुनों पर नृत्य करते नजर आए। जय गोविंदा जय गोपाला, हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की जैसे जयघोषों से नगर का पूरा वातावरण गूंज उठा। शोभा यात्रा नगर के प्राचीन शिव मंदिर रामलीला मैदान से प्रारंभ होकर पूरे नगर से होती हुई देर रात वापस प्राचीन शिव मंदिर रामलीला मैदान पर विसर्जित हुई। आयोजन में राम चंद्र मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्रा, राममुरारी मिश्रा, संजीव मिश्रा, गोविंद पांडे, अमित मिश्रा, मां दुर्गा जनकल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष राजीव कुमार शर्मा, डॉ. रजनीश कश्यप, विपिन प्रजापति, महेश वर्मा समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।





# बेटे को छीन ले गया पति, महिला ने फंदे पर लटककर दे दी जान

## पति से अनबन होने पर मायके में रह रही थी सारथी देवी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर / मकसूदापुर

- घर के बाहर एक पेड़ से लटका मिला शव, गले में था दुपट्टे से बनाया फंदा

**अमृत विचार:** अनबन होने पर मायके में रह रही महिला से पति उसका चार वर्षीय बेटा एक दिन पहले छीन ले गया, जबकि उसकी छह वर्षीय बेटी पहले से ही पति के पास थी। इससे आहत महिला ने फंदे पर लटककर जान दे दी। उसका शव घर के बाहर पेड़ पर लटका मिला। गला दुपट्टे से कसा हुआ था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बंडा थाना क्षेत्र के गांव सिंघापुर पनई निवासी पुष्पा देवी पत्नी स्वर्गीय रोशन लाल ने बताया कि उसने अपनी पुत्री सारथी देवी(28) की शादी आठ वर्ष पहले थाना बंडा के गांव अल्हादपुर निवासी अरविंद के साथ की थी। आरोप है कि उसकी बेटी का पति शराबी किस्म का है और उसकी बेटी के साथ आए दिन मारपीट करता रहता था। इससे दोनों में मतभेद बढ़ने लगा था। हालांकि इस दौरान बेटी सारथी ने



एक बेटी रिया और एक पुत्र राज को जन्म दिया। रिया छह वर्ष की है और राज चार वर्ष का है। पति और ससुराल वालों से मतभेद के कारण उसकी बेटी डेढ़ वर्ष पहले मायके आ गई और तब से यही रह रही थी। पुष्पा देवी का आरोप है कि गुरुवार को दिन में अरविंद व उसके पिता गोधन उसके घर आए, तो उसकी पुत्री ससुराल जाने को तैयार हो गई लेकिन अरविंद ने कहा कि तुझे नहीं ले जाएंगे। उसने अपने पुत्र राज को छीन लिया और उसे लेकर चला गया, जबकि सारथी पति को मना करती रही कि बेटे को न ले जाओ, वह मां के बिना कैसे रहेगा, लेकिन वह नहीं

> मृतका की मां की ओर से तहरीर मिली है, शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर पर जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। -**राकेश मौर्य**, प्रभारी निरीक्षक बंडा

माना। विरोध करने पर उसने पत्नी को पीटकर घायल कर दिया और पुत्र राज को जबरन छीनकर ले गया। पुष्पा देवी ने बताया कि कुछ दिन पहले पुत्री रिया को जबरन ले गए थे। बेटे को छीनकर ले जाने से सारथी परेशान हो गई और इससे क्षुब्ध होकर उसने गुरुवार रात दस बजे घर के बाहर आम के पेड़ में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। कुछ देर बाद मामले की जानकारी होने पर पुष्पा देवी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने गांव पहुंचकर शव को उतरवाया और घटना के बारे में जानकारी की। पुष्पा देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि ससुराल वालों से तंग आकर आम के पेड़ में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# चोरी की बाइक काटते समय तीन लोग गिरफ्तार

संवाददाता, रोजा/ शाहजहांपुर

- तीन बाइकें, नगदी, मोबाइल और वाहन काटने का सामान किया बरामद
- सल्लिया मोड़ पर बंद भट्ठे के अंदर से पकड़े गए, एक अन्य की तलाश

**अमृत विचार:** रोजा पुलिस ने शुक्रवार सुबह सल्लिया मोड़ पर बंद पड़े भट्ठे के अंदर से चोरी की गई बाइक काटते समय तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों के पास से तीन बाइक, नगदी मोबाइल और वाहन काटने के उपकरण बरामद किए हैं।पकड़े गए लोगों के एक और साथी की तलाश जारी है।

रोजा पुलिस को मुखबिर के जरिये शुक्रवार सुबह पांच बजे सूचना मिली कि सल्लिया मोड़ पर बंद पड़े भट्ठे के अंदर तीन लोग चोरी की बाइक काट रहे हैं। मुखबिर के बताए स्थान पर पुलिस टीम ने दबिश देकर हरदोई के थाना हरियावा के गांव कटघरा निवासी नूर मोहम्मद उर्फ नीर, थाना सेहरामऊ दक्षिणी के गांव सूरतपुर निवासी धर्मवीर, हरदोई के थाना शाहबाद के मोहल्ला



रोजा पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

वाजिदखैर पक्काबाग निवासी मोहम्मद आसिफ अली को गिरफ्तार कर लिया। जिनके कब्जे से दो चोरी की बाइक बरामद की। जिसमें से एक सही और दूसरी अधकटी हुई थी। इसके अलावा 1670 रुपये

### विभिन्न थानों में दर्ज हैं कई आपराधिक मामले

नूर मोहम्मद उर्फ नीर के खिलाफ निगोही,खुटार, सदर, रोजा में विभिन्न धाराओं में सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। सदर पुलिस वर्ष 2020 में उस पर गैंगस्टर की भी कार्रवाई कर चुकी है। धर्मवीर के खिलाफ सेहरामऊ दक्षिणी में पांच मामले दर्ज हैं।

### बदले में मिलते थे पांच हजार रुपये

अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया कि नूर मोहम्मद उर्फ नीर विभिन्न स्थानों से बाइक चोरी कर धर्मवीर को देता था। धर्मवीर उक्त बाइकों को नदीम उर्फ नजीम व मोहम्मद आसिफ को बेच देते थे, जो उसको काटकर पुर्जे अलग अलग कर बेचते थे। धर्मवीर को इस काम के बदले 5000 रुपये प्रति बाइक नदीम व आसिफ दिया करते थे।

> सल्लिया के पास बंद पड़े ईंट भट्ठे के अंदर चोरी की बाइक काटते समय तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इन लोगों के पास से चोरी की गईं बाइकें और नगदी, मोबाइल व वाहन काटने के उपकरण बरामद किए गए हैं। इन लोगों के एक साथी की तलाश की जा रही है। -**संजय कुमार**, एएसपी सिटी

नगद,एक मोबाइल एंड्राइड, एक मोबाइल कीपैड, रिंच, हथौड़ा और आरी बरामद हुई। इसके अतिरिक्त अभियुक्तों से रोजा क्षेत्र से चोरी की गई एक और बाइक शाहबाद, हरदोई से बरामद की। नूर मोहम्मद इन दिनों शहर के थाना सदर बाजार की शांतिपुरम कॉलोनी शहवाज नगर में रह रहा है। आरोपियों को अग्रिम विधिक कार्रवाई के पश्चात न्यायालय में पेश किया गया। जहां से तीनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। पुलिस को पकड़े गए अभियुक्तों के एक साथी वाजिदखैर पक्काबाग थाना शाहबाद निवासी नदीम उर्फ नजीम की तलाश है।

## वांछित गिरफ्तार

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** निगोही प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि अभियुक्त राम रहीस निवासी बरीलालपुर थाना निगोही के खिलाफ कई मामलों में रिपोर्ट दर्ज थी। पुलिस ने शुक्रवार को गांव से आरोपी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। इधर कांट के उप निरीक्षक राम सुंदर यादव ने बताया कि आरोपी अवनीश निवासी वमनी थाना परौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया गया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# स्कूल जा रही छात्रा को बाइक सवार ने मारी टक्कर

संवाददाता, पुवायां

**अमृत विचार:** साइकिल से स्कूल जा रही छात्रा को बाइक सवार ने टक्कर मार दी, जिसके बाद छात्रा के ऊपर से बाइक निकाल कर मौके से भाग गया। घायल को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया।

बरगदिया गांव के भगवान शरण की पुत्री अंजना देवी(12) राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में कक्षा-8 में पढ़ती है। शुक्रवार सुबह अंजना साइकिल से स्कूल के लिए निकली थी। पुवायां पहुंचते ही राजीव चौक से



छात्रा अंजना देवी

पहले खुटार रोड पर एक बाइक सवार ने टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर से छात्रा जमीन पर गिर गई। इसके बाद बाइक सवार एकदम हड़बड़ाते हुए छात्रा के ऊपर से बाइक निकालकर मौके से भाग गया। इसके बाद 112 पुलिस ने छात्रा को अस्पताल में भर्ती कराया। जानकारी पर छात्रा के माता-पिता, बहन पुष्पा और भाई कपिल भी अस्पताल पहुंच गए। घायल छात्रा अंजना की बहन पुष्पा ने बताया कि शुक्रवार को उसकी तबीयत ठीक नहीं थी इसलिए वह स्कूल नहीं आई, नहीं तो वह रोज छोटी बहन अंजना के साथ स्कूल जाती है और वह उसी स्कूल में कक्षा 11वीं की छात्रा है।

## एक नजर

### हादसे में घायल व्यक्ति की अस्पताल में मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कटरा क्षेत्र में एक ग्रामीण सड़क पार करते समय रोडवेज बस से टकराकर घायल हो गया था। घायल की बरेली के एक अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। बदायूं जिले के गांव विरामपुर निवासी कौशल कुमार(25) के मामा कटरा में रहते है। वह उनके घर आया हुआ था। एक सप्ताह पूर्व वह शाम को हाइवे पर सड़क पार कर रहा था। अचानक रोडवेज की बस से टकराकर घायल हो गया था। चालक बस लेकर भाग गया था। घायल को सीएचसी पर लाया गया था। डाक्टर ने घायल को रेफर कर दिया था। परिवार वालों ने उसे बरेली के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। गुरुवार की शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। कटरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया।

### सर्प ने डसा, झाड़फूंक में चली गई युवक की जान

**खुटार, अमृत विचार :** पीलीभीत के कस्बा सेहरामऊ उत्तरी के गांव हमीरपुर निवासी रूपराम (42) शुक्रवार सुबह दस बजे जानवरों के लिए चारा लेने खेत पर गया था। वह खेत में गन्ना की पत्तियां निकाल रहे थे। उसी समय एक सर्प ने पैर में डस लिया। इसके बाद परिजनों को सूचना दी। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और बंडा क्षेत्र में सुनासिरनाथ के साथ ही सेहरामऊ उत्तरी के गांव खांडेपुर में झाड़फूंक करने वाले के यहां ले गए और काफी देर तक झाड़फूंक कराते रहे। लेकिन रूपराम की हालत गंभीर में कोई सुधार नहीं होने पर परिजन उसे लेकर खुटार सीएचसी पहुंचे। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना घर पहुंची तो कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### डीएम ने अभय राज को किया जिला बदर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम उमेश प्रताप सिंह ने सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला तारीनबहादुरगंज निवासी अभय राज गुप्ता को छह माह के लिए जिला बदर की कार्रवाई की है। बता दें कि पीडब्लूडी ठेकेदार राकेश यादव की कई साल पहले हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने अभय राज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस आरोपी अभय राज को गिरफ्तार करके चालान कर दिया था, जो जेल से जमानत पर छूटकर आया है। अभी उसके खिलाफ एक और मुकदमा थाना सदर बाजार में दर्ज हुआ था। डीएम ने पुलिस की आख्या को संज्ञान में लेते हुए उसे छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है। पुलिस प्रशासन को आदेश दिए कि उसके आवास पर नोटिस चस्पा किया जाए और जिले की सीमा में न रहे।

# रोडवेज चालक को पीटा तोड़ दिए बस के शीशे

संवाददाता, तिलहर

- चालक की तहरीर पर तीन अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** हाईवे पर ओवरटेक के दौरान रोडवेज बस का कट लगने से नाराज कार सवार तीन युवकों ने बस चालक की पिटाई कर दी और पथराव कर बस के शीशे तोड़ दिए। पुलिस ने चालक की तहरीर पर तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार को कब्जे में ले लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बरेली के फरीदपुर निवासी महेशपाल रोडवेज बस में चालक है, वह गुरुवार दोपहर करीब एक बजे बस लखनऊ से शाहजहांपुर होते हुए बरेली की ओर जा रही थी, तिलहर पहुंचने पर बस ने कार को ओवरटेक करते हुए कट मार दिया। इससे कार सवार तीन युवक नाराज हो गए और उन्होंने कार को तेजी से आगे निकाल कर बस के आगे लगा दिया और इसके बाद चालक को बस से खींच कर उसकी पिटाई करनी शुरू कर दी। इस दौरान बस पर पथराव कर उसके शीशे भी तोड़ दिए। इस



बस में पथराव के बाद टूटे शीशे।

> चालक की तहरीर पर तीन अज्ञात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई और कार को कब्जे में ले लिया गया है। मारपीट करने वाले युवक ट्रेस हो गए हैं, उनकी गिरफ्तारी के प्रयास चल रहे हैं, उन्हें जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। -**प्रयांक जैन**, सीओ

घटना का कुछ लोगों ने वीडियो भी बना लिया। जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## बंदरों के हमले में छत से गिरकर युवक की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** कहेलिया गांव में एक युवक छत पर कपड़े उतारने के लिए गया। बंदरों का झुंड छत पर बैठा था, जो उसके ऊपर दौड़ पड़ा। जिससे वह घबराकर घर के किनारे सड़क पर गिर गया, जिससे वह घायल हो गया। परिवार वाले उसे मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया।



मृतक अंकित।

सेहरामऊ दक्षिणी के गांव कहेलिया निवासी अंकित कुमार(30) गुरुवार की सुबह दो मंजिल की छत पर धूप में कपड़े डाल आया था। वह शाम छह बजे छत पर कपड़े उतारने के लिए गया। उसने देखा कि बंदरों का झुंड छत पर एक किनारे पर बैठा हुआ था। वह कपड़े उतारने लगा। इसी बीच बंदर उसके ऊपर दौड़ पड़े जिससे वह घबरा गया और छत से नीचे साइड में सीसी रोड पर गिर गया। सिर में चोट लगने पर बेहोश हो गए। परिवार वाले छत पर गए और बंदरों को भगाया। परिवार वाले घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज आए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में भारी संख्या में बंदर है और कई लोगों को काटकर घायल कर चुके है। वन विभाग को कई बार शिकायत की गई। वन विभाग ने बंदरों को पकड़ने का प्रयास किया। मृतक अंकित कुमार मजदूरी करता था। उसकी पत्नी का नाम मैना देवी और दो बेटे शिवम व शानू है। मौत से परिवार में रोना पीटना मच गया।

## होमगार्ड की गश्त के दौरान हार्ट अटैक से मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** होमगार्ड को गश्त पर अचानक सीने में दर्द उठा। सिपाही उसे पीएचसी लेकर आए। जहां उसे मृत घोषित कर दिया। तिलहर थाना क्षेत्र के गांव राजनपुर निवासी नरेशपाल (57) होमगार्ड था। उसकी पोस्टिंग मदनापुर थाना में थी। उसकी सिपाहियों के साथ गुरुवार रात में बुधवाना रोड पर गश्त ड्यूटी थी। होमगार्ड के रात में 11 बजे सीने में दर्द उठा। सिपाही उसे मदनापुर पीएचसी पर लेकर आए। डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर देर रात उसका परिवार थाना पर पहुंच गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी हार्ट अटैक से मौत हुई है। उसकी पत्नी का नाम रामवती है और कोई संतान नहीं थी। मौत की खबर से उसकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# जहरीला पदार्थ खाकर महिला ने जान देने का किया प्रयास

संवाददाता, खुटार

- रिश्तेदारों ने महिला को खुटार सीएचसी में कराया भर्ती
- रेफर के बाद अब निजी अस्पताल में चल रहा इलाज

**अमृत विचार:** ई-रिक्शा पर सवार महिला ने जहरीला पदार्थ का सेवन कर जान देने का प्रयास किया। उसके बच्चों ने खुटार में रहने वाले रिश्तेदारों को मोबाइल फोन से सूचना देकर बुला लिया और खुटार सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया लेकिन रिश्तेदार महिला की हालत गंभीर देख उसे निजी अस्पताल लेकर चले गए।

लखीमपुर खीरी के कस्बा मैलानी के गांव बुझिया निवासी ममता देवी(30) अपने आठ और पांच साल के दो बच्चों के साथ शुक्रवार दोपहर करीब डेढ़ बजे खुटार में रहने वाली ननद के घर ई रिक्शा से आ रही थी। इस दौरान ममता ने गोला रोड पर ई रिक्शा पर ही किसी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। जिससे हालत

> गंभीर हालत में महिला को अस्पताल लाया गया था। जिसने जहरीले पदार्थ का सेवन किया था। हालत गंभीर देख महिला को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। -**डॉ. तरुण कुमार**, सीएचसी खुटार

खराब हो गई। ई रिक्शा चालक ने उन दोनों बच्चों से जानकारी करने के बाद खुटार में रह रही ननद को दी। इसके बाद रिश्तेदार पहुंचे और खुटार के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

जहां डॉक्टर ने हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन रिश्तेदार खुटार निजी अस्पताल लेकर चले गए। उधर, रिश्तेदारों ने बताया कि



गंभीर हालत में महिला को अस्पताल लेकर पहुंचे बच्चे व रिश्तेदार।

ममता की शादी खीरी के कस्बा फरधान के गांव कैहमारा निवासी विदेश से हुई थी।

करीब आठ-नौ साल पहले विदेश की मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद ममता दोनों बच्चों के साथ मायके में रहने लगी। शुक्रवार को ई रिक्शा से ननद के घर आ रही थी। तभी जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। माना जा रहा है पति की मौत के बाद दोनों बच्चों की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आ गई और घर से काफी परेशान रहने लगी। इससे तंग आकर यह कदम उठाया। हालांकि, हालत अब खतरे से बाहर बताई जा रही है।

### विवाहिता को जान से मारने का प्रयास

**जलालाबाद, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव पीरु निवासी सोनम सिंह ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसकी गांव निवासी देवेंद्र सिंह के साथ शादी हुई थी। ससुराल वाले उसकी जमीन हड़पने की नीयत से साजिश करके उसे मारना चाहते हैं। 25 अगस्त की रात ससुरालियों ने उसे मारपीटा और गला दबाकर, चाकू से हत्या करने का प्रयास किया, जिससे वह घायल हो गई। पीड़िता ने ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।



## ट्रेन से कटकर महिला की मौत, शिनाख्त नहीं

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन पर स्टार्टर सिग्नल के पास रेल लाइन पार करते समय ट्रेन से टकराकर महिला की कटकर मौत हो गई। इस दौरान राप्ती गंगा एक्सप्रेस 20 मिनट खड़ी रही। गुरुवार की रात पौने 11 बजे एक महिला स्टेशन से कुछ दूरी पर तेल टंकी मोड़ पर स्टार्टर सिग्नल के पास रेल लाइन पार कर रही थी। लखनऊ की ओर जा रही ट्रेन की चपेट में आकर उसकी कटकर मौत हो गई। जीआरपी के उप निरीक्षक मोहम्मद जाहिद सिद्दीकी सिपाहियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को रेल लाइन से किनारे किया। मृतका की उम्र 55 साल है और मटमैली रंग की साड़ी पहने हुए थी। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।


AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE


### ट्रैक्टर-ट्रॉली में ट्रक ने मारी टक्कर, पांच श्रद्धालु घायल

**कलान, अमृत विचार :** मथुरा से कृष्णा जन्माष्टमी मनाकर घर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली को स्टेट हाईवे बदायूं फर्रुखाबाद मार्ग पर स्थित गांव सेठा के पास गुरुवार शाम को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे ट्रॉली पलट गई और चीख पुकार शुरू हो गई। कलान पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार घायल मिर्जापुर थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगायूसूफपुर निवासी आरेंद्र, सरैईया निवासी रेशमा, उपासना पुत्री भंवरपाल, कस्बा मिर्जापुर निवासी राजेश्वरी पत्नी हरनाथ, मोहनपुर निवासी चिरैया देवी पत्नी रामखरे को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा।

### बुखार से दो लोगों की मौत

**जलालाबाद, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बाबूनागर निवासी मनोज कश्यप को चार दिन पहले बुखार आ रहा था। फर्रुखवाद के एक निजी अस्पताल में फायदा नहीं होने पर बरेली ले जा रहे थे, रात तीन बजे उनकी मृत्यु हो गई। इसके अलावा नईमा बेगम पत्नी नवाब अली निवासी याकूबपुर की गुरुवार को मृत्यु हो गई। मृतक नईमा बेगम के पुत्र मोहम्मद लाईक ने बताया पिछले दो दिन से बुखार आ रहा था।

### मुखबिर की सूचना पर दो वारंटी गिरफ्तार

**कांट, अमृत विचार :** अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम एवं वांछित वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर दो वारंटी रोहित व श्यामू निवासी रत्नापुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### जलालाबाद जेई के खिलाफ जांच शुरू

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** जलालाबाद विद्युत उपकेंद्र के जेई पर गांव पुरेना के कुछ ग्रामीणों ने निजी ट्यूबवेल कनेक्शन के नाम पर 35 से 40 हजार रुपये लेने का आरोप लगाया है। इस मामले की शिकायत ग्रामीणों ने ददरौल क्षेत्र से विधायक अरविंद सिंह से की थी, जिस पर उन्होंने जेई की शिकायत प्रभारी मंत्री नरेंद्र कश्यप से की थी और विद्युत विभाग के मध्यांचल के एमडी को भी पत्र लिखा। एमडी ने मामले की जांच बरेली के मुख्य अभियंता को सौंपी है। वहीं तिलहर में विद्युत उपकेंद्र पर शिकायत लेकर गए ग्रामीणों के साथ विद्युत कर्मचारी ने अभद्रता कर दी। जिसका वीडियो वायरल हो रहा है।

### आनंद हिंदू युवा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत

**खुटार, अमृत विचार :** हिंदू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (अ) की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्र ने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए खुटार द्वितीय से जिला पंचायत सदस्य आनंद पटेल को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जिला पंचायत सदस्य आनंद पटेल के संगठन में आने से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।

## शिक्षामित्रों से अवैध रूप से वसूली करने का आरोप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश उपाध्यक्ष यदुवीर सिंह यादव ने कहा है कि कुछ तथाकथित शिक्षामित्र बिना किसी संगठन की रसीदें लेकर मिर्जापुर समेत अन्य विकास खंडों में विद्यालयों में जाकर शिक्षामित्रों से पांच-पांच सौ रुपये की जबरन मांग कर रहे हैं। जिलाध्यक्ष ने कहा कि इतना ही नहीं ये लोग शिक्षामित्रों को उनके व्यक्तिगत व्हाट्सएप नंबरों पर मैसेज भेज कर भी रुपयों की मांग कर रहे हैं। ऐसी तुच्छ व दलाल मानसिकता के लोग शिक्षामित्र को बदनाम करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों को चिन्हित कर शीघ्र ही डीएम, एसपी और बीएसए से मुलाकात कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराई जाएगी। बिना रसीद के किसी भी शिक्षामित्र से चंदा लेना अवैध वसूली की श्रेणी में आता है, जिसे संगठन कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। शिक्षामित्र ऐसे लोगों से सावधान भी रहें। यदुवीर सिंह ने शिक्षामित्रों का आह्वान किया है कि पांच जुलाई को शिक्षक दिवस पर लखनऊ में होने वाले धरना-प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों।

# तेंदुए ने कुत्ते को बनाया निवाला, दहशत में लोग

संवाददाता, खुटार

**अमृत विचार:** गांव झदिया दियूरिया में फार्म हाउस पर तेंदुए ने एक कुत्ते को निवाला बना लिया और उसे घसीट कर गन्ने के खेत में ले गया। वन विभाग टीम ने कुत्ते का अधखाया शव गन्ने के खेत से बरामद किया है। इससे पहले में भी दो कुत्तों का शिकार कर चुका है। जिससे दहशत फैली हुई है। उधर, वनकर्मियों ने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

क्षेत्र के गांव झदिया दियूरिया निवासी मोहन सिंह का गांव के किनारे फार्म है। वह अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके घर दो कुत्ते भी पले हैं। शुक्रवार तड़के एक कुत्ता फार्म हाउस के बाहर भौंक रहा था। तभी उन्होने उठकर देखा, तो उनकी नजर फार्म हाउस के बाहर खड़े तेंदुआ पर गई। शोर मचाया तो तेंदुआ ने कुत्ते पर हमला कर दिया और उसे घसीटते हुए पड़ोस के गन्ने के खेत में ले गया। जहां उसका निवाला बना लिया। मोहन सिंह ने सुबह जानकारी वन विभाग को दी। सूचना पर वन दरोगा संजीव कुमार अन्य वनकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां पगचिन्हों को ट्रेस किया। गन्ने के अंदर पहुंच कर देखा। कुत्ते का अधखाया शव पड़ा मिला और

### इससे पहले दो और कुत्तों का कर चुका है शिकार

गांव झदिया दियूरिया निवासी कुलदीप सिंह के घर में चार नवंबर 2022 और 2024 को मार्च माह में तेंदुआ फार्म हाउस पर पहुंच था और कुत्ते का शिकार कर लिया। वन विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर पगचिन्हों को ट्रेस किया था। अब फिर से शुक्रवार सुबह तेंदुआ ने कुत्ते पर हमला कर मार डाला है।

### बोले लोग, गन्ने के खेत में छिपा है तेंदुआ

लोगों ने बताया कि तेंदुआ आसपास गन्ने के खेत में छिपा है। इससे किसी भी समय हमला कर सकता है। जिससे जान जाने का खतरा है। इससे किसान, श्रमिक खेतों की ओर नहीं पहुंच पा रहे है। ग्रामीणों ने खदड़ने की मांग की है।

> सूचना पर वनकर्मियों को मौके पर भेजा गया था। पगचिन्ह ट्रेस कराए गए हैं, साथ ही किसानों से सतर्कता बरतने की अपील भी की गई है। - **मनोज श्रीवास्तव**, रेंजर खुटार

उसके आसपास तेंदुआ के पैरों के निशान मिले। इसके बाद वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने की अपील की। साथ ही खेतों की ओर शाम और सुबह तड़के समूह बनाकर जाने की अपील की है।


वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
N.H.-24 बंथरा, शाहजहाँपुर के
चर्म रोग विभाग में विदेशी व अत्याधुनिक मशीनों द्वारा निम्नलिखित रोगों के इलाज की सुविधा
अनचाहे बालों को हटाना
दाग, धब्बे, मुहाँसे के निशान, चोट के निशान हटाना
त्वचा का कायाकल्प
सफेद धब्बे का इलाज
मस्सों को हटाना, तिल को हटाना
गंजेपन व बालों के झड़ने का इलाज
कील, मुहासे का इलाज
जन्मजात निशान हटाना व अन्य सभी प्रकार के चर्म रोगों का उपचार विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा
अधिक जानकारी के लिये सम्पर्क करें :- मो. 7521001988, 7521001989

# बेघरों को पीएम आवास देने की तैयारी, नए सिरे से सर्वे शुरू

## सीडीओ ने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की बदली व्यवस्था की जानकारी दी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** ग्रामीण अंचलों के बेघरों के लिए राहत भरी खबर है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में उनको पक्का घर मिल सकेगा। इसके लिए जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में सर्वे कराकर नई सूची बनाई जाएगी। यही नहीं अभी तक बाइक, फ्रिज या फिर घर में फोन लगा होने पर पात्रता सूची से बाहर गरीबों को भी अपात्र माना जाएगा। यह जानकारी मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह ने शुक्रवार को गांधी सभागार में जिला स्तरीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में दी। सभी बीडीओ को इस प्रक्रिया को शुरू करने के निर्देश दिए।



गांधी सभागार में आवास योजना संबंधी जानकारी देते सीडीओ केके सिंह। ● अमृत विचार

दरअसल, ग्रामीण क्षेत्रों में जरूरतमंद और पात्र लोगों को घर मुहैया कराने के उद्देश्य से करीब एक दशक पूर्व पीएम आवास योजना शुरू की गई थी। इसके तहत बेघरों को पक्की छत उपलब्ध कराई गई थी। साल 2018 में आवास प्लस के तहत हुए सर्वे में चयनित पात्रों को योजना का लाभ दिया गया था। अब शासन ने फिर कुछ बदलावों के साथ योजना के लिए सर्वे कराने के आदेश जारी किए हैं। इस संबंध में शुक्रवार को गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह कीअध्यक्षता में हुई बैठक हुई। जिसमें जनपद के ब्लाक प्रमुखों, प्रधानों, बीडीओ और जनपद स्तरीय अधिकारियों आवास योजना की बदली व्यवस्था की जानकारी दी।

बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 2024-25 से 2028-29 के आगामी चरण के लिए योजना का सर्वे कराया जा रहा है। इसके तहत 2018 की सूची में शामिल पात्र, जिन्हें उस समय आवास नहीं मिला पाया है उन्हें भी इसमें जोड़ा जाएगा। इसके लेकर जहां ग्राम पंचायतों में बैठकें होंगी वहीं, ब्लाक स्तर पर भी इसके प्रचार प्रसार के लिए बैठक प्रस्तावित हैं। सीडीओ ने

- कहा- अब बाइक- फ्रिज वालों को भी मिल सकेगा सरकार की महत्वकांक्षी योजना का लाभ

बताया पूर्व में अपात्रता के मानकों में दो पहिया वाहन, लैंडलाइन फोन, रेफ्रिजरेटर आदि शामिल थे, वर्तमान में इन्हें अपात्रता के मानकों से हटाकर शामिल कर लिया है।

ग्राम पंचायत स्तर पर रजिस्टर बनाया जाएगा। जिसमें पात्र परिवार के चयन से जुड़े सभी पहलुओं की जानकारी दर्ज होगी। सर्वे में किसका नाम है, उसकी पात्रता की स्थिति क्या है, ये सब दर्ज होगा, जिससे पारदर्शी व्यवस्था बनी रहे। वहीं, परिवार का कोई सदस्य अगर 15 हजार रुपये प्रति माह कमा रहा हो तो वह अपात्र माने जाएंगे। पिछले सर्वे में 10 हजार रुपये मासिक आय की शर्त थी। सर्वे में चिह्नित पात्रों के नाम पोर्टल पर फीड होने के बाद बीडीओ की इसकी जांच करेंगे।

### ये होंगे योजना में पात्र

आश्रय विहीन परिवार, बेसहारा अथवा भीख मांग कर जीवन यापन करने वाले लोग, हाथ से मैला ढोने वाले, जनजातीय समूह, वैधानिक रूप से मुक्त कराए गए बंधुआ मजदूर

### ये नहीं ले सकेंगे पीएम आवास योजना का लाभ

मोटर युक्त तिपहिया अथवा चौपहिया वाहन धारक, तिपहिया अथवा चौपहिया कृषि उपकरण धारक, 50 हजार रुपये अथवा इससे अधिक केसीसी कार्ड धारक, ऐसा परिवार जिसमें कोई सदस्य सरकारी कर्मचारी हो, ऐसा परिवार जिसका कोई सदस्य 15 हजार रुपये मासिक से अधिक कमाता हो, आयकर देने वाले परिवार, व्यवसाय कर देने वाले परिवार, ऐसे परिवार जिनके पास 2 .5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि हो, ऐसे परिवार जिनके पास पांच एकड़ या उससे अधिक असिंचित भूमि हो

# दुष्कर्म का आरोप लगा होटल संचालक से वसूले पांच हजार

संवाददाता, पूरनपुर

- रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी महिला और उसके पति को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अमृत विचार:** एक महिला और उसके पति ने होटल संचालक को दुष्कर्म के मुकदमे में फंसाने का आरोप लगा धमकाया और जेल भिजवाने का डर दिखकर पांच हजार रुपये ऐंठ लिए। शिकायत पर पुलिस ने जांच की तो मामला सही निकला। पुलिस ने धमकाने वाली महिला, उसके पति को जेल भेज दिया।

नगर के मोहल्ला साहूकारा लाइनपार के नौशाद अहमद की धनाराघाट रोड पर चाय समोसे की दुकान है। बीते बुधवार को उनकी दुकान पर बरखेड़ा क्षेत्र की एक महिला समोसा लेने पहुंची। आरोप है भीड़ होने पर नौशाद ने महिला से कुछ देर रुकने को कहा। इस पर वह गाली गलौज करने लगी। उसने दुकान संचालक नौशाद को झूठे मुकदमें में जेल भिजवाने की धमकी दी। महिला ने कोतवाली पहुंचकर नौशाद की दुकान पर नाक का फूल गिरने और उस पर छेड़छाड करने की शिकायत कर दी। बुधवार देर शाम महिला अपने पति के साथ नौशाद की दुकान पर पहुंची और पांच हजार रुपये समझौते के नाम पर ले लिए। इसके बाद महिला ने पुलिस से भी छेड़छाड की शिकायत कर दी।

पुलिस ने जांच पड़ताल की तो सच्चाई सामने आ गई। महिला ने दुकान संचालक नौशाद को धमकाकर पांच हजार लिए थे। पुलिस ने धमकाने महिला और उसके पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। कस्बा इंचार्ज प्रद्युमन कुमार ने बताया कि दो लोगों में मुकदमा चल रहा है। एक व्यक्ति ने दूसरे को फंसवाने के लिए षडयंत्र बनाया लेकिन वह सफल नहीं हो सके। दुकान संचालक से रुपए लेने वाली महिला और उसके पति को जेल भेज दिया है।

रोहिलखण्ड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल
ROHILKHAND AYURVEDIC MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL BAREILLY Excellence towards profession
पता: सेक्टर -7, रामगंगा नगर योजना, डोहरा रोड, बरेली मो. 8077808309
फ्री कैम्प 2 सितम्बर से 7 सितम्बर 2024 तक
कायचिकित्सा विभाग :- शुगर, रक्तचाप व हृदय सम्बन्धित रोग, फैटी लीवर, हैपेटाइटिस एवं पेट सम्बन्धित रोग, त्वचा रोग, बालों का झड़ना, मोटापा, सिरदर्द, माइग्रेन, मुँह टेढ़ा होना, फालिज, नस सम्बन्धित बीमारियाँ तथा मलेरिया, टायफायड, डेंगू तथा जीर्ण ज्वर एवं सभी प्रकार के जोड़ो के दर्द, गठिया, स्पांडिलाइटिस, सियाटिका का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
शल्यतंत्र विभाग :- बवासीर, भगन्दर व फिशर का क्षार-सूत्र विधि द्वारा सफल इलाज, पैरों की नसों में नीलापन/सूजन वेरीकोज वेन्स, कोर्न, कुठारी/पैर के तल में गांठ, चर्बी की गांठ, सिस्ट और पुराने से पुराने जख्म का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पंचकर्म विभाग :- शरीर की अशुद्धियों को दूर करना (Detoxification) फालिज, सियाटिका, गठिया का स्वेदन, शिरोधारा, बस्ति, जलौका, वमन, नस्य आदि प्रक्रिया द्वारा इलाज
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग :-बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढाने के लिये स्वर्ण प्राशन संस्कार, हाइट बढ़ाना, ऑटिज्म (Autism), loss of concentration या ADHD विकार तथा वंशानुगत मांसपेशी विकार, मायोपैथी आदि बीमारियों का आयुर्वेदिक इलाज
शालाक्य तंत्र विभाग :- तर्पण विधि द्वारा बच्चों के नज़र के चश्मे का नम्बर कम करना । नाक के अन्दर मांस बढ़ जाना व कान के पर्दे के छेद का आयुर्वेदिक औषधियों द्वारा बिना ऑपरेशन सफल इलाज
गले, कान, नाक व आँख के रोग का इलाज
प्रसूति एंव स्त्री रोग विभाग :- नार्मल डिलीवरी, रसौली, बच्चेदानी के मुख का घाव/सूजन, PCOD, श्वेत प्रदर, स्तन में गांठ आदि रोगों का आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग :- ततैया/बर्र, मधुमक्खी/बरसाती कीड़ा, काटने पर आयुर्वेदिक दवाईयों द्वारा इलाज
पथ्य (डाईट) व योग सम्बन्धित जानकारी
ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन एवं शुगर की निःशुल्क जाँच तथा शेष जाँचो में छूट
निः शुल्क परामर्श
उपलब्ध सुविधाये :-
X-RAY, ULTRASOUND, BLOOD TEST, ECG
कायचिकित्सा विभाग
शल्यतंत्र विभाग
पंचकर्म विभाग
कौमारभृत्य/बाल रोग विभाग
शालाक्य तंत्र विभाग
प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग
अगद तंत्र एवं स्वस्थवृत्त विभाग

# कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार:** कोर्ट के आदेश पर न्यूरिया पुलिस ने ग्राम पंडरी के भीमसेन की ओर से धोखाधड़ी, आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में गांव की सोनम देवी और उसके पति दुर्गा प्रसाद को आरोपी बनाया है।

पीड़िता ने बताया कि गांव के पूर्व प्रधान ओमवती के भतीजे दुर्गा प्रसाद की पत्नी सोनम देवी के नाम पर सरकारी राशन की दुकान है। आरोप है दुकान पर यह लोगों के राशन कार्ड जबरन अपने पास रखती है। इसकी शिकायत अफसरों से करने पर राशन देने से वंचित रखने की बात कहती है।आरोप है कि सरकारी राशन की महिला और उसके परिजन कालाबाजारी करते हैं। इतना ही नहीं कि जालसाजी कर उसने एक ही व्यक्ति के दो से तीन कार्ड बनवा दिए हैं। इसको लेकर कई बार पूर्व में शिकायत की गई लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# शिकायतों को जानबूझकर दबाकर रखने वाला बाबू निलंबित

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीपीआरओ ने बिना कारण बताए सप्ताह भर से नदारद रहने पर की कार्रवाई
- मरौरी ब्लाक कार्यालय से किया गया सम्बद्ध, विभाग में खलबली

**अमृत विचार:** शिकायतों का जानबूझकर दबाए बैठे और बगैर सूचना कार्यालय से नदारद चल रहे डीपीआरओ कार्यालय के कनिष्ठ सहायक यानी बाबू पर आखिरकार गाज गिर ही गई। जिला पंचायत राज अधिकारी ने उसे निलंबित कर मरौरी ब्लॉक से सम्बद्ध करते हुए मामले की जांच मरौरी के एडीओ पंचायत को सौंपी है। बाबू पर विभागीय कार्यों को भी जान बूझकर अटकाने सहित अन्य कई गंभीर आरोप लगे हैं।

पंचायत विभाग में भूपेंद्र कुमार कनिष्ठ सहायक के पद पर तैनात है। कनिष्ठ सहायक 24 अगस्त से बगैर अवकाश लिए नदारद चल रहे है। बताते हैं कि ग्राम पंचायत लिपिक पटल पर रहते हुए ग्राम प्रधान और सचिवों के विरुद्ध शपथ पत्रों पर की गई शिकायती पत्रों को अपने स्तर पर जानबूझ लंबित रखे हुए हैं। कनिष्ठ सहायक द्वारा ग्राम पंचायत फिरसा चुर्राह, परसिया, अमखेड़ा, ईटगांव, नांद, सैदपुर, रसाया खानपुर, चुर्रासकतपुर, तिलसंडा हसौआ, पंडरी आदि ग्राम पंचायतों की जांच अधिकारी से जांच आख्या काफी पहले लेने के बाद भी उन्हें अपने स्तर पर जानबूझकर लंबित रखा गया है। इतना ही नहीं कनिष्ठ सहायक मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री एवं शासन स्तर से प्राप्त संदर्भों का भी समय से निस्तारण न कर अपने स्तर से लंबित रखे हुए हैं। कनिष्ठ सहायक द्वारा पेंशन एवं अन्य देयकों का समय से निस्तारण भी नहीं कराया जा रहा है, जिसके चलते मृत सफाई कर्मियों के आश्रितों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। लगातार चेतावनी के बाद भी कनिष्ठ सहायक ने अपना रवैय्या नहीं बदला। इधर उच्चाधिकारियों के आदेशों की लगातार अवेहलना करने, कार्यो में लापरवाही बरतने एवं बगैर सूचना दिए कार्यालय में लगातार अनुपस्थित रहने पर जिला पंचायत राज अधिकारी सतीश कुमार ने कनिष्ठ सहायक भूपेंद्र कुमार को निलंबित कर दिया। कनिष्ठ सहायक के निलंबन की जानकारी पर महकमे में खासी खलबली मची हुई है।

> लगातार निर्देशों के बाद भी कनिष्ठ सहायक द्वारा लापरवाही बरती जा रही थी। विभिन्न आरोपों पर कनिष्ठ सहायक को निलंबित किया गया है। निलंबित कनिष्ठ सहायक को मरौरी ब्लॉक से सम्बद्ध करते हुए मामले की जांच मरौरी के एडीओ पंचायत को दी गई है। – **सतीश कुमार,** जिला पंचायत राज अधिकारी

### ठेकेदार ने कार्यालय में घुसकर बीडीओ को धमकाया

- मनरेगा कार्य के भुगतान की फाइल पास न होने से था नाराज

**पूरनपुर , अमृत विचार :** मनरेगा द्वारा कराए गए कार्यो के भुगतान की फाइल पास न होने पर एक ठेकेदार ने कार्यालय में घुसकर बीडीओ के साथ अभद्रता करते हुए धमकाया। इसको लेकर हंगामा होने लगा। जानकारी लगते ही सचिव सहित अन्य कर्मचारी पहुंच गए और नाराजगी व्यक्त की। बीडीओ के साथ सभी सचिवों ने कार्य बहिष्कार कर दिया और डीएम से शिकायत की। खंड विकास अधिकारी शिरीष वर्मा शुक्रवार को अपने कार्यालय में बैठकर विभागीय कार्य निपटा रहे थे। बताते हैं कि इस दौरान एक ठेकेदार उनके कार्यालय में कुछ लोगों के साथ पहुंच गया। उसने मनरेगा कार्यों के भुगतान की जानकारी ली। बीडीओ ने कहा कि सभी क्रमानुसार लगाई जा रही हैं। उसी के अनुसार भुगतान कराया जाएगा। आरोप है कि सत्ताधारी नेता का करीबी बताते हुए ठेकेदार ने रुतबा दिखाते हुए बीडीओ से अपनी फाइल पहले न लगाने को लेकर गाली गलौज की। आरोप है बीडीओ के साथ अभद्रता करते हुए गोली मारने की धमकी दी। शोरशराबा होने पर कर्मचारी और पंचायत सचिव बीडीओ कार्यालय पहुंच गए। कर्मचारियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए विरोध किया। इस पर हंगामा होने लगा। ठेकेदार के अभद्रता करने से नाराज कर्मचारी और सचिवों ने कार्य बहिष्कार कर दिया। बीडीओ शिरीष कुमार वर्मा कई सचिवो को साथ डीएम से शिकायत करने के लिए पीलीभीत गए। घटना चर्चा का विषय बनी रही।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Bareilly International University
{Established under Govt. of U.P. Act No. 26 of 2016, and approved by University Grant Commission u/s. 2 (f) of UGC Act 1956}
Excelled in
CUET?
Join the Courses:
ADMISSIONS OPEN 2024
ONLINE REGISTRATION https://admissions.biuerp.com/
Courses Available
Under Graduate Courses
- BBA— Finance & Taxation
- B.Com (Hons)
- BCA— IT & Multimedia
- B.A. — Journalism
- B.A. — Mass Communication
- B. Pharm
- B.Sc. Forensic Sciences
- Post Basic B.Sc. Nursing
Diploma Courses
- X-Ray Technician
- MRI Technician
- Emergency & Trauma Care
- Dialysis Technician
- D. Pharm
- Dental Mechanics
- Dental Hygienist
Post Graduate Courses
- M.Com
- M.A. — Pol. Science
- MBA
- MHA
- MPH
- M.A. — English
- M.A. — Hindi
- M.A. — Psychology
- M.A. — Sociology
- M.A. — Journalism
- M.A. — Mass Communication
- M. Pharm (Pharmaceutics / Pharmacology)
- M.Sc. Forensic Sciences
- M.Sc. Medical Sciences
- M.Sc. Clinical Embryology
- Use of integrated pedagogy to train students in the art of interpretation and understanding.
- Use of present-day techniques for transforming imagination, reasoning and thought patterns.
- Use of experimental methods and research tools for teaching-learning process.
Contact for More Details
Admission Cell, Administrative Block
Rohilkhand Medical College and Hospital Campus, BIU
Pilibhit Bypass Road Bareilly-243006 (UP) India
Web: www.biu.edu.in
Email: admission@biu.edu.in
Admission Cell: 9105500202, 9105500404

प्रवेश प्रारंभ
VARUN ARJUN UNIVERSITY
VAMRCH
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
| --- | --- | --- |
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
| --- | --- | --- |
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

### नगदी और बाइक न मिलने पर विवाहिता को निकाला

**बीसलपुर, अमृत विचार:** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर विवाहिता को ससुराल वालों ने मारा पीटा और उसको घर से निकाल दिया।

ग्राम बसरा के जयराम की पुत्री अमरवती ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी शादी पांच अगस्त 2021 को शाहजहांपुर जनपद के ग्राम सिकंदरपुर के रहने वाले हरपाल आर्य के पुत्र पिंटू से हुई थी। मायके वालों की ओर से दिए गए दहेज से ससुराल वाले संतुष्ट नहीं थे। दो लाख रुपये और बाइक की मांग की जा रही थी। इसके पूरा न होने पर पति पिंटू आर्य , सास आशा देवी, देवर अमन आर्य, जेठ उमाकांत, जेठानी आरती, ननद रूपा देवी, नंदोई कुलदीप ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
मैंने अपनी पत्नी मुन्नी रस्तोगी वह पुत्र अभिषेक रस्तोगी को गलत आचरण के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में वह किसी भी प्रकार का लेनदेन व कृत्य करते हैं तो उसके जिम्मेदार स्वयं होंगे। मेरी किसी भी लेनदेन व कार्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सुरेंद्र रस्तोगी पुत्र स्व. भगवान दास रस्तोगी निवासी अंसारी मोहल्ला वार्ड नंबर 5 फतेहगंज पश्चिमी तहसील मीरगंज जिला बरेली।
आवश्यकता
बरेली में ऑनलाइन कंपनी में बाइकर्स की।
कमाएँ- 11000/- से 15000/- प्रतिमाह।
DL, Two wheeler & 4Gphone जरूरी है।
जल आकाश, परसाखेड़ा
7669334441, 7599074780, 9720554832
वैधानिक सूचना :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

दुर्जन :स्वस्वभावेन परकार्ये विनश्यति।
नोदर तृप्तिमायाती मूषक :वस्त्रभक्षक : ॥

दुष्ट व्यक्ति का स्वभाव ही दूसरे के कार्य बिगाड़ने का होता है। वस्त्रों को काटने वाला चूहा पेट भरने के लिए कपड़े नहीं कटता।

## संपादकीय

# अंगदान के लिए जागरूकता

देश में अंगों के प्रत्यारोपण से अनेक जिंदगियों को बचाया जा रहा है। इसलिए अंगदान का महत्व बहुत बढ़ गया है। पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा कि मृत्यु के बाद अंगदान करने वाला एक व्यक्ति आठ ऐसे रोगियों को नया जीवन दे सकता है जो अलग-अलग प्रकार की अंग विफलताओं से पीड़ित हैं। वास्तव में अंगदान को हमें जीवन जीने का तरीका बनाना होगा। ताकि हम ऐसे मरीजों को नया जीवन दे सकें जिनके किन्हीं अंगों ने काम करना बंद कर दिया है, लेकिन भारत में अंगदान करने वालों की संख्या बहुत कम है। प्रति दस लाख जनसंख्या पर अंगदान की दर बहुत ही निराशाजनक 0.65 है जबकि अन्य देशों में यह दर प्रति दस लाख आबादी पर 30 या उससे ज्यादा है। पारिवारिक आशंकाएं, भय, अंगों के सही इस्तेमाल पर संदेह, धार्मिक और सामाजिक परंपराएं आदि कुछ ऐसे कारण है, जिनके कारण लोग अंगदान करने से बचना चाहते हैं। गौरतलब है कि समाज को दान किया गया अंग मुफ्त मिलता है लेकिन इसके प्रत्यारोपण की लागत लाखों रुपये होती है। अंगों की अनुपलब्धता के कारण भारत में प्रतिवर्ष लगभग पांच लाख लोग मर जाते हैं। एक अध्ययन में पाया गया है कि भारत में अगर घातक दुर्घटनाओं के शिकार लोगों में से 5-10 प्रतिशत भी अंगदान का निर्णय ले लें, तो इस कमी को पूरा किया जा सकता है।


सरकार को अंगदान से जुड़े नियमों में कुछ परिवर्तन करने चाहिए। अंगदाताओं में वृद्धि के बिना बढ़ी हुई मांग से अंगों के अवैध व्यापार को बढ़ावा मिलता है। सरकार को चाहिए कि व्यवस्था में फैली इन कमियों का दूर करने के लिए एक सार्थक योजना बनाएं। मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम 1994 में पारित किया गया था। यह मानव अंगों के निष्कासन और उसके भंडारण के लिए विभिन्न नियम प्रदान करता है। यह चिकित्सीय प्रयोजनों के लिए मानव अंगों के प्रत्यारोपण और मानव अंगों के वाणिज्यिक लेन-देन की रोकथाम को भी नियंत्रित करता है। अब केंद्र सरकार ने अंगदान के लिए डोमिसाइल प्रतिबंध को हटा दिया है। देश के किसी भी राज्य में ऑर्गन लेने के लिए रजिस्टर किया जा सकता है और ट्रांसप्लांट कराया जा सकता है। अंगदान के बारे में गलत धारणाओं और मिथकों को दूर करना देश में अंग की कमी को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अंगदान को बढ़ाने के लिए समाज में जागरूकता की जरूरत है। इसके लिए बड़े स्तर पर अभियान चलाया जाना चाहिए।

# बुलडोजर संस्कृति उचित या अनुचित



डॉ.मनमोहन प्रकाश
स्वतंत्र पत्रकार

मेरा ऐसा मानना है कि बुलडोजर संस्कृति का सहारा लेने से पहले कानूनी प्रक्रिया, पारदर्शिता और न्याय का पालन करना चाहिए। साथ ही समानता और मानवाधिकारों का सम्मान भी हो ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए।




कई बार अवैध संरचनाओं को हटाने के निर्देश न्यायालय से प्राप्त होते हैं। किंतु जब बुलडोजर संस्कृति का उपयोग विशेष व्यक्तियों को चिन्हित या लक्षित करके किया जाता है तो विवाद का विषय बन जाता है, सामाजिक तनाव और असमानता को जन्म दे सकता है। वैसे भी बुलडोजर संस्कृति अतिक्रमण और अवैध निर्माण की समस्याओं के समाधान की दिशा में केवल अस्थाई और तात्कालिक उपाय हो सकता है,किंतु कभी भी स्थायी समाधान नहीं हो सकता है। अत : स्थाई समाधान की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से सभी सरकारों को राजनीति से ऊपर उठकर तथा सभी अधिकारी-कर्मचारियों को लोभ, लालच, भयमुक्त होकर कार्य करने की आवश्यकता है।

पिछले कुछ वर्षों से भारत में "बुलडोजर संस्कृति" की चर्चा जोरों पर है। उत्तर प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री को तो कुछ लोगों ने बुलडोजर बाबा की संज्ञा दे रखी है,जबकि उत्तर प्रदेश सहित कई अन्य राज्यों में भी इस संस्कृति का उपयोग होता रहा है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को यह संज्ञा देना कितना सही है और कितना गलत है यह कहना मुश्किल है। किंतु इतना जरूर दिखाई देता है कि हालिया माहौल में यह राजनीतिक शब्द ज्यादा और सामाजिक/प्रशासनिक शब्द कम नजर आता है। जहां तक मैं समझ सका हूं बुलडोजर शब्द का उपयोग अवैध निर्माण के विरुद्ध सरकारी कार्रवाइयों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है अर्थात सरकारी बुलडोजर का उपयोग अवैध निर्माण, अतिक्रमण या अनधिकृत संरचनाओं को गिराने के लिए किया जाता है।

इस कार्यवाही का मुख्य उद्देश्य सरकारी संपत्ति को सुरक्षित रखना,निर्माण कार्य को नियमों के दायरे में लाना अर्थात शहरी विकास आदि का नियमन करना है। कुछ राजनैतिक दल इसे कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम के रूप में देखते हैं,जबकि कुछ राजनैतिक दल इसे राजनीतिक प्रतिशोध और विशेष समुदायों को लक्षित करने का तरीका मानते हैं। बुलडोजर के उपयोग को लेकर राजनैतिक दलों में मतभेद दिखाई देते हैं। विपक्षी/आलोचक दलों का ऐसा मानना है कि बुलडोजर की कार्यवाही कई बार बिना किसी पूर्व सूचना या कानूनी प्रक्रिया के की जाती है, जिससे प्रभावित लोगों के अधिकारों का हनन होता है वहीं इस कार्रवाई से इंफ्रास्ट्रक्चर में लगने वाली सामग्री, श्रम और धन का अपव्यय होता है। जबकि सरकार में बैठे दलों का पक्ष है कि इस तरह की कार्रवाई से कानून के शासन को लागू करने में मदद मिलती है। आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में भय पैदा होता, सरकारी संपत्ति को अतिक्रमण से मुक्ति मिलती है। "बुलडोजर संस्कृति" का उपयोग कब होगा?, किस पर होगा?, कैसे होगा?, यह राज्य और स्थानीय सरकार की नीतियों और नियत पर निर्भर करता है। आजकल बुलडोजर संस्कृति का सहारा लेना एक जटिल और विवादास्पद विषय बनता जा रहा है। अतः इसका उपयोग करने से पूर्व कई पहलुओं पर विचार आवश्यक है। जैसे- कानूनी प्रक्रिया, निष्पक्षता, पारदर्शिता, समाज पर प्रभाव और विकासात्मक पहलू आदि। अर्थात यदि अतिक्रमण या अवैध निर्माण सार्वजनिक सुरक्षा, यातायात या नागरिकों के अधिकारों में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं, नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं तो इन्हें बिना किसी भेदभाव के हटाना ही चाहिए।

कई बार अवैध संरचनाओं को हटाने के निर्देश न्यायालय से प्राप्त होते हैं। किंतु जब बुलडोजर संस्कृति का उपयोग विशेष व्यक्तियों को चिन्हित या लक्षित करके किया जाता है तो विवाद का विषय बन जाता है, सामाजिक तनाव और असमानता को जन्म दे सकता है। वैसे भी बुलडोजर संस्कृति अतिक्रमण और अवैध निर्माण की समस्याओं के समाधान की दिशा में केवल अस्थाई और तात्कालिक उपाय हो सकता है,किंतु कभी भी स्थायी समाधान नहीं हो सकता है। अतः स्थाई समाधान की दिशा में योजनाबद्ध तरीके से सभी सरकारों को राजनीति से ऊपर उठकर तथा सभी अधिकारी-कर्मचारियों को लोभ, लालच, भयमुक्त होकर कार्य करने की आवश्यकता है। नियोजित तरीके से शहरीकरण हो,वैधानिक तरीके से शासकीय नियमों तथा प्रक्रिया का पालन हो,ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए ताकि बुलडोजर संस्कृति का उपयोग ही न करना पड़े। एक प्रश्न हमेशा सबके मन में उठता है कि अवैध कब्जा/ निर्माण हो कैसे जाते हैं? निमार्णाधीन अवधि में जांच और निगरानी करने वाली एजेंसियां क्या करती रहती हैं? इन्हें अवैध कब्जा और निर्माण दिखाई क्यों नहीं देता है? इस तरह के निमार्ण कौन कराता है? अधिकतर जघन्य अपराध करने के बाद ही अपराधी की संपत्ति पर बुलडोजर क्यों चलता है? क्या इस तरह की समस्या को जनसुनवाई और सामुदायिक संवाद जैसे अन्य उपायों से हल नहीं किया जा सकता? क्या उन लोगों पर कठोर कार्यवाही होती है,जो इस तरह के कब्जे/निर्माण होने देने के लिए जिम्मेदार है? क्या सरकारों को अतिक्रमण/ अवैध निर्माण को रोकने के लिए और अधिक प्रभावी नियम-कानून-योजनाएं बनाने पर, नियामक तंत्र विकसित करने पर विचार करने की आवश्यकता है?

मेरा ऐसा मानना है कि बुलडोजर संस्कृति का सहारा लेने से पहले कानूनी प्रक्रिया, पारदर्शिता और न्याय का पालन करना चाहिए। साथ ही समानता और मानवाधिकारों का सम्मान भी हो ऐसी व्यवस्था बनानी चाहिए। यदि ऐसी व्यवस्था बन सके कि न तो कोई अतिक्रमण करने की सोच सके और न ही कोई अवैध निर्माण कर सके तो बहुत ही अच्छी बात है। बुलडोजर का उपयोग केवल अंतिम उपाय के रूप में किया जाना उचित होगा। ऐसा देखने और सुनने में आता है कि अवैध निर्माण और अतिक्रमण का सहारा वे लोग ही लेते हैं,जो या तो रसूखदार होते हैं या अपराधी प्रवृत्ति के होते हैं या जिन्हें राजनैतिक संरक्षण प्राप्त होता है।

अतः जनता से लेकर जन प्रतिनिधियों तक सरकारी कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों तक को अतिक्रमण/अवैध निर्माण का विरोध करना चाहिए। वास्तव में इस तरह का तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है, जिससे गैर-कानूनी कृत्य की सूचना अविलंब प्राप्त हो सकें,उस पर कानून सम्मत कार्यवाही निष्पक्ष और बिना भेदभाव के अविलंब हो सके। यदि ऐसा हो जाता है तो बुलडोजर संस्कृति की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

## प्रसंगवश

# मनुष्य की आत्मा का भोजन

हिन्दुत्व के प्रबल समर्थक होने पर भी स्वामी विवेकानंद में इस्लाम के प्रति कोई द्वेष नहीं था। उनके गुरु परमहंस रामकृष्ण ने तो छह महीनों तक विधिवत मुसलमान होकर इस्लाम की साधना भी की थी। इस संस्कार के कारण इस्लाम के प्रति उनका दृष्टिकोण यथेष्ट रूप से उदार था।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हिन्दू नास्तिक भी रहा है और आस्तिक भी, साकारवादी भी रहा है और निराकारवादी भी, उसने महावीर का भी आदर किया है और बुद्ध का भी। उसने वेदों को अपौरुषेय भी माना है और पौरुषय भी। विश्वासों में यह जो प्रचंड भिन्नता है,उससे हिन्दू का हिन्दुत्व दूषित नहीं होता। हिन्दू जन्म से ही उदार होता है एवं किसी एक विचार पर सभी को लाठी से हांककर पहुंचाने में वह विश्वास नहीं करता। जब थियोसोफिस्ट लोग हिन्दुत्व का प्रचार करने लगे, तब हिन्दुत्व का यह सार्वभौम पक्ष कुछ और विकसित हो गया और रामकृष्ण ने तो बारी-बारी से मुसलमान और क्रिस्तान होकर इस सत्य पर अपनी अनुभूति की मुहर ही लगा दी कि संसार के सभी धर्म एक हैं,उनके बीच किसी प्रकार का भेद-भाव मानना नितांत अज्ञानता की बात है। स्वामी जी के अनुसार धर्म मनुष्य की आत्मा का भोजन है एवं देश-देश में उसके भी अनेक रूप हैं।

भारत में जितने भी धर्म प्रचलित हैं,ये सभी धर्म हमारे अपने धर्म हैं, इस भाव से, उन सब को हमें अपना लेना है। शिकागो में जो विश्व धर्म सम्मेलन हुआ था, उसका एक आशय यह था कि संसार में सर्वोत्तम धर्म कौन-सा है, इसका निर्णय कर लिया जाए। उस सम्मेलन में स्वामीजी ने कहा कि " यदि कोई व्यक्ति यह समझता है कि धार्मिक एकता का मार्ग एक धर्म को विजय और बाकी धर्मों का विनाश है तो मैं उससे निवेदन करूंगा कि ईसाई को हिन्दू बौद्ध अथवा हिन्दू और बौद्ध को ईसाई नहीं होना है, किंतु इनमें से प्रत्येक का कर्तव्य है कि वह अन्य धर्मों का सार अपने भीतर पचा ले। उन्होंने कहा है, "आत्मा की भाषा एक है,किंतु जातियों की भाषाएं अनेक होती हैं। धर्म आत्मा की वाणी है। वही वाणी अनेक जातियों की विविध भाषाओं और रीति-रिवाजों में अभिव्यक्ति हो रही है।"

# हिकमत अमली अर्थात टेक्टफुलनेस



महेश चंद्र द्विवेदी
सेवानिवृत्त आईपीएस, लखनऊ

हिकमत अमली और टेक्टफुलनेस में एक सूक्ष्म अंतर भी है,जिसे समझने के लिए एक घटना का उल्लेख प्रासंगिक होगा। वर्ष 1971 में मैं जब पीलीभीत का एसपी था तब संयुक्त विधायक दल की सरकार थी।

यद्यपि हिकमत अमली का अर्थ ऐसे बुद्धिचातुर्य से है,जिससे दुरूह समस्या का समाधान निकलता है। प्रशासन में प्रायः हिकमत अमली का अर्थ होता है, झूठ-सच बोलकर और सिद्धांत अथवा स्वाभिमान को ताक पर रखकर किसी विकट स्थिति को ऐसे निपटा देना कि सबल संतुष्ट हो जाए और निर्बल चुप हो जाए। जब से प्रशासन में उर्दूदां की जगह अंग्रेजीदां व्यक्ति अधिक आने लगे हैं। इसकी जगह टैक्टफुलनेस शब्द का प्रयोग होने लगा है। भारतीय परिस्थितियों में प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों को सफलतापूर्वक प्रशासन चलाने के लिए इस गुण में पारंगत होना अपरिहार्य होता है। शासन एवं जनता दोनों उन अधिकारियों को तरजीह देते हैं,जो टैक्टफुल होते हैं और किसी का काम चाहे करें या न करें, पर बातों की मीठी चाशनी सबके सामने परोस देते हैं। इसका कारण यह है कि अधिकतर भारतवासियों का असत्य और छल-कपट को पचाने का हाजमा बड़ा तगड़ा है,परंतु जरा से अप्रिय सत्य को भी हम पचा नहीं पाते हैं।

हिकमत अमली और टेक्टफुलनेस में एक सूक्ष्म अंतर भी है,जिसे समझने के लिए एक घटना का उल्लेख प्रासंगिक होगा। वर्ष 1971 में मैं जब पीलीभीत का एसपी था तब संयुक्त विधायक दल की सरकार थी। वहां स्वास्थ्य मंत्री,जो बीकेडी के थे,आने वाले थे। उनकी पार्टी के नेता मुझसे यह कहने आए थे कि आयुर्वेद कॉलेज के छात्र हड़ताल पर हैं और पब्लिक मीटिंग में मंत्री जी को काले झंडे दिखा सकते हैं या अन्य कोई बखेड़ा खड़ा कर सकते हैं। मैं जब उन्हें आवश्यक प्रबंध किए जाने हेतु आश्वस्त कर रहा था,तभी उनमें से एक नेता बोल पड़ा था," मंत्री जी के प्रथम आगमन पर हम उनका अच्छा स्वागत करना चाहते हैं और यह सुनिश्चित होना चाहिए कि मंत्री जी को काले झंडे न दिखाए जाएं।" उसके आदेशात्मक स्वर पर मैं अपने को जप्त न कर सका था और बोल पड़ा,"अगर कोई छात्र जेब में काला झंडा लेकर आ जाता है और निकाल कर दिखा देता है तो क्या हर्ज है? यह तो डेमोक्रेसी है।"

यद्यपि मेरी बात नियमतः सही थी, परंतु स्पष्टतः टेक्टलेस थी और मेरे टेक्टलेस कमेंट पर नेतागण उखड़ कर चले गए थे। मंत्री जी के आने पर उन्होंने उनको यह कहकर मेरे खिलाफ खूब भर दिया था कि मैं कांग्रेसी हूं। मंत्री जी की पब्लिक मीटिंग तो शांतिपूर्वक गुजर गई,परंतु रात में जब वह एक मकान पर अपने खास लोगों से मिल रहे थे, तब आयुर्वेद कॉलेज के लड़कों ने उस मकान के बाहर धावा बोलकर हंगामा प्रारंभ कर दिया और कुछ पत्थर भी मकान की ओर फेंक दिए।

मुझे सूचना मिलने पर मैं अपने घर पर लगी गार्ड में तीन सिपाहियों को जीप पर बिठाकर तुरंत वहां के लिए चल दिया। वहां कुछ दूर से मैंने देखा कि लड़के बहुत थे और पुलिस जन बहुत कम। तभी मेरी समझ में एक योजना आई और मैंने ड्राइवर से कहा की जीप को कुछ पहले ही अंधेरे में खड़ी कर लो और उसकी लाइट जलाकर लड़कों की भीड़ पर फोकस करो। फिर मैं और तीनों सिपाही जीप से उतरकर बड़े जोर से 'मारो-मारो' चिल्लाते हुए लड़कों की तरफ दौड़े। लड़के समझे की बहुत फोर्स आ गया है और घबराकर जिधर सींग समाया, उधर भाग लिए। जब तक लड़के वास्तविकता समझ पाते मैंने उपलब्ध फोर्स को उस मकान की तरफ आने वाली सभी गलियों पर लगा दिया और तब तक पुलिस लाइन से अतिरिक्त फोर्स आ गई,जिससे स्थिति को नियंत्रण में कर लिया गया। परंतु मंत्री जी संतुष्ट न हुए और मेरे द्वारा पहले दिन किया गया टेक्टलेस कमेंट मेरी इस हिकमत अमली पर भारी पड़ा और मुझे शीघ्र ही जनपद के चार्ज से हटा दिया गया।

अपराधियों से अपना जुर्म कबूलवा लेने में हिकमत अमली की बड़ी आवश्यकता होती है। संभवतः इतना तो मानवाधिकार आयोग वाले भी जानते होंगे कि कोई अपराधी यदि इमोशनली एब्नॉर्मल नहीं है तो साधारण पूछताछ पर अपना जुर्म कबूल नहीं करता है। असाधारण पूछताछ का एक तरीका मारपीट और भूखा-प्यासा रखना है और एक वह जिसके द्वारा संदिग्ध को इमोशनली एब्नॉर्मल कर दिया जाए, जैसे पियक्कड़ हो तो अद्धा पिलाकर या झुठी सहानुभूति से प्लावितकर। प्रायः पहला तरीका कम समय में कारगर हो जाता है और दूसरा तरीका लंबा समय लेता है।

पुलिस को किसी संदिग्ध अपराधी को 24 घंटे के अंदर मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत करना होता है, अतः अपराध कबुलवाने और लूटी संपत्ति अथवा अपहृत व्यक्ति को बरामद करने की जल्दी रहती है। इस कारण पुलिस वाले अधिकतर पहला तरीका अपनाते हैं और कभी-कभी मानवाधिकार हनन के आरोप में फंस जाते हैं। ऐसे पुलिस वाले जो अपराधी को बिना कोई प्रत्यक्ष चोट पहुंचाए जुर्म को जल्दी कबूल करवा लेते हैं,की हिकमत अमली काबिलेतारीफ होती है।

## सोशल फोरम

# संघर्ष

जब तक जीवन है, तब तक संघर्ष है। संघर्ष जीवन का आधार है। संघर्ष के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। संघर्ष अनिवार्य है। किसी के जीवन में कम, किसी के जीवन में अधिक,लेकिन इससे पिंड नहीं छुड़ाया जा सकता। क्योंकि संघर्ष विकास की बुनियाद है। जितना संघर्ष,उतना विकास। मगर अगर संघर्ष करना न आया तो जीवन बर्बाद ही समझिए।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

संघर्ष करते हुए अक्सर हम तनाव में चले जाते हैं। तनाव संघर्ष का दूसरा नाम हो जाता है। संघर्ष यानी, पीड़ा, संघर्ष यानी दुख, संघर्ष यानी अग्नि-स्नान। ऐसा हो जाए तो समझना चाहिए कि हमें कुशलता से जीना नहीं आया। ढंग से संघर्ष करना नहीं आया। संघर्ष से दूर भागने में जीवन नहीं है, साक्षी भाव से संघर्ष करने में जीवन है। मोहासक्त होकर संघर्ष केवल दुख को जन्म देता है। मोह दुख का मूल कारण है। बाबा तुलसीदास भी लिखते हैं- मोह सकल ब्याधिन्ह कर मूला।/ तिन्ह ते पुनि उपजहिं बहु सूला।। मोह संपूर्ण मानसिक बीमारियों की जड़ है। मोह यानी अज्ञान। अज्ञान का मतलब है कि जो है,वह नहीं दिखाई पड़ता है और जो नहीं है,वही सत्य मालूम पड़ता है। संसार में कोई ऐसी वस्तु नहीं है,जिसे पाकर चैन आ जाए,लेकिन प्रेमी कहता है, "जरा पास आओ तो चैन आ जाए।" निश्चित ही प्रेमिका के जरा पास आने से जरा चैन आ जाता है, परंतु जल्द ही नई मांग जन्म ले लेती है। फिर उसके पीछे दौड़िए और यह सिलसिला कभी खत्म नहीं होता है। नई-नई मन की मांगों की पूर्ति के लिए संघर्ष करते रहिए। यह चीज ठीक से दिखाई पड़ जाए तो मांग के प्रति अरुचि पैदा होने लगती है। यहीं पर बहुत लोग हताश हो जाते हैं। डिप्रेशन के शिकार हो जाते हैं। पागल जैसा करने लगते हैं। भाई,जरा संतों की वाणी पर भी प्रयोग करके देखो न! कौन जाने असली आनंद उधर ही हो। शायद चाह से मुक्ति में ही आनंद का राज छिपा हो। चाहकर हमने बहुत देख लिया। अचाह होकर भी देख लेते हैं। दौड़कर बहुत देखा,अब थोड़ा स्थिर होकर देख लेते हैं। भोक्ता होकर बहुत देखा अब द्रष्टा होकर देख लेते हैं। जिस दिन समझ में आ जायेगा न कि जीवन में कुछ भी अपना नहीं है,उसी दिन उसके पाने की बेचैनी कम हो जाएगी। पाने की बेचैनी कम हुई कि दुख कम हुआ। इसका मतलब यह नहीं कि संघर्ष खत्म हो जाएगा। वह रहेगा,सिर्फ बेचैनी नहीं रहेगी।

-फेसबुक वॉल से

# ओरछा कैसे पहुंचे राम



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

राजा इस शुभ समाचार से सूचित हुए। पूरा राज्य गद्गद हुआ और फिर तत्काल ओरछा में राम जी के लिए एक भव्य मंदिर का निर्माण होना प्रारंभ हुआ। चूंकि यात्रा पुष्य नक्षत्र में ही होनी थी,इसलिए अयोध्या से ओरछा पहुंचने में महीनों लगे।

अयोध्या में राम,रामलला हैं। वो यहां नन्हें बच्चे के रूप में पूजे जाते हैं। ओरछा में राम राजा हैं। राजकाज चलाने के लिए राम दिन भर ओरछा में रहते हैं। सोने भर के लिए देर रात अयोध्या पहुंचते हैं और अगले दिन सुबह फिर ओरछा चले आते हैं। जनश्रुति है कि हनुमानजी अपने कंधे पर बिठाकर लाते ले जाते हैं उन्हें। ओरछा रोज सुबह अपने राजा का गार्ड ऑफ ऑनर से स्वागत करता है। रामराजा नित्य ही अपने भव्य दरबार में सम्मान सहित विराजते हैं। याचकों का मान रखते हैं। फरियादियों की गुहार सुनते हैं और यथेष्ट न्याय करते हैं।

रामजी ओरछा कैसे पहुंचे? कैसे राजा हुए उसके? संवत सौलह सौ के आसपास का समय की बात है। ओरछा के राजा मधुकर शाह थे कृष्णभक्त और उनकी रानी गनेशी कुंवर थी राम की पुजारिन। एक बार देवदर्शन का विचार बना तो राजा ने वृंदावन जाने की बात कही तो रानी ने अयोध्या जाने की इच्छा जताई। बात बढ़ी,दोनों अपनी-अपनी पर अड़े रहे तो अनमने राजा ने कहा रानी से कि जाओ अकेली अयोध्या,पर अपने आराध्य के साथ ही लौटना। रानी अयोध्या पहुंची। महीनों मनाती रही रामलला को, जब एक दिन निराश हो शरीर त्यागने के विचार से सरयू में कूद पड़ी तो प्रेमबद्ध रामलला गोद में चले आए। रानी को मां कहकर आंसू पोछें उनके। राम ठहरे अंतर्यामी। रानी के मन की बात जानते थे। लिहाजा ओरछा चलने के लिए नन्हें रामलला ने अपनी शर्तें बताईं। पहली,पुष्य नक्षत्र में ही यात्रा हों। दूसरी ,ओरछा का राजा बनकर रहूंगा मैं और तीसरी यह कि आप मुझे जहां सर्वप्रथम स्थापित कर देंगीं, वहीं बना रहूंगा। भावविभोर रानी को हां कहना ही था। वे मानी तो रामलला भी मानें।

राजा इस शुभ समाचार से सूचित हुए। पूरा राज्य गद्गद हुआ और फिर तत्काल ओरछा में राम जी के लिए एक भव्य मंदिर का निर्माण होना प्रारंभ हुआ। चूंकि यात्रा पुष्य नक्षत्र में ही होनी थी,इसलिए अयोध्या से ओरछा पहुंचने में महीनों लगे। इस पूरी अवधि में रानी ने रामलला को गोदी से नहीं उतारा और जब वे ओरछा पहुंची तो ओरछा के नतमस्तक राजा ने आनंदित प्रजा सहित उनका पलक पांवड़े बिछाकर स्वागत किया। पर होनी ने अपनी चलाई। रानी प्रसन्नता के आवेग मे रामलला की आखरी शर्त विस्मृत कर बैठी। रामलला उनकी गोद से उतरे राजमहल के रनिवास में। रानी के कमरे में और जब उनके लिए प्रतीक्षारत मंदिर में उनकी प्राण प्रतिष्ठा का अवसर आया तब वे अपनी मां का कक्ष छोड़कर,मंदिर जाने के लिए राजी ही नहीं हुए। तब से लेकर अब तक उनके लिए बना विशाल और सुंदर चतुर्भुज मंदिर खाली पड़ा है और ओरछा के राजा बनकर राम अब भी राजमहल में ही विराजित हैं।

अब एक म्यान में दो तलवारें कैसे रहें? एक राज में दो राजा तो हो नहीं सकते,इस बात पर सोच-विचार कर बुंदेली राजाओं ने ओरछा छोड़ा और टीकमगढ़ से राजकाज चलाना शुरू किया। इस तरह ओरछा राम का हुआ। ओरछा वासी उन्हें रामजी नहीं कहते। वे उन्हें आदरपूर्वक रामराजा संबोधित करते हैं। ओरछा ही क्यों? राम से प्रेम करने वाले हजारों, लाखों श्रद्धालु देश भर से निरंतर ओरछा आते हैं और इस विश्वास के साथ आते हैं कि रामलला की मूल मूर्ति अयोध्या में न होकर ओरछा में ही है। यह कथा बताती है कि आदमी चाह लें तो क्या नहीं कर सकता। यह मनुष्य के सामर्थ्य का गान है यह प्रेम की प्रशस्ति है। बताती है कि प्रेम वह ताकत, जो भगवान को भी बस में कर लेती है। इसलिए यह मान लेने में कोई हर्ज नहीं है कि राम ओरछा में रहते हैं और राम राजा सरकार हैं।

# अंतरिक्ष अभियानों पर शामत



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

लगता है कि इन दिनों अंतरिक्ष अभियानों पर शामत आई हुई है। अभी बोईंग स्टारलाइनर से अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर गए और वहां से नियत दिनों में वापस न आ पाने का अंतरिक्ष यात्रियों का मामला चल ही रहा था कि एलन मस्क का एक फाल्कन 9 पुनरुपयोगी राकेट वापसी में अटलांटिक के ड्रोनशिप लैंडिंग साईट पर क्रैश हो गया। यह घटना 28 अगस्त 2024 को घटी है। यह स्पेस एक्स राकेट अंतरिक्ष में इंटरनेट संचार के लिए छोड़े जाने वाले नन्हें स्टारलिंक उपग्रहों जो आसमान में चलती रेल सा नजारा पेश करते हैं,को तेईंसवी बार उनकी नियत कक्षा में पहुंचाने गया था। मगर लौटते वक्त वह लैंडिंग साईट पर लड़खड़ाया और इसके स्टेज वन बूस्टर राकेट में विस्फोट हो गया। यह अब बेकार हो गया है,क्योंकि यही पहले स्टेज का बूस्टर राकेट उसे अंतरिक्ष तक पहुंचाता है। यानी इसका आम राकेट जो उड़ान के दौरान ही नष्ट हो जाते हैं के विपरीत कई बार उपयोग किया जा सकता है।

स्पेस एक्स कंपनी ने ऐसे पुनः उपयोग में लाए जाने वाले राकेट का निर्माण कर अंतरिक्ष युग की प्रतिस्पर्धा में अपनी धाक जमा ली है। स्टारलिंक सैटेलाइट लांचिंग के साथ ही यह स्पेस एक्स 9 फाल्कन राकेट दूसरे मिशनों के लिए भी इस्तेमाल होता है। जैसे इससे ही निजी खर्चे पर अंतरिक्ष की सैर पर जाने वाले कुछ सैलानी पोलैरिस डान मिशन पर निकलने वाले थे। दरअसल अभी तक तो इस राकेट को बहुत भरोसेमंद माना जाता रहा है। मगर स्पेस एक्स का ही एक और राकेट विगत 11 जुलाई 2024 को भी दुर्घटनाग्रस्त हुआ था जब वह स्टारलिंक संचार सैटेलाइट की ही एक खेप लेकर उड़ा था। तब राकेट के ऊपरी स्टेज से तरल आक्सीजन का रिसाव शुरू हुआ और वह ले जा रहे स्टारलिंक उपग्रहों को नियत कक्ष तक नहीं पहुंचा पाया। हालांकि अपने 27 जुलाई 2024 की उड़ान को इसने सफलतापूर्वक पूरा किया और 23 स्टारलिंक सैटेलाइट नियत कक्षा में स्थापित कर दिए।

अब चार सैलानियों के अंतरिक्ष सैर सपाटा और चहलकदमी का पोलैरिस डान मिशन भी अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया है और फाल्कन 9 राकेट की असफलता की गहन समीक्षा चल रही है। एक और असहज स्थिति है। इसी प्रकार के रॉकेट, फाल्कन 9 का उपयोग आईएसएस के लिए क्रू रेस्क्यू मिशन के लिए किया जाना है। नासा ने स्पेस एक्स को फाल्कन 9 रॉकेट पर क्रू मिशन लॉन्च करने के लिए अनुबंधित किया है, ताकि आईएसएस पर फंसे अंतरिक्ष यात्रियों को वापस लाया जा सके। स्पेस एक्स इस बचाव मिशन को शुरू करने के लिए फाल्कन 9 रॉकेट पर लॉन्च किए गए क्रू ड्रैगन अंतरिक्ष यान को तैयार कर रहा है। हालांकि लैंडिंग दुर्घटना और निष्क्रिय हो गए फाल्कन 9 राकेट के चलते हुए आईएएस रेस्क्यू के महत्वपूर्ण मिशन की समय सीमा भी प्रभावित हो सकती है। बस हम इन असहज करती अंतरिक्ष दुर्घटनाओं के त्वरित समाधान की आशा ही कर सकते हैं,जिससे दोनों अंतरिक्ष यात्रियों का सुरक्षित बचाव सुनिश्चित हो सके।

## एक नजर

### रंजिश में पिता- पुत्र ने ग्रामीण से की मारपीट

**बीसलपुर, अमृत विचार :** ग्राम हाफिज नगर वन्हाई के ओमकार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 28 अगस्त की शाम पांच बजे वह बाइक से बीसलपुर घरेलू सामान की खरीदारी करने आए थे। वापस जाते वक्त रामलीला मैदान के पास मोहल्ला दुर्गाप्रसाद के भीमसेन शर्मा और उसके पुत्र चीना ने पुरानी रंजिश में रोक मारपीट की। जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई में जुट गई है।

### लकड़ी ठेकेदार पर हमला

**बीसलपुर :** ग्राम रसाया खानपुर के लकड़ी ठेकेदार मकसूद खान ने बताया 11 अगस्त को ग्राम दौलतपुर हीरा में यूकेलिप्टस की लकड़ी कटवा रहे थे। ग्राम रढैता के सत्तार व बबलू अपने अन्य साथियों के साथ पहुंचा और गाली देने लगा। विरोध करने पर मारपीट की। शोर शराबा सुनकर लोगों ने उसे बचाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

### लखनऊ की साधना से 24 लाख की रिकवरी कर तीन अन्य को दिया जाएगा मुआवजा

# अंश निर्धारण की गलत रिपोर्ट पर खातों में पहुंची थी अधिक रकम

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- रिकवरी से प्राप्त धनराशि से वंचितों को दी जाएगी मुआवजा राशि, एनएचएआई को भेजी जा रही इस प्रकरण की रिपोर्ट

**अमृत विचारः** बरेली-सितारगंज हाईवे को लेकर हुए भूमि अधिग्रहण एवं मुआवजा प्रक्रिया में अंश निर्धारण में हुई गलती के चलते ही खातों में अतिरिक्त रकम पहुंची थी। आध्यपित अधिकारी द्वारा एनएचएई को रिपोर्ट भेजी जा रही है। जल्द ही मुआवजे से वंचित किसानों को मुआवजा दे दिया जाएगा। एनएचएआई के निर्माणाधीन बरेली-सितारगंज प्रोजेक्ट के भूमि अधिग्रहण में धांधली की जांच चल रही है। वहीं स्थानीय स्तर पर चल रही पड़ताल और मिली शिकायतों के बाद 12 ऐसे नाम सामने आए, जिनके बैंक खातों में अधिक रकम भेज दी गई है। इसमें लखनऊ की साधना सिंह के खाते में 24 लाख रुपये अधिक की रकम पहुंच गई थी।

इसके अलावा सदर तहसील क्षेत्र के गांव विलई पसियापुर निवासी मोहम्मद राशिद के खाते में 61217 रुपये, मोहम्मद सादिक 61,217, इश्तियाक 8502, इस्तिखार 6802, जुल्फिकार 8502, शहाना बेगम 6802, नंदराम 25,229, निर्मल किशोर 25,229, रामकिशोर 20183 एवं राम प्रसाद के खाते में 20183 रुपये अधिक रकम पहुंची है। मामले का खुलासा होने पर आध्यपित अधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर द्वारा इन सभी के बैंक खातों को फ्रीज करवाया गया है और इन सभी को रिकवरी के लिए नोटिस भी भेजा चुका है।

अधिकारियों की माने तो यह चूक अंश निर्धारण की गलत रिपोर्ट बनने के चलते ही हुई है और अतिरिक्त धनराशि खातों में पहुंच गई है। इधर तहसील से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आध्यपित अधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट की ओर से रिपोर्ट तैयार कर एनएचएआई को भेजी जा रही है, ताकि रिकवरी कर वसूली गई रकम से वंचित संबंधित किसानों को मुआवजा दिया जा सके।

> कुछ मुआवजा लेने वालों के बैंक खातों में अधिक धनराशि पहुंचने का मामला प्रकाश में आने के बाद रिपोर्ट तैयार कर एनएचएआई को भेजी जा रही है। धनराशि रिकवरी की प्रक्रिया चल रही है। रिकवरी की गई धनराशि से संबंधित किसानों को मुआवजा राशि दे दी जाएगी। - **विजय वर्धन तोमर**, आध्यपित अधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट

**24 लाख रुपये की रिकवरी कर तीन किसानों को मिलेगी मुआवजा राशि**

लखनऊ की साधना सिंह के बैंक खाते में 24 लाख की अतिरिक्त धनराशि पहुंची है। आध्यपित अधिकारी/सिटी मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर के मुताबिक संबंधित को नोटिस भेजा जा चुका है। रिकवरी की गई धनराशि से जहीरुद्दीन को 13 लाख, जमील अहमद को तीन और खेमकरन आदि को सात लाख रुपए मुआवजा राशि दी जाएगी।

# छत के कुंडे में फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव

संवाददाता, बीसलपुर

- बीसलपुर थाना क्षेत्र के मोहल्ला दुबे में शुक्रवार को हुई घटना

**अमृत विचारः** संदिग्ध परिस्थितियों में एक महिला की मौत हो गई। उसका शव छत के कुंडे में दुपट्टे से बने फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पहुंची और मुआयना करने के बाद परिवार वालों से जानकारी जुटाई। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

नगर के मोहल्ला दुबे स्थित बाबा श्यामल दास की मढ़ी के सामने गली में ऋषिपाल सिंह का मकान है। वह शाहजहांपुर जनपद के कस्बा निगोही के एक स्कूल में ई-रिक्शा चलाते हैं। परिजन के अनुसार वह शुक्रवार को निगोही में थे। इस बीच सुबह करीब आठ बजे ऋषिपाल सिंह के बच्चे छत पर बने कमरे से नीचे पहुंचे तो देखा कि मां सुनीता देवी का शव फंदे से लटका है। इसके बाद चीख पुकार मच गई। आसपास के तमाम लोग जमा हो गए। जानकारी मिलने पर पति निगोही से घर आ गए। पुलिस को सूचना दी गई। पति ने एक युवक पर हत्या करने का आरोप लगाया। कोतवाल अशोक पाल ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत की वजह स्पष्ट होने पर उसी आधार पर आगे कार्रवाई की जाएगी।

# सिपाही भर्ती परीक्षा: सेवाभाव तो कहीं बेरोजगारी खींच लाई, बीएड-एमएड वाले भी कतार में लगे

### राजस्थान, हरियाणा समेत अन्य प्रदेशों से आए अभ्यर्थी बोले- वर्दी में जो बात है वह किसी नौकरी में नहीं

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



नई बस्ती बैरियर पर परीक्षा छूटने का इंतजार करते अभिभावक। ● अमृत विचार



जीजीआईसी परीक्षा केंद्र में परीक्षार्थियों की चेकिंग करती टीम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** इसे यूपी पुलिस का क्रेज कहेंगे या फिर बेरोजगारी। विभिन्न प्रदेशों से बड़ी संख्या में अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होने के लिए आ रहे हैं। वैसे तो सिपाही भर्ती के लिए शैक्षिक योग्यता भले ही इंटर पास है लेकिन एक कांस्टेबल की वर्दी को हासिल करने के लिए बीकॉम, बीएससी, बीएड, एमएड, एमकॉम और आईटीआई कर चुके युवा भी शामिल हुए हैं। इनमें किसी को वर्दी की चमक तो किसी को बेरोजगारी की। यूपी पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा में खींच लाई। शुक्रवार को परीक्षा केंद्रों के बाहर बड़ी संख्या में युवका कतार में खड़े दिखे। चार दिन बाद हुई परीक्षा दो पालियों में कराई गई।जिसमें 2052 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। जबकि 2940 अनुपस्थित रहे।

चार दिन का अवकाश बीतने के बाद शुक्रवार को शहर के छह परीक्षा केंद्रों पर पुलिस भर्ती लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा को लेकर सुबह सात बजे से ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय पॉलिटेक्निक, सनातन धर्म बांके बिहारी राम इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और उपाधि महाविद्यालय में सुबह से अभ्यर्थियों की भीड़ जुटना शुरु हो गई। इसमें बिहार, राजस्थान, हरियाणा, अलवर, पंजाब समेत अन्य कई प्रदेशों के अभ्यर्थी शामिल रहे। पहली पाली सुबह दस बजे शुरु कराई गई। परीक्षा केंद्रों पर नौ बजे से चेकिंग के बाद सभी को प्रवेश दिया गया। ठीक 12 बजे परीक्षा समाप्त हो गई। पहली पाली कुल 2496 अभ्यर्थियों में से कुल 1010 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी जबकि 1487 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह दूसरी पाली दो से पांच बजे तक हुई। इस परीक्षा में 2496 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 1042 उपस्थित रहे। जबकि 1453 गैरहाजिर हो गए। इधर, डीएम संजय कुमार और एसपी अविनाश पांडे समेत अन्य अफसर परीक्षा की निगरानी करते रहे। कंट्रोल रुम से भी परीक्षा केंद्रों को देखा गया। हालांकि परीक्षा के दौरान कोई गड़बड़ी सामने नहीं आई।

- डीएम-एसपी समेत अन्य अफसर परीक्षा केंद्रों का करते रहे भ्रमण

परीक्षा देकर वापस आए अभ्यर्थियों ने बताया कि पेपर पिछली बार से पेपर कठिन है। हल करने के लिए समय भी कम लग रहा था। ऐसा लग रहा था कि आधा घंटा और मिलना चाहिए। 120 मिनट के पेपर में सामान्य अध्ययन और गणित के सवालों को हल करने में अधिक समय लगा। 300 अंकों के प्रश्नपत्र में नॉवेल, पैन की परिभाषा, देशों की राजधानी, दिवस, बैंक, जीएसटी आदि से जुड़े सवाल शामिल रहे। हर अभ्यर्थी ने अपनी अलग-अलग प्रतिक्रिया दी।

### पुलिस में रहकर सेवा करने की है इच्छा



बीएससी बॉयोलॉजी से किया हुआ है। साथ ही प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद एनसीसी की ट्रेनिंग ली थी। उस दौरान वर्दी मिली थी। वर्दी पहनने के बाद पुलिस में भर्ती होने का संकल्प लिया था। तभी से पुलिस भर्ती में आवेदन कर रही हूं। पुलिस भर्ती में कई जगह हिस्सा ले चुकी है। पुलिस की वर्दी यूपी की हो या राजस्थान की वर्दी होती शान है। - **मनीषा**, मार राजस्थान



बचपन से पढ़ाई लग्न के साथ की। ताकि अच्छी नौकरी मिल सके। परा स्नातक करने के अलावा डीएलएड किया हुआ है। कई जगह नौकरी के लिए प्रयास किया। कभी परीक्षा कैसिंल हो रही है, तो कभी कोर्ट में मामला पहुंचता है। बेरोजगारी चरम पर है। इसलिए जो नौकरी मिल जाए। वह ही ठीक है। दूसरा पुलिस की नौकरी सम्मानित होती है। - **वैशाली यादव**, बरेली



बीए के बाद पिछले पांच वर्षों से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा हूं। शुरुआत से ही पुलिस सेवा में जाना चाहता हूं, इसलिए परीक्षा देने आया। राजस्थान में भी नौकरी के प्रयास कर रहे हैं, यूपी पुलिस की जानकारी मिली। तो यहां आवेदन कर परीक्षा देने के लिए आ गए। पेपर कठिन आया था। रिजनिंग के सवालों ने उलझाकर रख दिया था। -**रितिक**, राजस्थान



परिवार वालों ने रुपये खर्च कर पढ़ाया लिखाया। जिसके दम पर बीएससी मैथ से किया और तमाम कम्प्यूटर के प्रशिक्षण लिए। लेकिन नौकरी नहीं मिल रही है। काफी समय योग्यता के आधार पर आवेदन करते रहे। लेकिन अब पुलिस भर्ती में आवेदन किया है। शायदा यहां किस्मत चमक जाए। वर्दी मिल जाएगी। तो परिवार भी खुश होगा। - **विपिन, बिहार**



परीक्षा केंद्र पर अभ्यर्थियों के प्रवेशपत्र आधार को मैच करतीं महिला पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



राम कॉलेज मार्ग पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश का इंतजार करते अभियार्थी। ● अमृत विचार



परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर बाहर आते अभ्यर्थी

# ट्रेन में नहीं मिला रिजर्वेशन, बस स्टैंड पर यात्रियों में धक्का-मुक्की



पीलीभीत रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में सवार होते अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

**पीलीभीत।** चार दिन के बाद हुई पुलिस भर्ती परीक्षा के बाद एक बार फिर शुक्रवार को रेलवे जंक्शन और रोडवेज बसों में भीड़ उमड़ी पड़ी। भीड़ की वजह से लोगों को ट्रेन में जगह नहीं मिल सकी। आलम यह रहा है कि दोपहर में 12:35 बजे जाने वाली ट्रेन में लोगों को खड़े होकर सफर तय करना पड़ा। तो वहीं बसों में भी सीट नहीं मिल सकी। ऐसे में लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी। राजस्थान से आए अभ्यर्थियों ने बताया कि आते समय रिजर्वेशन मिल गया था। लेकिन वापसी में टिकट नहीं मिला। ऐसे में खड़े होकर सफर करके जाना पड़ रहा है। ट्रेन और बसें फुल होने के चलते बरेली रुट पर डग्गामार वाहनों में भीड़ बनी रही।

# विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण की होगी स्थापना

**पीलीभीत, अमृत विचारः** शहर के गोदावरी स्टेट स्थित चाइल्ड हेल्पलाइन कार्यालय में विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण की स्थापना की जानी है। गुरुवार को डीएम संजय कुमार सिंह ने कार्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विशिष्ट दत्तक ग्रहण अभिकरण में रखे जाने वाले बच्चों के बारे में जानकारी ली। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने बताया कि विशिष्ट दत्तक ग्रहण में छह साल तक के अनाथ एवं परित्यक्त बच्चों को रखे जाने का प्रावधान है। उन बच्चों को कारा की गाइडलाइन के अनुसार बाल कल्याण समिति के द्वारा गोद लेने के लिए फ्री घोषित होने के पश्चात बच्चों को एडॉप्शन प्रक्रिया में लाया जाएगा। कारा की वेबसाइट में पहले से पंजीकृत आवेदनकर्ताओं कीओर से पात्रताओं को पूरा करने के बाद गोद देने की प्रक्रिया जिलाधिकारी के माध्यम से होती है।

इस दौरान डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को जल्द सभी व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने में निर्देश दिए। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन के कार्यों के बारे में भी जानकारी की। प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन टीम 24 घंटे कार्यालय में रोस्टर के अनुसार ड्यूटी पर उपस्थिति रहती है। मार्च से अब तक कुल 122 मामले प्राप्त हुए हैं। जिसमें 11 मामले अभी प्रक्रियाधीन है।

इस पर डीएम ने सभी लंबित मामलों को जल्द से जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, काउंसलर मानिस्ता गुल अंसारी, पर्यवेक्षक नीतू एवं केस वर्कर संजय सिंह मौजूद रहे।

# अभी और इंतजार, पीडब्ल्यूडी के पास सड़क सुधारने को बजट नहीं

संवाददाता, गजरौला

- बाढ़ के दौरान बनी सड़कों की नहीं कराई जा सकी मरम्मत
- जिपं सदस्य ने दिक्कत को देखते हुए कंकड़ और मिट्टी से पटवपाया

**अमृत वचारः** करीब दो माह पूर्व आई बाढ़ से कटी सड़कों का सुधार अब तक नहीं कराया जा सका है। पीडब्ल्यूडी के जिम्मेदार बजट नहीं होने की बात कह रहे हैं। जबकि ग्रामीणों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। फिलहाल ग्रामीणों को कुछ राहत देने के लिए जिला पंचायत सदस्य ने गिट्टी कंकड़ और मिट्टी से पटान कराकर आवागमन सुचारू कराने का प्रयास किया है।

बता दें कि क्षेत्र में कई सड़कें जुलाई की शुरुआत में आई बाढ़ से कट गई थी। जिससे सैकड़ों गांवों का संपर्क टूट गया। महुआ सिरसा सरदाह मुख्य मार्ग पर सड़क निचली थी। पानी का निकास भी ठीक नहीं था। बाढ़ में ये मार्ग कट गया। आरोप है कि ग्रामीणों की शिकायत के बाद पीडब्ल्यूडी ने सड़क को नहीं पटवाया। ग्रामीणों की परेशानियों को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य ने सड़क को पटवाया। बाढ़ के पानी से टूटी सड़कें ठीक नहीं हो सकी। महुआ -सिरसा सरदाह सड़क पर बड़ी पुलिया न होने से प्रत्येक वर्ष पानी के तेज बहाव में सड़क बह जाती है। जिससे दर्जनो गांव का शहर से संपर्क टूट जाता है। माला टाइगर रिजर्व की ओर जाने वाला रास्ता भी बंद है। स्कूली बसों का संचालन भी नहीं हो पा रहा है। ग्रामीण आवागमन के लिए दूसरे मार्गों का उपयोग कर रहे थे। रास्ता कट जाने से शहर में जाने के बजाये इस रास्ते का प्रयोग करने वालों को वापस होना पड़ रहा था। ग्रामीणों को की दिक्कतों को देखते हुए जिला पंचायत सदस्य अजय कुमार ने सड़क में ईट कंकड़ और मिट्टी डलवा कर आवागमन को सुचारू कराया।



जिला पंचायत सदस्य के द्वारा कराया जा रहा कार्य।

> बजट के इंतजार में कब तक बैठा जाए। ग्रामीणों को आने-जाने में काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही हैं। छात्र-छात्राएं आए दिन पानी में गिर जाते हैं। वाहनों का आवागमन ठप है। जिसके चलते सड़क को पटवाया गया है। - **अजय कुमार**, जिला पंचायत सदस्य

# सूची में बगैर नाम आयुष्मान कार्ड बनाने का दावा, होगी एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- आरोपी युवक का पोस्ट वायरल होने पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने डीएम को दिए आदेश
- बीते दिनों वायरल हुई थी पोस्ट, लिस्ट में बिना नाम के कार्ड बनाने का किया जा रहा प्रचार

**अमृत विचार :** आयुष्मान कार्ड में एक और फर्जीवाड़ा सामने आया है। जिले में एक युवक ने पोस्टर बनाकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल कर दी गई। जिसमें उसने बिना सूची में नाम होने पर भी आयुष्मान कार्ड बनाने का दावा कर अफसरों के होश उड़ा दिए। इसके साथ लोगों में इसको लेकर भ्रम की स्थिति बन गई।

सोशल मीडिया पर वायरल हुई पोस्ट की शिकायत जब आयुष्मान की मुख्य कार्यपालक अधिकारी संगीता सिंह के पास पहुंची तो वह भी इस तरफ का फर्जीवाड़ा होने का पता चलने पर दंग रह गई। उन्होंने इस मामले में संबधित युवक के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह को पत्र भेजा है। इसके बाद सेहत विभाग में खलबली मच गई। इधर, मुख्य कार्यपालक के आदेश पर डीएम ने इस मामले में सीएमओ को युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

दरअसल, जिले में बीते दिनों सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हुई थी। जिसमें शैलेंद्र कुमार नाम के व्यक्ति की तरफ से फोटो व मोबाइल नंबर लिखकर आपातकालीन स्थिति में लिस्ट में बिना नाम के आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए संपर्क करने की बात लिखी हुई है। आधार कार्ड और लिंक मोबाइल नंबर लेकर आएं और आयुष्मान कार्ड तुरंत बनवाकर ले जाएं।

वायरल पोस्टर जब प्रदेश के अधिकारियों तक पहुंचा तो आयुष्मान कार्ड बनाने में फर्जीबाड़ा होने की आशंका हुई। कुछ निजी अस्पतालों को लेकर भी चर्चा हो गई। वायरल पोस्ट के बाद कार्यपालक अधिकारी संगीता सिंह ने डीएम को पत्र भेजकर संबंधित के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने के आदेश दिए। साथ ही डीएम संजय कुमार सिंह को पोस्टर भेजकर रिपोर्ट मांगी गई है।

इस मामले में अब डीएम ने सीएमओ डॉ. आलोक कुमार को एफआईआर कराने के आदेश दिए हैं। सीएमओ ने मामले में एफआईआर कराने के लिए तीन सदस्यीय कमेटी गठित की, लेकिन अभी तक आयुष्मान कार्ड का फर्जीवाड़ा करने वाले के विरुद्ध एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। विभाग में असमजंस बना हुआ है कि आखिरकार इस युवक पर एफआईआर का वादी कौन बनेगा। वहीं आयुष्मान से जुड़े कर्मचारियों की मानें तो युवक जनसेवा केंद्र चलाता है। इस पर जनसेवा केंद्र का प्रभारी ही एफआईआर कराएगा। चर्चा यह भी है कि पोस्ट वायरल करने वाला युवक बिलसंडा क्षेत्र का रहने वाला है। फिलहाल अभी एफआईआर दर्ज नहीं हो सकी है।

**आयुष्मान कार्ड बनाने का दावा करने का प्रकरण**

संज्ञान में आने के बाद उच्चाधिकारियों की ओर से एफआईआर कराने के आदेश दिए गए हैं। इसकी पूरी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। केवल पात्र लोगों का ही आयुष्मान कार्ड बनना संभव है। ऐसे किसी ठग के चक्कर में न पड़ें। अगर कोई व्यक्ति बिना पात्रता के कार्ड बनाने का दावा करता है, तो इसकी सूचना तत्काल स्वास्थ्य विभाग को दें। - **डॉ. आलोक कुमार**, सीएमओ

# स्टांप में गड़बड़ी मिलने पर डीएम ने दिए वसूली के निर्देश

**पीलीभीत, अमृत विचारः** डीएम संजय कुमार सिंह ने गुरुवार को तहसील सदर क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ललपुरिया में साहब सिंह के गाटा संख्या 12 एवं 27 का मौके पर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गाटा की मैप लेआउट के माध्यम से जानकारी ली। इस दौरान बताया गया कि उक्त गाटा कुसुमा देवी पत्नी जगत प्रताप वर्मा निवासी गांव बिलगंवा द्वारा खरीदा गया है। यहां स्टांप कम लगा होना पाया गया। गांव चिडैय़ादाह में गाटा संख्या 35 कृषि भूमि का स्थलीय निरीक्षण कर मैप लेआउट के माध्यम से जानकारी ली गई।

उक्त गाटा को राकेश कुमार पुत्र जयराम निवासी मोहल्ला मोहतशिम खां द्वारा खरीदा गया। उक्त भूमि में स्टांप कम धनराशि लगाए हैं। इसके अलावा उन्होंने गांव दियूनी केसरपुर बाहर चुंगी के गाटा संख्या 230 एवं 233 का स्थलीय निरीक्षण किया। उक्त गाटा को ए टू जेड इन्फ्राडेवलपर्स प्रा0 लि0 मेरठ द्वारा खरीदा गया। उक्त भूमि में स्टांप कम धनराशि लगाए हैं। इस पर डीएम ने तहसील सदर ऋषि राम रमन को उक्त सभी गाटों की पैमाइश कराकर वसूली कराने के निर्देश दिए।

### 17 छात्राओं का रोजगार मेले में चयन



पीलीभीत, अमृत विचार : राजकीय आईटीआई परिसर में शुक्रवार को एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया गया। बालाजी आईटीआई की 17 छात्राओं का हीरो मोटोकॉर्प हरिद्वार कंपनी में 23,626 रुपये के शुरुआती मासिक वेतन पर चयन हुआ। बालाजी आईटीआई परिवार की ओर से चयनित छात्राओं को बहुत शुभकामनाएं दी गई। इस मौके पर संस्थान के संरक्षक हरिओम चौधरी, प्रबंधक दीपक सक्सेना, प्रधानाचार्य विकास सक्सेना आदि मौजूद रहे।

### किसानों को जैविक खेती के लिए किया प्रेरित



**पीलीभीत, अमृत विचार :** केंद्रीय कृषि बीज भंडार पर शुक्रवार को किसान मेले का आयोजन किया गया। मरौरी ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। फीता काटकर इसकी शुरुआत कराई। ब्लॉक क्षेत्र के किसानों को जैविक खेती करने के लिए जागरूक किया गया। कई स्टॉल भी योजनाओं से संबंधित लगाए गए। इस मौके पर एसडीओ कौशल किशोर, एडीओ बृजेंद्र शर्मा, हरीश वर्मा आदि मौजूद रहे।

### पानी निकास के विवाद में किया हमला

**बरखेड़ा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव दौलापुर के प्रेमपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 22 अगस्त को गांव के ही विजयपाल, उसके भाई संतराम और पत्नी चमेली देवी ने नाली के पानी के निकास को लेकर विवाद किया। गाली गलौज के बाद लाठी डंडे से हमला कर पिटाई कर दी। कई बार आरोपी विवाद कर चुके हैं। सीओ के निरीक्षण करने के बाद भी आरोपी मान नहीं रहे हैं। इंस्पेक्टर राजकुमार सिंह ने बताया कि मामले की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# दहेज की वजह से धर्मांतरण के जाल में फंस रही हैं मुस्लिम लड़कियां

## उर्स-ए-रजवी के दूसरे दिन इस्लामिया ग्राउंड में हुई कॉन्फ्रेंस में बोले उलमा

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार :** दहेज की वजह से हमारी बेटियों के कदम बहक रहे हैं। यही एक ऐसी सामाजिक बुराई है जिसकी वजह से हाल के दिनों में हमारी न जाने कितनी बेटियां गैरों के साथ चली गईं। इसलिए मुसलमानों को चाहिए कि बेटियों को दहेज के बजाय विरासत में हिस्सा दें। मां-बाप के साथ भाई भी उनका खास ख्याल रखें। सही उम्र में उनकी शादी करें और शादियों में फिजूलखर्ची और गैर शरई रस्मों से भी दूरी बनाएं।

उर्स-ए-रजवी के दूसरे दिन शुक्रवार को इस्लामिया ग्राउंड पर आयोजित कॉन्फ्रेंस में उलमा ने यह बात कही। दरगाह प्रमुख मौलाना सुब्हान रजा खान सुब्हानी मियां की सरपरस्ती और सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी अहसन मियां की सदारत में हुई इस कॉन्फ्रेंस में नबी की शान औ अजमत, दहेज हटाओ बेटी बचाओ, मुसलमानों में फैली सामाजिक बुराइयों और मुस्लिम नौजवानों पर सोशल मीडिया के असर जैसे मुद्दों पर देश भर से आए उलमा ने बात रखी। कहा, मरकज-ए-अहले सुन्नत और दरगाह प्रमुख सुब्हानी मियां के पैगाम के मुताबिक वक्त की जरूरत है कि निकाह को आसान किया जाए।

कॉन्फ्रेंस में उलमा से भी अपील की गई कि वे इस पैगाम को अपने-अपने राज्यों में जुमे की नमाज, जलसे और जुलूसों में आम करें। सय्यद आसिफ मियां की निगरानी में हुई कॉन्फ्रेंस की निजामत कारी यूसुफ रजा संभली ने की। कॉन्फ्रेंस में मदरसा मंजर ए इस्लाम के सदर मुफ्ती आकिल रजवी, दक्षिण अफ्रीका के सूफी कैसर गुमान, मॉरिशस के सूफी मोइनुद्दीन अल्लाह बख्श, अफ्रीका के पीर नेहाल खोची, नेपाल के मौलाना फूल नेमत रजवी, अंडमान निकोबार के मौलाना अब्दुल जलील, मुफ्ती कफील हाशमी, मुफ्ती अफरोज आलम, मौलाना अख्तर, कारी अब्दुर्रहमान कादरी, मुफ्ती इब्राहीम, कारी सखावत हुसैन, कारी इकबाल मुरादाबादी समेत कई उलमा ने हिस्सा लिया।

**नशे और सोशल मीडिया से बचें मुस्लिम नौजवान:** उलमा ने कहा कि मुस्लिम नौजवान तेजी के साथ नशे का आदी हो रहा है। हमें अपनी नौजवान पीढ़ी को नशे से बचाना होगा। मां-बाप को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। सोशल मीडिया का भी सही इस्तेमाल करना होगा, सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल के कारण कितने नौजवान जेलों में बंद है।

### धार्मिक टिप्पणियां करने वालों को सुरक्षा दे रही है सरकार

मुख्य वक्ता मुफ्ती सलीम नूरी ने कॉन्फ्रेंस को खिताब करते हुए कहा कि आज देश में कोई भी सस्ती शोहरत के लिए नबी की शान में गुस्ताखी कर देता है। ये लोग समाज और देश की एकता के लिए खतरा है। सरकार ऐसे लोगों पर कार्रवाई करने की जगह सुरक्षा उपलब्ध करा देती है। कार्रवाई की मांग करने वालों को उल्टा जेल में डाल दिया जाता है। घरों पर गैरकानूनी ढंग से बुलडोजर चलाया जा रहा है। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि देश में किसी भी धर्म पर गलत बयानबाजी रोकने के लिए सख्त कानून बनाया जाए।



उर्स-ए-रजवी के दूसरे दिन इस्लामिया मैदान में अकीदतमंदों की भीड़।

### उर्स-ए-रजवी: आज दोपहर 2: 38 पर होगा कुल शरीफ

**बरेली :** शनिवार को इस्लामिया ग्राउंड पर सुबह 8 बजे महफिल का आगाज होगा। दोपहर 2 :38 बजे आला हजरत के कुल शरीफ के साथ तीन रोजा उर्स पूरा हो जाएगा। इस्लामिया ग्राउंड के साथ दरगाह आला हजरत, दरगाह ताजुश्शरिया और मथुरापुर के मदरसा जमियतुर्रजा में भी आला हजरत के कुल शरीफ की रस्म अदा की जाएगी।

### नमाज पढ़ते जायरीन को पुलिस ने हटाया

जायरीन ने शुक्रवार को इस्लामिया ग्राउंड ठसाठस होने के बाद सड़क पर नमाज अदा करने की कोशिश की तो पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया। दरगाह आला हजरत के लोगों ने इस पर नाराजगी जताते हुए पुलिस पर ज्यादती करने का आरोप लगाया है।

### उर्स पर लगाए धार्मिक पोस्टर फाड़े, रिपोर्ट

उर्स-ए-रजवी के दौरान शहर में कई जगह लगाए गए धार्मिक पोस्टर बृहस्पतिवार रात किसी खुराफाती ने फाड़कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। इसका वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# पात्रों को न दौड़ाएं...किसी भी हाल में लंबित नहीं रहने चाहिए आवेदन

**बरेली,अमृत विचार :** सर्किट हाउस में योजनाओं की समीक्षा के दौरान जिला प्रभारी एवं मंत्री नरेंद्र कश्यप के सामने कई समस्याएं उठाई गईं। मंत्री ने दिव्यांगजन सशक्तीकरण और पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की संचालित योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि किसी मामले में कोई समस्या आ रही है तो शासन स्तर से संपर्क कर उसका निस्तारण कराएं। आवेदनकर्ता को बेवजह न दौड़ाया जाए। आवेदनों को किसी भी हाल में लंबित न रखें। समीक्षा बैठक में उन्हें बताया गया कि चारों जिलों में पंजीकृत 85348 लोगों को पेंशन दी जा रही है। दुकान निर्माण, संचालन योजना के तहत मंडल के लिए तय लक्ष्य 66 के सापेक्ष 151 आवेदन दिव्यांगों के मिले हैं। शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के तहत मंडल में निर्धारित लक्ष्य 70 के सापेक्ष 44 आवेदन मिल चुके हैं। मंडल में 14123 दिव्यांग पेंशनर्स फैमिली आईडी, राशन कार्ड संख्या पोर्टल पर अभी तक दर्ज नहीं हैं, जबकि 4175 फैमिली आईडी फीड हो चुकी हैं। मंत्री ने कई योजनाओं में सुधार के निर्देश दिए। मंडल के सभी जिलों के अधिकारियों से कहा कि जो रैंकिंग प्रदेश में बनी हुई है, उसे बनाएं रखें। कोशिश करें कि इससे भी बेहतर हो। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से जुड़े संकेत विद्यालय में शिक्षकों की कमी का मुद्दा उठा। बताया कि एक ही शिक्षक है, जबकि करीब 120 बच्चे हैं। मंत्री ने आयोग को मामला भेजने की बात कही। विभागों में स्टाफ की कमी का मामला भी उठा। बैठक में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधिकारी वीरपाल आदि मौजूद रहे।

### 5 सितंबर तक होंगे बीएड के प्रवेश

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा के प्रथम चरण फेज-1 की काउंसिलिंग 24 अगस्त को पूरी हो गई। काउंसिलिंग में हिस्सा लेने वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश के लिए तीन दिनों का समय दिया गया था मगर अधिकांश कॉलेजों में पुलिस भर्ती परीक्षा होने के चलते अभ्यर्थी प्रवेश नहीं ले सके। इसलिए अभ्यर्थी अब 5 सितंबर तक अपना प्रवेश ले सकते हैं। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के पत्र के बाद रुहेलखंड विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं नोडल अधिकारी ने भी सभी संबद्ध बीएड कॉलेजों को निर्देश जारी किए हैं।

### एमएससी भौतिक विज्ञान की 2 सितंबर को होगी काउंसिलिंग

रुहेलखंड विश्वविद्यालय परिसर में एमएससी भौतिक विज्ञान की 33 सीटों पर प्रवेश के लिए 2 सितंबर को काउंसिलिंग होगी। पाठ्यक्रम में ओपन की 15, ओबीसी की आठ, एससी की छह, एसटी की एक और ईडब्ल्यूएस की तीन सीटें है। मेरिट में शामिल 1 से 53 रैंक तक के अभ्यर्थियों को अनुप्रयुक्त भौतिक विज्ञान विभाग में 2 सितंबर को सुबह 11 बजे प्रवेश के लिए पहुंचना होगा। अभ्यर्थी अपने साथ सभी शैक्षिक और आरक्षण संबंधित प्रमाण पत्र की मूल प्रति और एक-एक छाया प्रति लेकर अवश्य लाएं। इसके अलावा बैंक ड्राफ्ट लेकर भी आना है। बीएससी फाइनल वर्ष की मार्कशीट नहीं होने पर परीक्षा नियंत्रक से सत्यापित इंटरनेट से निकली मार्कशीट काउंसलिंग के लिए मान्य होगी।

## पूर्वोत्तर रेलवे

**अधिसूचना सं. सी./434/जेटीबीएस/पत्राचार/इज्जत./2023-24/1**
**(यह आवेदन नौकरी के लिये नहीं है)**

स्टेशनों पर जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक (जेटीबीएस) की सुविधा प्रदान कराये जाने हेतु भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक, इज्जतनगर, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा इज्जतनगर मंडल के अन्तर्गत यूटीएस के माध्यम से कम्प्यूटीकृत अनारक्षित टिकट जारी करने के लिये मंडल के निम्न प्रमुख 22 सेवित स्टेशनों पर 756 जेटीबीएस आवंटन हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाने हैं। जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक जेटीबीएस के आवंटन हेतु निर्धारित नियम/शर्तो एवं ऐसी शर्तो जो समय समय पर लागू होंगी, को पूरा करने वाले इच्छुक व्यक्ति आवेदन कर सकते है। आरक्षण क्राइटेरिया मौजूदा नियम के अनुसार लागू होगा। स्टेशनों का विवरण निम्न प्रकार है:-

**कार्य का नाम:-** इज्जतनगर मंडल के रेलवे स्टेशन क्षेत्र में जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक (जेटीबीएस) का आवंटन।

**जनसाधारण टिकट बुकिंग सेवक (जेटीबीएस) हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाने वाले स्टेशनों के नाम निम्न प्रकार है:-**

| | |
|---|---|
| (1) फर्रूखाबाद | (12) बहेड़ी |
| (2) काशीपुर | (13) भोजीपुरा |
| (3) पीलीभीत | (14) हाथरस सिटी |
| (4) बदायूँ | (15) मथुरा छावनी |
| (5) कन्नौज | (16) कायमगंज |
| (6) किच्छा | (17) कासगंज |
| (7) काठगोदाम | (18) लालकुआं |
| (8) रूद्रपुर सिटी | (19) गंजडुंडवारा |
| (9) फतेहगढ़ | (20) बरेली सिटी |
| (10) हल्द्वानी | (21) गुरसहायगंज |
| (11) रामनगर | (22) टनकपुर |

♦ **कार्य की अवधि:** तीन वर्ष हेतु। ♦ **आवेदन पत्र का मूल्य:** ₹ 1,180/- (रूपया एक हजार एक सौ अस्सी मात्र), प्रत्येक स्टेशन हेतु अलग-अलग होगा। ♦ **बयाना राशि:** ₹ 5,000/- (रूपया पांच हजार), प्रत्येक स्टेशन हेतु अलग-अलग होगा। ♦ **आवेदक प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय:** मंडल रेल प्रबन्धक/वाणिज्य/इज्जतनगर कार्यालय से कार्य दिवस में प्रकाशन तिथि से दिनांक 24-09-2024 तक समय 16:00 बजे तक। ♦ **आवेदन प्रपत्र आवेदन बाक्स में डालने की तिथि एवं समय:** दिनांक 24-09-2024 से दिनांक 25-09-2024 समय 15:00 बजे तक। ♦ **आवेदन खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 25-09-2024 को 15:30 बजे तक।

आवेदन डालने एवं खोले जाने की तिथि को किसी कारणवश यदि कार्यालय बन्द रहता है तो आवेदन उसके अगले कार्य दिवस में डाली/खोली जायेगी। आवेदन पत्र, अधिसूचना की पात्रता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाइट *www.ner.indianrailways.gov.in* पर देखा जा सकता है, एवं डाउनलोड किया जा सकता है या मंडल रेल प्रबन्धक/ वाणिज्य, पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त किये जा सकते है। आवेदन पत्र के मूल्य रूपये 1,180/- (One Thousand One Hundred Eighty Rupees) एवं बयाना राशि मूल्य रूपये रूपये 5,000/- (Five Thousand Rupees) के डिमाण्ड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी, पूर्वोत्तर रेलवे के पक्ष में जारी हो एवं बरेली में देय हो, आवेदकों को आवेदन पत्र के साथ संलग्न करने होगें। बिना आवेदन प्रपत्र शुल्क एवं बिना बयाना राशि मूल्य के आवेदन पत्र को वैध नही मानते हुय विचार नहीं किया जायेगा। विलम्ब से प्राप्त आवेदन पत्रों को न तो स्वीकार किया जायेगा न ही विचार किया जायेगा। किसी भी आवेदन या समस्त जन साधारण टिकट बुकिंग सेवक (जेटीबीएस) की नियुक्ति की प्रक्रिया को किसी भी स्तर पर बिना कारण बताये रद्द एवं अस्वीकार करने का अधिकार रेल प्रशासन के पास सुरक्षित होगा। यह आवेदन रेलवे में नौकरी के लिये नहीं है।

**मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक,**
मुजाधि/वाणिज्य-122 **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## मेरठ सिटी जं. एवं लखनऊ रेलवे स्टेशनों के बीच वन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन सेवा का शुभारम्भ

समस्त रेलयात्रियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर रेलवे द्वारा लखनऊ एवं मेरठ सिटी जं. के बीच रेलगाड़ी सं. 22490/22489 वन्दे भारत एक्सप्रेस की नियमित सेवा का शुभारम्भ किया जा रहा है। वन्दे भारत एक्सप्रेस की तिथियाँ, समय – सारणी एवं ठहराव निम्नानुसार होंगे :-

**22490/22489 मेरठ सिटी जं. – लखनऊ – मेरठ सिटी जं. वन्दे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी (सप्ताह में 6 दिन)**

| गाड़ी सं. 22490 | | स्टेशन | गाड़ी सं. 22489 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| --- | 06:35 | मेरठ सिटी जं. | 22:00 | --- |
| 08:35 | 08:40 | मुरादाबाद जं. | 19:32 | 19:37 |
| 09:56 | 09:58 | बरेली जं. | 18:02 | 18:04 |
| 13:45 | --- | लखनऊ | --- | 14:45 |

**चलने के दिन :** 22489 लखनऊ से प्रतिदिन (मंगलवार को छोड़कर) दिनांक 01.09.2024 से तथा 22490 मेरठ सिटी जं. से प्रतिदिन (मंगलवार को छोड़कर) दिनांक 02.09.2024 से

**स्थान :** एग्जीक्यूटिव कुर्सीयान एवं वाता. कुर्सीयान

**उद्घाटन यात्रा की समय-सारणी :** वन्दे भारत एक्सप्रेस रेलगाड़ी का शुभारंभ माननीय प्रधानमंत्री द्वारा एक विशेष रेलगाड़ी सं. 02490 के रूप में मेरठ सिटी जं. से लखनऊ के बीच 31.08.2024 को दोपहर 12:30 बजे किया जायेगा एवं इसकी नियमित सेवा लखनऊ से दिनांक 01.09.2024 से उपरोक्त समय-सारणी अनुसार प्रारंभ होगी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे** आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2699/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल लि., बीसलपुर (पीलीभीत)

पत्रांक: 1059/बीके.एस./विक्रय/2024-25 दिनांक: 30.08.2024

**बी.आई.एस.एस. चीनी की बिक्री हेतु ई-निविदा सूचना**

इस मिल समिति में वर्ष 2020-21 में उत्पादित बी.आई.एस.एस. शुगर 2230 कु. हेतु अनुभवी पार्टियों से दिनांक 12.09.2024 को सायं 06:55 बजे तक ई-निविदा http//etender.up.nic.in आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्नवत् है। उक्त ई-निविदा वेबसाइट पर उपलब्ध है।

| निविदा लोड करने की तिथि सायं 6:55 बजे तक | निविदा अपलोड करने की अन्तिम तिथि सायं 6:55 बजे तक | टेक्नीकल बिड खोलने की तिथि अपरान्ह 12:00 बजे | फाइनेन्शियल बिड की तिथि अपरान्ह 03:00 बजे | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|
| 31.08.2024 | 12.09.2024 | 13.09.2024 | 13.09.2024 | रू. 55750/- |

अधोहस्ताक्षरी को निविदा की शर्तो की परिवर्तन करने व बिना कारण बताये एक या समस्त निविदायें निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। सन्दर्भित ई-निविदा उ.प्र. सहकारी चीनी मिल्स संघ लि., लखनऊ की वेबसाइट http//upsugarfed.org पर भी समय-समय पर देखी जा सकती है।

**डॉ. हरी कृष्ण गुप्ता**
**प्रधान प्रबन्धक**

## कार्यालय नगर पंचायत बिलसण्डा जिला पीलीभीत

पत्रांक: 217/न.पा.परि.बी./2024-25 दिनांक :- 29.08.2024

**कुटेशन आमंत्रण सूचना**

समस्त फर्म/सप्लायर्स/रजिस्टर्ड दुकानदार एवं ठेकेदारन को सूचित किया जाता है कि वाल विकास परियोजना अधिकारी बिलसण्डा-पीलीभीत के शासनादेश संख्या 216 / नौ-9-2023-10 ज /23 दिनांक 16 दिसम्बर 2023 एवं जिलाधिकारी महोदय पीलीभीत के कार्यालय ज्ञाप संख्या सौ- 1054 दिनांक 10.11.2023 के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत 03 से 06 वर्ष के बच्चों के गर्म पका भोजन हेतु बर्तन आदि क्रय कर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को उपलब्ध कराने के निर्देश निर्गत किये गये हैं जिसके अनुपालन में नगर पंचायत बिलसण्डा द्वारा 17 आंगनबाड़ी केन्द्रों हेतु बर्तनों को क्रय किया जाना है। बर्तन आपूर्ति किये जाने हेतु इच्छुक फर्म / सप्लायर्स / रजिस्टर्ड दुकानदार एवं ठेकेदारान अपनी-अपनी दर कुटेशन दिनांक 05.09.2024 तक समय 3:00 तक कार्यालय नगर पंचायत बिलसण्डा में रखे टेण्डर बॉक्स में डाल सकते हैं। यदि उक्त तिथि को आकस्मिक अवकाश /सरकारी अवकाश घोषित होता है, तो ऐसी स्थिति में दर कुटेशन अगले कार्यशील दिवस में निर्धारित समय तक डाली जा सकती है, जो उसी दिन सायं 04:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कुटेशनदाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। बर्तन आदि सामग्री का विवरण निम्नवत् है:-

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | सामग्री की संख्या | सामग्री की दर |
|---|---|---|---|
| 1 | थाली (मध्यम साइट) | 524 | |
| 2 | कटोरी (250 ग्रा.) | 524 | |
| 3 | ग्लास (250 मि.ली.) | 524 | |
| 4 | चम्मच | 524 | |
| 5 | कुकर (5 ली.) | 17 | |
| 6 | भगौना मय ढक्कन (10 ली.) | 17 | |
| 7 | लोहे का तवा | 17 | |
| 8 | लोहे की कढ़ाई ढ़क्कन (10 ली.) | 17 | |
| 9 | चम्मच बड़ा | 17 | |
| 10 | कल्छी बड़ी | 17 | |
| 11 | चिमटा | 17 | |
| 12 | चाकू | 17 | |
| 13 | वेलन | 17 | |
| 14 | चकला मार्बल | 17 | |
| 15 | सिलिण्डर | 17 | |
| 16 | गैस स्टोव 2 वर्नर मय रेगूरेटर | 17 | |

नोट:- उक्त से सम्बन्धित शर्ते किसी भी कार्यशील दिवस में देखी जा सकती है।

**अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बिलसण्डा** — **अध्यक्ष नगर पंचायत बिलसण्डा**

## कार्यालय जिला गन्ना अधिकारी, बरेली

सिविल लाइन-243001

पत्रांक : 1760-61/प्रेस नोट दिनांक : 30 अगस्त 2024

**प्रेस विज्ञप्ति**

गन्ना विभाग हेतु वर्ष 2024-25 में अधोलिखित कार्यक्रमों के लाभार्थियों का चयन किया जाना है। इच्छुक कृषक संचालित योजनाओं का लाभ लेने हेतु कृषि विभाग की बेवसाइट www.upagriculture.com पर गन्ना विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा लें, तथा निर्धारित आवेदन पत्र शीघ्र अपने क्षेत्र की गन्ना विकास परिषद के कार्यालय में उपलब्ध करा दें। कृषकों का चयन गन्ना विभाग के पोर्टल पर किये गये पंजीकरण के आधार पर "पहले आओ, पहले पाओ" के सिद्धान्त पर पारदर्शी किसान सेवा योजना के तहत किया जायेगा।

**राष्ट्रीय कृषि विकास योजना**

1. **आधार पौधशाला अधिष्ठापन :-** आधार पौधशाला अधिष्ठापन हेतु एक कृषक को अधिकतम 25 कुन्तल अभिजनक गन्ना बीज दिया जायेगा। आधार पौधशाला में उत्पादित गन्ना बीज का वितरण पर पौधशाला धारक को 50/- प्रति कुन्तल की दर से अनुदान देय होगा।
2. **प्राथमिक पौधशाला अधिष्ठापन:-** प्राथमिक पौधशाला अधिष्ठापन हेतु एक कृषक को अधिकतम 50 कुन्तल आधार गन्ना बीज दिया जायेगा। प्राथमिक पौधशाला में उत्पादित गन्ना बीज के वितरण पर 25/- प्रति कुन्तल की दर से अनुदान देय होगा।
3. **प्रदर्शन :-** राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत प्रत्येक प्रदर्शन धारक को 1.000 हेक्टे. पर अनुदान की धनराशि अंकन 8000.00 रु. दिया जाता है तथा 1000.00 रु. प्रचार प्रसार हेतु व्यय किया जाता है।
4. **माइकोन्यूटीएंट :-** राष्ट्रीय कृषि विकास योजनान्तर्गत माइकोन्यूटीएंट क्रय पर लाभार्थियों को लागत का 50 प्रतिशत एवं अधिकतम 500 रु.प्रति हैक्टे. की दर से अनुदान दिया जाता है।
5. **किसान मेला/गोष्ठी:** राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अन्तर्गत उत्तम तकनीकी एवं नवीन तकनीकी के प्रचार प्रसार हेतु विभाग द्वारा ब्लाक स्तरीय मेलों/गोष्ठीयों का आयोजन किया जाता है।
6. **महिला स्वयं सहायता समूह:-** महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा उत्पादित सिंगल बड एवं बड चिप सीडलिंग पर क्रमश: रु. 1.30 व रू. 1.50 अनुदान देय है।

**जिला योजना**

1. **आधार पौधशाला अधिष्ठापन:-** आधार पौधशाला अधिष्ठापन हेतु एक कृषक को अधिकतम 25 कुन्तल अभिजनक गन्ना बीज दिया जायेगा। आधार पौधशाला में उत्पादित गन्ना बीज का वितरण पर पौधशाला धारक को 50/- प्रति कुन्तल की दर से अनुदान देय होगा।
2. **प्राथमिक पौधशाला अधिष्ठापन :-** प्राथमिक पौधशाला अधिष्ठापन हेतु एक कृषक को अधिकतम 50 कुन्तल आधार गन्ना बीज दिया जायेगा। प्राथमिक पौधशाला में उत्पादित गन्ना बीज के वितरण पर 25/- प्रति कुन्तल की दर से अनुदान देय होगा।
3. **अभिजनक बीज यातायात:-** अभिजनक गन्ना बीज (ब्रीडर) शोध केन्द्र अभिजनक गन्ना बीज (ब्रीडर) शोध केन्द्र/कृषक प्रक्षेत्र से यातायात हेतु रू. 15/- प्रति कुन्तल की दर से अनुदान देय होगा। अभिजनक बीज यातायात हेतु अधिकतम 25 कुन्तल प्रति लाभार्थी पर अनुदान अनुमन्य होगा।
4. **आधार बीज यातायात:-** कृषको के यहाँ स्थापित आधार पौधशालाओं में उत्पादित आधार बीज से प्राथमिक पौधशालाओं की स्थापना हेतु रू. 7/- प्रति कुन्तल की दर से यातायात अनुदान देय होगा। आधार बीज यातायात हेतु अधिकतम 50 कुन्तल प्रति लाभार्थी पर अनुदान अनुमन्य होगा।
5. **बीज एवं भूमि उपचार एवं पेडी प्रबन्धन कार्यक्रम:-** बीज एवं भूमि उपचार एवं पेडी प्रबन्धन कार्यक्रम हेतु उपयोगित कीटनाशकों के मूल्य का 50 प्रतिशत या अधिकतम रू. 900/- प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान देय होगा। अनुदान हेतु अधिकतम सीमा 4.850 हेक्टयर गन्ना क्षे. प्रति लाभार्थी अनुमन्य होगी।
6. **बायोफर्टिलाइजर/वर्मी कम्पोस्ट:-** जैव उर्वरक एवं वर्मी कम्पोस्ट के मूल्य का 50 प्रतिशत अधिकतम रू. 600 /- प्रति हेक्टेयर की दर से अनुदान देय होगा। अनुदान हेतु अधिकतम सीमा 4.850 हेक्टेयर गन्ना क्षे. प्रति लाभार्थी अनुमन्य होगी।

**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना**

1. राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के अन्तर्गत गन्ने के साथ दलहनी एवं तिलहनी फसलों की खेती को प्रोत्साहन देने हेतु 9000/रु. प्रति हेक्टे. (8000/रु. इनपुट तथा 1000/रु. कन्टीजेन्सी) की दर से एवं कृषि रक्षा रसायन एवं बायोएजेन्टस पर लाभार्थियों को लागत का 50 प्रतिशत एवं अधिकतम 500 रु. प्रति हैक्टे की दर से अनुदान दिया जाता है।

**लाभार्थी के चयन की शर्त :-** 1. कृषक गन्ना समिति का वैद्यानिक आपूर्तिकर्ता सदस्य हो। 2. कृषक गन्ने की खेती करता हो। 3. कृषक पर गन्ना समिति को एक वर्ष से अधिक पुराना कोई बकाया न हो। 4. क्षेत्र प्रदर्शन, अभिजनक बीज यातायात एवं आधार/प्राथमिक पौधशाला बीज वितरण कार्यक्रम हेतु एक कृषक को प्रत्येक मद में तीन वर्ष में एक बार ही लाभान्वित किया जायेगा। 5. प्रदर्शन एवं पौधशालाओं के प्लाट सड़क के किनारे हो, जिससे कि अधिकाधिक प्रचार-प्रसार हो सके। 6. कृषक का पंजीकरण आवश्यक है। 7. उक्त तीनों योजनान्तर्गत अनुदान की धनराशि प्राप्त होने पर ही अनुदान भुगतान किया जायेगा। गन्ना कृषक अधिक जानकारी हेतु अपने क्षेत्र के गन्ना पर्यवेक्षक, गन्ना विकास निरीक्षक, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, सचिव गन्ना समिति अथवा गन्ना विकास परिषद कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

**ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक**
**बरेली, बहेड़ी, सेमीखेडा, नवाबगंज, मीरगंज एवं फरीदपुर**
**जनपद-बरेली**

**जिला गन्ना अधिकारी**
**बरेली।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत बड़रा कासमपुर, विकास खंड भुता, जिला बरेली

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस - तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यों को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | (1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | गुणवत्ता युक्त ईंट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप, हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यों से संबंधित सामग्री। |
| 2 | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट) | (1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.) | |
| 3 | मलीय अवशिष्ट प्रबंधन | (1) सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट। | |

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती है। निविदा सूचना दिनांक 09.09.2024 अपरान्ह 1 बजे तक आमंत्रित की जा रही है जो उसी दिन दोपहर 2 बजे खोली जायेगी।

**श्री सतनाम सिंह-ग्राम प्रधान** — **श्री मुकेश कुमार-सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत धौरेरा, विकास खंड भुता, जिला बरेली

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस - तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यों को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | (1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | गुणवत्ता युक्त ईंट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप, हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यों से संबंधित सामग्री। |
| 2 | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट) | (1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.) | |
| 3 | मलीय अवशिष्ट प्रबंधन | (1) सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट। | |

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती है। निविदा सूचना दिनांक 11.09.2024 अपरान्ह 1 बजे तक आमंत्रित की जा रही है जो उसी दिन दोपहर 2 बजे खोली जायेगी।

**श्री शुभम चौधरी-ग्राम प्रधान** — **श्री मुकेश कुमार-सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत जिही, विकास खंड भुता, जिला बरेली

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस - तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यों को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | (1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | गुणवत्ता युक्त ईंट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप, हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यों से संबंधित सामग्री। |
| 2 | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट) | (1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.) | |
| 3 | मलीय अवशिष्ट प्रबंधन | (1) सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट। | |

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती है। निविदा सूचना दिनांक 12.09.2024 अपरान्ह 1 बजे तक आमंत्रित की जा रही है जो उसी दिन दोपहर 2 बजे खोली जायेगी।

**श्रीमती कुलपा देवी-ग्राम प्रधान** — **श्री मुकेश कुमार-सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत भवनपुर नियामतुल्ला, विकास खंड भुता, जिला बरेली

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस - तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यों को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | (1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | गुणवत्ता युक्त ईंट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप, हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यों से संबंधित सामग्री। |
| 2 | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट) | (1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.) | |
| 3 | मलीय अवशिष्ट प्रबंधन | (1) सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट। | |

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती है। निविदा सूचना दिनांक 13.09.2024 अपरान्ह 1 बजे तक आमंत्रित की जा रही है जो उसी दिन दोपहर 2 बजे खोली जायेगी।

**श्री नन्हू लाल-ग्राम प्रधान** — **श्री मुकेश कुमार-सचिव**

## कार्यालय ग्राम पंचायत कल्यानपुर, विकास खंड भुता, जिला बरेली

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-25 हेतु स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत ठोस - तरल अपशिष्ट प्रबंधन (एस.एल.डब्लू.एम.) के अन्तर्गत स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), 15वां वित्त आयोग, ग्राम निधि व मनरेगा की धनराशि से निम्न कार्यों को करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है-

| क्र.सं. | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | सामग्री |
|---|---|---|---|
| 1 | ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन | (1) सामुदायिक एवं संस्थागत खाद गड्ढा/कम्पोस्ट पिट। (2) कचरा वाहन (साईकिल रिक्शा/ई-रिक्शा)। (3) एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केन्द्र (आर.आर.सी.सेंटर) (4) सामुदायिक एवं संस्थागत इन्सिरेटर (भस्मक) (5) सामुदायिक वर्मी कम्पोस्टिंग | गुणवत्ता युक्त ईंट, रोड़ी, सरिया, रेता, बजरी, बजरफुट, आयरन, एंगल, टीन शेड, ई-रिक्शा/साईकिल रिक्शा, पी.वी.सी. पाइप, हैण्डपम्प मरम्मत, दीवार चित्रण आदि कार्यों से संबंधित सामग्री। |
| 2 | तरल अपशिष्ट प्रबंधन (ग्रे-वाटर मैनेजमेन्ट) | (1)- सामुदायिक एवं संस्थाओं हेतु सोक पिट (2)- फिल्टर चैम्बर (तालाबों/जलाशयों पर)। (3)- वेस्ट स्टेबलाईजेशन पौंड (डब्लू.एस.पी.) | |
| 3 | मलीय अवशिष्ट प्रबंधन | (1) सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले ब्लैक वाटर हेतु सामुदायिक एवं संस्थागत लीच पिट। | |

उपरोक्त कार्यों को कराने के लिए सामग्री की आपूर्ति कार्य स्थल पर करने हेतु अनुभवी संस्था के चयन के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जा रही है। निविदादाताओं को जी.एस.टी. फर्म का रजिस्ट्रेशन, पैन कार्ड की छायाप्रति संलग्न करनी होगी व निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा सामग्री की मात्रा घट-बढ़ सकती है। निविदा सूचना दिनांक 14.09.2024 अपरान्ह 1 बजे तक आमंत्रित की जा रही है जो उसी दिन दोपहर 2 बजे खोली जायेगी।

**श्री रमेश कुमार-ग्राम प्रधान** — **श्री मुकेश कुमार-सचिव**

# हम स्कूली बच्चों की सुरक्षा को चिंतित, नहीं टूट रही है सरकार की नींद : हाईकोर्ट

## अगर शपथ पत्र नहीं हुआ संतोषजनक तो तलब होंगे मुख्य सचिव : लखनऊ बेंच

विधि संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुरूप स्कूलों में सुरक्षा उपाय न करने पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया है। न्यायालय ने कहा है कि हमारे समक्ष भारी मात्रा में दस्तावेज प्रस्तुत कर दिए गए लेकिन एक भी दस्तावेज में स्कूली संस्थानों के निरीक्षण की बात नहीं है। न्यायालय ने अविनाश मेहरोत्रा मामले में शीर्ष अदालत द्वारा दिए गए दिशानिर्देशों के अनुपालन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देने के लिए प्रमुख सचिव स्तर के अधिकारी को नियुक्त करने व उसे कोर्ट के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया है। न्यायालय ने इस सम्बन्ध में शपथ पत्र दाखिल करने का भी आदेश दिया है, साथ ही स्पष्ट किया है कि यदि कोर्ट शपथ पत्र को संतोषजनक नहीं पाती है तो मुख्य सचिव को तलब करेगी। मामले की अगली सुनवाई 5 सितम्बर को होगी।



यह आदेश न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति बृजराज सिंह की खंडपीठ ने गोमती रिवर बैंक रेजीडेंट्स की ओर से वर्ष 2020 में दाखिल की गई जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। उक्त याचिका में शहर के आवासीय क्षेत्रों में चल रहे स्कूलों का मुद्दा खास तौर पर उठाया गया है। याचिका पर पूर्व में हुई सुनवाईयों के दौरान न्यायालय ने पाया कि सुप्रीम कोर्ट ने अविनाश मेहरोत्रा मामले में 14 अगस्त 2017 को बच्चों की सुरक्षा और स्कूलों में सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने को लेकर कुछ दिशानिर्देश जारी किए थे।

### बच्चों को कैम्पस के भीतर ही पिक-ड्रॉप कराएं

न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा है कि हजरतगंज व राज भवन के आस-पास के स्कूली संस्थान कक्षा 5 तक के बच्चों को स्कूल परिसर के भीतर से ही पिक-ड्रॉप करने की सुविधा दें। न्यायालय ने कहा कि इसके लिए स्कूल वैन्स को अनुमति दी जाए। कहा कि सड़क के अनियंत्रित ट्रैफिक में बच्चों को खतरा है। इस सम्बन्ध में न्यायालय ने संयुक्त आयुक्त, ट्रैफिक पुलिस लखनऊ को इस आदेश का एक सप्ताह में अनुपालन कराने का आदेश दिया है। न्यायालय ने कहा है कि इस सम्बन्ध में स्कूलों को यदि कोई समस्या आती है तो वे संयुक्त आयुक्त के समक्ष अपनी बात रखेंगे। इसके साथ ही न्यायालय ने अगली सुनवाई पर संयुक्त आयुक्त को भी हाजिर होने का आदेश दिया है।

# 5 हजार की रिश्वत लेने में प्रधानाचार्य गिरफ्तार

**घाटमपुर (कानपुर), अमृत विचार:** सजेती क्षेत्र के महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज भदवारा में शुक्रवार को एंटी करप्शन टीम ने 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए कार्यवाहक प्रधानाचार्य को गिरफ्तार किया है। प्रधानाचार्य पर चतुर्थ श्रेणी में संविदा पर नौकरी देने के नाम पर 15 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप है।

कानपुर से पहुंचे एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर सुशील पाराशर के नेतृत्व में टीम ने महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज भदवारा में छापेमारी कर कार्यवाहक प्रधानाचार्य रामप्रकाश वर्मा को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा। प्रधानाचार्य कानपुर देहात के सिकंदरा क्षेत्र के बुढ़ेड़ा गांव के रहने वाले हैं। उन्हें प्रधानाचार्य कक्ष से रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया और गिरफ्तार कर घाटमपुर थाने लाया गया।

# बुलंदशहर में दिनदहाड़े भाजपा नेता की हत्या

बुलंदशहर, एजेंसी



- पोतियों को स्कूल छोड़कर लौट रहे थे बदमाशों ने 4 गोलियां मारी

यहां शुक्रवार की सुबह 8 बजे के करीब अहमदगढ़ क्षेत्र के गांव हसनगढ़ में दो पोतियों को स्कूल छोड़कर लौट रहे भाजपा नेता रामवीर कश्यप की बाइक सवार अज्ञात नकाबपोश बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाकर हत्या कर दी। रामवीर कश्यप को हमलावरों ने 4 गोलियां मारी। सीने और सिर में गोली लगने से भाजपा नेता की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात के बाद हमलावर भाग गए। पुलिस ने बताया कि प्रथम द्रष्टया मामला रंजिश का लग रहा है। खुलासे के लिए 6 टीम गठित कर दी गई हैं। घटनास्थल से भी पुलिस को कुछ सबूत मिले हैं, जिनके आधार पर जांच की जा रही है। आसपास क्षेत्र के लगे सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं।

डोमला ढकनंगला गांव निवासी 55 वर्षीय रामवीर कश्यप बुलंदशहर से मौजूदा भाजपा सांसद भोला सिंह के प्रतिनिधि भी रह चुके हैं। हत्या में राजनीतिक षड्यंत्र का भी शक जताया जा रहा है। रामवीर कश्यप एलआईसी में बतौर एजेंट भी काम करते थे। गांव के प्रधान भी रह चुके हैं। रामवीर की हत्या के बाद लोगों में आक्रोश है। एसएसपी श्लोक कुमार ने घटना स्थल का मौका मुआयना किया, साथ ही मृतक प्रधान के परिवार से बात की। मृतक प्रधान के परिजनों का आरोप है कि पूर्व में भी रामवीर को जान से मारने की धमकी दी गयी थी।

# मदरसा में नकली नोट छापने वालों पर रासुका की तैयारी

**प्रयागराज, अमृत विचार।** अतरसुइया स्थित जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम मदरसा में नकली नोट छापने के मामले में पुलिस ने बुधवार को आरोपी मोहम्मद तफसीरूल आरिफीन, जाहिर खान, मोहम्मद शाहिद और मोहम्मद अफजल को गिरफ्तार किया था। उनके पास नोट बनाने की सामग्री मिलने पर सिविल लाइंस थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस अब आरोपियों पर रासुका लगाने की तैयारी कर रही है। जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम मदरसा में नकली नोट छापने वाले आरोपियों पर पुलिस रासुका लगाने की तैयारी कर रही है। आरोपी नकली नोट छापकर देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर कर रहे थे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद में मुद्रा बदलने के नाम पर ठगी

गाजियाबाद, एजेंसी

- तीन पुलिसकर्मी सहित 6 आरोपी गिरफ्तार

जिले में मुद्रा बदलने के नाम ठगी करने वाले 6 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें तीन आरोपी सचिन, अनिल और संजय पुलिसकर्मी हैं, जो आगरा, हापुड़, और गाजियाबाद में तैनात हैं। एसीपी सुरेंद्र नाथ तिवारी के अनुसार इन्द्रापुरम निवासी पीड़ित मोहम्मद शादाब ने थाना वेवसिटी में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार, दो अज्ञात व्यक्ति और दो पुलिस वर्दीधारी ने एक सफेद फार्च्यूनर कार में बैठकर उनसे और उनके भाई मेहराज एवं बहनोई डॉक्टर मौहतरम से 12.5 लाख रुपये ठगी कर ली। उन्होंने भारतीय मुद्रा के बदले दुबई की मुद्रा देने का लालच दिया था, लेकिन बदले में नकली पैकेट थमा दिया।

शुक्रवार को चेकिंग के दौरान मैनुअल इनपुट की मदद से 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इन आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 4,36,000 रुपये भी बरामद किए। एसीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि इस ठगी की साजिश में तीन सिपाही मुख्य भूमिका में थे. ये तीनों पुलिसकर्मी अपने पद का दुरुपयोग करते हुए डॉक्टर मौहतरम के साथ मिलकर ठगी को अंजाम दे रहे थे।

# राजेश वर्मा बने पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग के अध्यक्ष

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार की अनुशंसा के बाद राज्यपाल ने उप्र पिछड़ा वर्ग राज्य आयोग में करीब ढाई साल से खाली पड़ी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत 27 सदस्यों को नामित करने की स्वीकृति दे दी है। लखनऊ निवासी पूर्व सांसद राजेश वर्मा को अध्यक्ष और मीरजापुर के सोहनलाल श्रीमाली और रामपुर के सूर्य प्रकाश पाल को उपाध्यक्ष बनाया गया है।

यह जानकारी देते हुए पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रमुख सचिव सुभाष चंद्र शर्मा ने बताया कि चंदौली के सत्येंद्र कुमार बारी, सहारनपुर के मेलाराम पवार, अयोध्या के वासुदेव मौर्य, कुशीनगर के फुल बदन कुशवाहा आदि को सदस्य बनाया गया है।

# सीतापुर से हरिद्वार जा रही बस सांड़ से टकराकर पलटी, 18 श्रद्धालु घायल

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** सीतापुर से हरिद्वार जा रही तीर्थयात्रियों की बस हाईवे पर सांड़ से टकराकर पलट गई। हादसे में 18 यात्री घायल हो गए। दो की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज से लखनऊ रेफर कर दिया गया। घटना के बाद चालक बस छोड़कर भाग गया।

सीतापुर जिले के हरगांव थाना क्षेत्र के कई गांवों के 55 तीर्थयात्री बस से हरिद्वार जा रहे थे। गुरुवार रात 12:30 बजे हाईवे पर बाड़ीगांव मोड़ पर एक ढाबे के सामने छुट्टा पशुओं का झुंड आ गया। चालक ने पशुओं को बचाने का प्रयास किया। रामचंद्र मिशन और रोजा थाने की पुलिस ने लोगों की मदद से तीर्थ यात्रियों को बस से निकाला।



मौके पर मुआयना करते अफसर।

- गुरुवार देर रात हुआ हादसा, दो की हालत गंभीर, लखनऊ रेफर
- बस में सवार थे 55 लोग, दुर्घटना के बाद चालक फरार

हादसे में सीताराम पुरवा निवासी बाल गोविंद, राजू , विशंभर, ज्ञानवती, गोमती, गांव नौनेर के दयाराम, जरमापुर की लज्जावती, चांदपुर के शत्रुघ्न, उदयराज, कमला देवी, लक्ष्मणपुर के मूलचंद्र, उनकी पत्नी मूला देवी, ताहरपुर के उमेश, कटयारा गांव की मोहिनी देवी, महबूब खेड़ा की किरण, थाना तालगांव के कहमारा गांव के आशीष, कटियारा की रिंकी देवी, ध्रुव भी घायल हो गए। गंभीर घायल बाल गोविंद और राजू को लखनऊ रेफर कर दिया गया। बस का चालक भाग गया।

# कानपुर में फांसी लगाने से हुई थी महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पति के पत्नी की पीट-पीटकर हत्या करने की अफवाह उड़ी थी

**अमृत विचार:** गंगापुर कॉलोनी में संदिग्ध हालत में घर में मृत मिली महिला का शुक्रवार को पोस्टमार्टम हुआ। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला की फांसी लगाने से मौत की पुष्टि हुई। मायके पक्ष से शिकायत न मिलने पर पुलिस ने पति को छोड़ दिया। गुरुवार रात पड़ोसियों ने महिला के चीखने की आवाज सुनी थी, जिस पर पड़ोसियों ने पति को बच्चे के साथ पकड़ लिया था। पति के पत्नी की हत्या कर देने की अफवाह उड़ गई थी।

मूलरूप से साढ़ के पासीपुरवा निवासी ई-रिक्शा चालक अजय कुमार तीन वर्षों से गंगापुर ईडब्लूएस कॉलोनी में पत्नी सोनी (28) व बेटे अभय (5) के साथ रहता है। गुरुवार रात पड़ोसियों ने बताया था कि अजय नशे की हालत में घर पहुंचा था, इसके बाद पति पत्नी में झगड़ा हुआ। देर रात अजय बेटे को लेकर भागता हुआ दिखा तो लोगों ने पकड़ लिया। उसे घर में लेकर पहुंचे तो सोनी का शव जमीन पर पड़ा था, लोगों ने पुलिस को हत्या की सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा कर पति को हिरासत में ले लिया था। शुक्रवार को पोस्टमार्टम हुआ, जिसमें फांसी लगाने से मौत की पुष्टि हुई।

# विद्युत आपूर्ति की बाधाओं को करें दुरुस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- ऊर्जा मंत्री ने विद्युत चोरी करने वाले वालों पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

**अमृत विचार:** उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण अनवरत विद्युत आपूर्ति मिले, आगामी गर्मी में विद्युत आपूर्ति में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो, लोगों को बार-बार की ट्रिपिंग से मुक्ति मिले, इसके लिए व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर गंभीरता से काम किया जाए। निर्माणाधीन उपकेंद्रों के निर्माण कार्यों को समय से पूरा किया जाए। विद्युत की सुचारू आपूर्ति में आ रहे व्यवधानों को आगामी 04 महीने में दुरुस्त करें। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री ने शुक्रवार को नोएडा, ग्रेटर नोएडा, जेवर एवं दादरी सहित गौतमबुद्धनगर जिले की विद्युत व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण, विद्युत आपूर्ति, चल रहे विकास कार्यों की प्रगति आदि की नोएडा में समीक्षा की। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जिन क्षेत्रों में लो-वोल्टेज, ओवरलोडिंग आदि की समस्या है, वहां ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि के साथ ही, विद्युत चोरी की आशंका से अभियान भी चलाया जाए। उन्होंने विद्युत चोरी करने वाले वालों पर सख्त कार्रवाई करने तथा बड़े बकाएदारों से बकाया वसूलने के भी निर्देश दिए।

# सिपाही भर्ती परीक्षा: प्रपत्रों से छेड़छाड़ में तीन गिरफ्तार

**कानपुर, अमृत विचार:** सिपाही भर्ती परीक्षा में शुक्रवार को दो थानाक्षेत्रों में तीन अभ्यर्थी गिरफ्तार किए गए। परीक्षार्थियों के आधार कार्ड तथा हाईस्कूल की मार्कशीट में रिकार्ड में अंतर पाया गया।

नजीराबाद थानाक्षेत्र में एएनडी कॉलेज हर्ष नगर परीक्षा केन्द्र से दो को गिरफ्तार किया गया। नजीराबाद थाना प्रभारी अमान सिंह ने बताया कि राजेश सिंह मथुरा और चरन सिंह मैनपुरी को प्रपत्रों में छेड़छाड़ के आरोप में गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की गई। इसी प्रकार छावनी थानाक्षेत्र में स्थित जुहारी देवी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में प्रथम पाली में अभ्यर्थी प्रदीप सिंह निवासी खिरिया नगवा, चितैन, किसनी, मैनपुरी के प्रपत्रों में अंतर मिला। सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# तेज रफ्तार कार ने 6 छात्रों समेत 12 को रौंदा

बांदा, संवाददाता

**अमृत विचार :** बेकाबू कार ने 6 छात्रों समेत 12 राहगीरों को रौंद दिया सभी लोग घायल हो गए। इसमें दो छात्रों को गंभीर चोटें आईं। बाकी घायलों को नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना से आक्रोशित छात्रों और ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। जाम काफी देर तक लगा रहा। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को शांत कराया।

शुक्रवार की दोपहर ओरन कस्बे में स्थित इंटर कालेज की छुट्टी हुई थी। सभी छात्र स्कूल से निकल कर सड़क पर आ गए। इसी बीच अतर्रा की तरफ से आ रही बेकाबू कार ने छात्रों, आटो रिक्शा, बाइक चालकों को टक्कर मारते हुए कालका शिवहरे की मिठाई की दुकान में जा घुसी। हादसे में राहगीर और छात्रों समेत 12 लोग घायल हो गए। घायलों में छात्र बुद्ध विलास यादव पुत्र रामनिहोर निवासी उतरवां, रोहित, प्रशांत, ओमकार, अमर कुशवाहा, लवकुश कुशवाहा, के अलावा अन्य राहगीर राजेश उतरवां, विनोद तेंदुरा, निर्मला बिसंडी, लवकुश चुहका पुरवा भी घायल हो गए। सभी घायलों को नजदीक स्थित अस्पताल में इलाज कराया गया। जहां डॉक्टरों ने गंभीर रूप से घायल छात्र बुद्धविलास और रोहित को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हादसे से आक्रोशित छात्रों और ग्रामीणों ने जाम लगा दिया। जाम काफी देर तक लगा रहा। एसडीएम अतर्रा रविंद्र कुमार भी पहुंच गए। किसी तरह छात्रों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया।



दुर्घटनाग्रस्त कार व जाम लगाए कस्बेवासी व छात्र। ● अमृत विचार

- घटना से उत्तेजित छात्रों व ग्रामीणों ने लगाया जाम

### भाजपा सरकार में बदली देश व प्रदेश की तस्वीर: चौधरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार में देश व प्रदेश की तस्वीर बदली है। सशक्त भाजपा-विकसित भारत के संकल्प के साथ सदस्यता अभियान में केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं व नीतियों को लेकर जनता के बीच पहुंचेंगे और विपक्ष द्वारा फैलाये गई झूठ, भ्रम व देश व समाज को तोड़ने की राजनीति को बेनकाब करने का काम करेंगे। वे शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय पर विभाग एवं प्रकोष्ठों की सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित प्रदेश कार्यशाला में बोल रहे थे। कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। सदस्यता अभियान के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क करते हुए जनमानस को भाजपा परिवार से जोड़ने का काम करना है।

## वर्ग पहेली-177

**बाएं से दाएं**

1. स्वामित्व, वह हक या धन जो किसी चीज़ के मालिक को उसके स्वामित्व के बदले में मिलता हो।

5. 1. भांजने की क्रिया या भाव 2. भांजने का पारिश्रमिक 3. रुपयों या सिक्कों आदि को भुनाने के लिए दी जाने वाली राशि, भुनाई 4. कागज़ को परतों में मोड़ने की क्रिया।

6. वाक्य में पदों (शब्दों) को जोड़ने या बिठाने की क्रिया या भाव।

8. 1. निराहार 2. भोजनार्थी 3. जिसको भोजन न मिला हो 4. किसी चीज़ की चाह रखने वाला।

9. सप्ताह का एक दिन, इतवार, आदित्यवार।

**ऊपर से नीचे**


2. 1. वह व्यक्ति जो धनवान के साथ-साथ कंजूस भी हो 2. मुसलमानी कथाओं में एक धनवान और कंजूस मिथकीय चरित्र जो हजरत मूसा का चचेरा भाई था।

3. 1. शर्म में पड़ना, लज्जित होना 2. सकुचाना, संकोच करना, लाज या शर्म से सिर नीचा करना।

4. ईसवी कैलेंडर का वह वर्ष जिसमें 366 दिन होते हैं, वह ईसवी सन जिसमें फ़रवरी का महीना 29 दिन का हो; अधिवर्ष।

5. भग्न होना, टूटना, टुकड़े-टुकड़े होना।

7. एक पौधा जिसके बीज के अंदर का सफ़ेद हिस्सा खाने में उपयोग होता है, एक प्रसिद्ध मेवा, तालमखाना।



### वर्ग पहेली -176 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | रि | स | मा | प | 2 न |
| | | | | | की |
| | 3 म | | 4 ले | | ब |
| 5 का | ट | 6 क | प | ट | |
| | 7 र | ला | ना | | 8 सु |
| 9 गं | | वा | | | दू |
| 10 धा | ता | | 11 ज | वा | र |

## सुडोकू -90

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 7 | | | 3 | 1 | | |
| | | 3 | | | | | 4 | |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | 9 |
| | | | 9 | 1 | | 3 | | 2 |
| 9 | 4 | | | | | | 5 | 7 |
| 3 | | 8 | | 5 | 6 | | | |
| 2 | | 5 | | 7 | | 4 | | |
| | 1 | | | | | 8 | | |
| | | 9 | 4 | | | 2 | | 1 |

### सुडोकू -89 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 4 | 3 | 5 | 2 | 1 | 9 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 1 | 7 | 6 | 2 | 4 | 3 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 5 | 8 | 3 | 1 |
| 9 | 1 | 8 | 6 | 4 | 3 | 7 | 5 | 2 |
| 3 | 5 | 7 | 8 | 2 | 1 | 4 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 6 | 1 | 5 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 |
| 7 | 6 | 2 | 5 | 1 | 9 | 3 | 8 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 31 अगस्त शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-त्रयोदशी 1 सितंबर 03.40 तक तत्पश्चात चतुर्दशी।

**मेष:** आज कारोबार में आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। प्रशासन से संबंधित जातकों को व्यावसायिक सफलता मिल सकती है। लेखन से जुड़े लोग कुछ नया सीखने का प्रयास करेंगे। अनावश्यक कार्यों में अपना कीमती समय बर्बाद न करें।

**वृष:** आज लंबी यात्रा पर जाने का विचार बनाएंगे। मनोवांछित परिणाम मिलने से उत्साहित रहेंगे। विवाह योग्य जातकों को उत्तम रिश्ते मिल सकते हैं। कार्यक्षमता के अनुसार काम करने से लाभ प्राप्त होगा। कला, साहित्य और संगीत में आप रुचि लेंगे।

**मिथुन:** आज संतान के व्यवहार से बहुत खुश होंगे। लोग आपसे मार्गदर्शन की अपेक्षा रखेंगे। बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। राजनीतिक संपर्कों का लाभ उठाएंगे। शेयर मार्केट और बैंकिंग से जुड़े लोगों को उत्तम लाभ प्राप्त होगा।

**कर्क:** आज व्यापार में जबरदस्त लाभ मिल सकता है। पद और अधिकार की आकांक्षा बढ़ेगी। बिना कहे लोगों की सहायता करेंगे, जिससे आपका यश बढ़ेगा। दांपत्य जीवन में मधुरता रहेगी। प्रत्येक कार्य को सलीके से करने का प्रयास करें।

**सिंह:** आज विरोधी आपका मजाक उड़ा सकते हैं। दांपत्य जीवन में अनबन हो सकती है। अचानक अतिथियों के आगमन से परेशान हो सकते हैं। कारोबार को लेकर किसी विशेषज्ञ की सलाह ले सकते हैं। सरकारी कार्यों में थोड़ी बाधा आ सकती है।

**कन्या:** आज मन में कुछ नया और प्रयोगात्मक करने की इच्छा होगी। रोजमर्रा के कार्यों में आपका मन लगेगा। नई स्थितियों के साथ तालमेल बिठाने में आसानी होगी। धन की स्थिति काफी मजबूत होगी। ऑफिस में आपके कार्यों की प्रशंसा हो सकती है।

**तुला:** आज दोस्तों के साथ शॉपिंग करने जा सकते हैं। अधिकारी वर्ग से आपके संबंध मधुर होंगे। कारोबार में आ रही अड़चनें पूरी तरह से दूर होंगी। घर का माहौल काफी शांत रहेगा। धार्मिक स्थल पर एकांत में समय बिताएंगे।

**वृश्चिक:** आज आपको कर्ज लेना पड़ सकता है। कहीं बाहर खाने का विचार बना सकते हैं। अपने सिद्धांतों के साथ समझौता न करें। गृहस्थ जीवन में सुख और संतोष की अनुभूति होगी। विदेश से जॉब के प्रस्ताव आपको मिलेंगे।


**धनु:** आज अजनबियों पर ज्यादा भरोसा न करें। व्यस्तता के बावजूद परिवार को समय देंगे। विद्यार्थी वर्ग के लिए समय बहुत ही अच्छा है। आपके स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं। प्रबंधन क्षेत्र से जुड़े लोगों को बेहतरीन परिणाम मिलेंगे।

**मकर:** आज पुराने अटके हुए कार्य पूरे हो सकते हैं। अपने काम को अन्य लोगों के बीच बांट दें। लवमेट के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में आपको काफी बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। नौकरी-व्यवसाय से जुड़े मुद्दे हल हो जाएंगे।

**कुंभ:** आज कार्यशैली में समय के अनुसार परिवर्तन लाना उचित होगा। मार्केटिंग और मीडिया से जुड़े लोगों को शानदार सफलता मिल सकती है। जॉब संबंधित इंटरव्यू के लिए जा सकते हैं। आपकी परिस्थितियां अनुकूल रहने वाली है।

**मीन:** आज किसी प्रिय व्यक्ति से शानदार मुलाकात होगी। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। बच्चों की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। कार्यक्षेत्र में सुखद अनुभव प्राप्त होंगे। घर में सुख-शांति बनी रहेगी। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-शरद।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुष्य 19.39 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
शान — सुबह : 10.35
लश्कर — रात : 07.50

**&pictures**
भोला — सुबह : 11.15
कार्तिक कालिंग कार्तिक — रात : 08.00

**SONY PIX**
सैन एंड्रियास — सुबह : 10.03
एंजेल हैज फॉलेन — रात : 09.00

**ZEE ACTION**
रावण राज — सुबह : 10.54
दबंग 3 — रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
पावर अनलिमिटेड — सुबह : 09.41
भोला शंकर — रात : 08.00

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी एक्शन पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

छोरो- तू वाट्सऐप पर है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो मेरे घर हूं।
छोरो- मेरा मतलब है, वाट्सऐप यूज करती है क्या?
छोरी- नहीं मैं तो गोरी होने के लिए क्रीम यूज करती हूं।
छोरो- मेरी मां वाट्सऐप चलाना आता है क्या?
छोरी- तू चला लेना मैं पीछे बैठ जाऊंगी।

पत्नी- मैं रोज पूजा करती हूं, काश एक दिन भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाए।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले, फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

## बरेली मंडी

वनस्पति तेल तिलहन –तुलसी 2165, राज श्री 1460, फ़ॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 2050, फॉर्चुन ली. 1625, जय जवान 1570, सचिन 1600, सूरज 1595, अवसर 1685, राग गोल्ड 1720, गृहणी ली 1610, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1715, चक्र टिन 1980, ब्लू 1730, आशीर्वाद मस्टर्ड 1995, स्वास्तिक 2130 । किराना–( प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 17000, जीरा 31000, लाल मिर्च 17000–20000, धनिया 8000–10000, अजवायान 15500–23000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रतिकि0) लौंग 800–900, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 800, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–900 । चावल – ( प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10100, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5150, शर्बती स्टीम 5200, डायमंड मंसूरी 4700, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9600, राजभोग 7350, हरी पत्ती ( 1किलो,5किलो ) 10500, हरी पत्ति नेचुरल नया 10400, जेनिथ 10600, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4950, खजाना 4950 । दाल दलहन –मूंग दाल इंदौर 10200, मूंग धोवा 10800, राजमा चित्रा 13700–14600, राजमा भूटान नया 12300, मलका काली 7050–7500 मलका दाल 7275–7900, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 9800–10400, मसूर दाल छोटी 8900–9500, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13900, उड़द धोवा 11900–12900,चना काला 8850, दाल चना 9450, लाल हिंदुस्तान 9550, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 10000, चना अकोला 8900, डबरा 10200–11200, सच्चा हीरा 13400, मोटा हीरा 15300, अरहर गोला मोटा 14600, अरहर पटका मोटा 14800, अरहर कोरा मोटा 15300, अरहर पटका छोटा 15300–15700, अरहर कोरी छोटी 16100 ।चीनी –डालमियां 4110, पीलीभीत 4100, नवाबगंज 4090, बहेड़ी 4100 ।

## सर्राफा

बरेली

| | |
|---|---|
| गोगोल्ड ( पक्के जेवर ) | 74000 |
| गोल्ड ( गिन्नी जेवर ) | 73000 |
| सिल्वर ( पक्की ) | 865 ( अनुमानित ) |

# देश की जीडीपी गिरी, जून तिमाही में 6.7%

## 15 महीने के निचले स्तर पर, फिर भी तेजी से बढ़ने वाली वैश्विक अर्थव्यवस्था बना भारत



नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2024-25 की पहली अप्रैल-जून तिमाही में घटकर 15 महीने के निचले स्तर 6.7% पर आ गई। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक कृषि और सेवा क्षेत्रों के खराब प्रदर्शन से वृद्धि दर घटी है।

एक साल पहले वित्त 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 8.2% रही थी। अप्रैल-जून तिमाही में चीन की जीडीपी वृद्धि दर 4.7% रही है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही के दौरान कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर दो प्रतिशत रही। 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही में यह आंकड़ा 3.7% था। दूसरी ओर विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि सालाना आधार पर 5 से बढ़कर चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 7% हो गई।

**कृषि क्षेत्र में वृद्धि 3.7 से घटकर 2% रही :** कृषि क्षेत्र में जीवीए (सकल मूल्य वर्धन) वृद्धि 3.7 से घटकर 2% रह गई। वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं में जीवीए वृद्धि भी सालाना आधार पर 12.6 से घटकर 7.1% रह गई। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि जीडीपी वृद्धि 2023-24 की चौथी तिमाही के मुकाबले 2024-25 की पहली तिमाही में धीमी हो गई (7.8 प्रतिशत से घटकर पांच तिमाही के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर)।

### जुलाई में उद्योग के लिए बैंक कर्ज 10.2% बढ़ा

**मुंबई।** आरबीआई ने कहा कि जुलाई, 2024 में उद्योग को बैंक कर्ज 10.2% बढ़ा, जबकि पिछले साल यह 4.6% था। बैंक ऋण के संबंध में आरबीआई के अनुसार, कृषि और संबद्ध गतिविधियों के लिए ऋण वृद्धि भी मजबूत रही। इसमें जुलाई, 2024 में 18.1 की वृद्धि दर्ज हुई, जो पिछले साल 16.7% थी। प्रमुख उद्योगों में रसायन और रासायनिक उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण, पेट्रोलियम, कोयला उत्पाद और परमाणु ईंधन तथा बुनियादी ढांचे के लिए ऋण में जुलाई में सालाना आधार पर अधिक वृद्धि दर्ज की गई। मूल धातु और धातु उत्पाद तथा वस्त्र क्षेत्र के लिए ऋण में कमी आई।

### एचपीआई जून तिमाही में घटकर 3.3 प्रतिशत पर

**मुंबई।** अखिल भारतीय आवास मूल्य सूचकांक (एचपीआई) चालू वित्त वर्ष (2024-25) की अप्रैल-जून तिमाही में घटकर 3.3% रह गया। गत वर्ष यह 5.1% पर था। आरबीआई 10 प्रमुख शहरों में पंजीकरण प्राधिकरण से प्राप्त लेनदेन-स्तर के आंकड़ों पर एचपीआई जारी करता है। ये शहर- अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ और मुंबई हैं। आरबीआई ने कहा कि अखिल भारतीय एचपीआई में 2024-25 की पहली तिमाही में 3.3% की सालाना वृद्धि हुई। पिछली तिमाही में इसमें 4.1% और गत वर्ष 5.1% की वृद्धि हुई थी।

### आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटाकर 6.1% पर

**नई दिल्ली।** कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के उत्पादन में गिरावट से जुलाई में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर घटकर 6.1% रह गई है। हालांकि, यह मासिक आधार पर जून के 5.1% से ज्यादा रही है। शुक्रवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। जुलाई, 2023 में आठ बुनियादी उद्योगों- कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली क्षेत्र का उत्पादन 8.5% की दर से बढ़ा था। अप्रैल-जुलाई में बुनियादी उद्योगों का उत्पादन 6.1% बढ़ा है, जबकि इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 6.6% की दर से बढ़ा था।

# वित्तिय प्रौद्योगिकी क्षेत्र के विकास के लिए कार्यरत है सरकार : मोदी

मुंबई, एजेंसी



- ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में साइबर धोखाधड़ी रोकने तथा डिजिटल समझ बढ़ाने का किया आह्वान

प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि सरकार वित्तीय प्रौद्योगिकी (फिनटेक) क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत स्तर पर विभिन्न कदम उठा रही है। मोदी ने कहा कि इस क्षेत्र में 10 वर्षों में 31 अरब डॉलर से अधिक का निवेश हुआ है। एंजल टैक्स को समाप्त करना भी इस क्षेत्र की वृद्धि की दिशा में एक कदम है। उन्होंने नियामकों से साइबर धोखाधड़ी की जांच के लिए अतिरिक्त उपाय करने को कहा, जिसका स्टार्टअप पर बुरा असर हो सकता है।

प्रधानमंत्री पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया, नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया और फिनटेक कन्वर्जेंस काउंसिल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट (जीएफएफ) 2024 को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने नियामकों से साइबर धोखाधड़ी रोकने तथा लोगों की डिजिटल समझ बढ़ाने के लिए और कदम उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वित्तीय सेवाओं के लोकतंत्रीकरण में वित्तीय प्रौद्योगिकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मोदी ने कहा कि भारत में वित्तीय प्रौद्योगिकी क्षेत्र द्वारा लाया गया बदलाव केवल प्रौद्योगिकी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसका सामाजिक प्रभाव दूरगामी है।

### भारत डिजिटल भुगतान में वैश्विक नेता के रूप में खड़ा

आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि डिजिटल प्रौद्योगिकियां वित्तीय समावेश का विस्तार करने, दक्षता में सुधार लाने और देश भर में वास्तविक समय में सेवाएं सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण रही हैं। दास ने कहा कि आज भारत डिजिटल भुगतान में वैश्विक नेता के रूप में खड़ा है, यह उपलब्धि सक्रिय नीति निर्माण को नवाचार तथा प्रौद्योगिकी प्रगति के साथ जोड़कर हासिल की गई है। नीति निर्माताओं, नियामकों और नवप्रवर्तकों के बीच सहयोग भारत की वित्तीय प्रौद्योगिकी यात्रा को परिभाषित करता है।

# सेबी ने 39 शेयर, सात जिंस ब्रोकर का पंजीकरण रद किया

नई दिल्ली, एजेंसी

- 22 डिपॉजिटरी प्रतिभागियों का भी पंजीयन हुआ निरस्त

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शुक्रवार को 39 शेयर ब्रोकर और 7 जिंस ब्रोकर का पंजीकरण रद कर दिया। पंजीकरण अनिवार्यताएं पूरी न करने पर ये कार्रवाई हुई है। नियामक ने उन 22 डिपॉजिटरी प्रतिभागियों का पंजीकरण भी निरस्त कर दिया, जो अब किसी भी डिपॉजिटरी से संबद्ध नहीं हैं।

सेबी ने तीन अलग आदेशों में कहा कि इन इकाइयों के पंजीकरण प्रमाणपत्र को रद करने का कारण उन्हें डिपॉजिटरी का सक्रिय भागीदार या मान्यता प्राप्त स्टॉक एक्सचेंज का सदस्य बने बिना अपने सेबी पंजीकरण का दुरुपयोग करने से रोकना है।

### फिनफ्लूएंसर के नियमों में संशोधन

सेबी ने गैर-पंजीकृत फिनफ्लूएंसर को विनियमित करने के लिए मानदंडों में संशोधन किया है। ऐसे व्यक्तियों से जुड़े संभावित जोखिम पर बढ़ती चिंताओं के देखते हुए ऐसा किया गया है। इंटरनेट मीडिया पर वित्तीय जानकारी देने वालों को फिनफ्लूएंसर कहा जाता है।

# शेयर बाजारों में तेजी, मजबूत रुख से सेंसेक्स और निफ्टी नए शिखर पर

- बड़ी कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से बाजार को मिला बल

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में मजबूती और विदेशी कोषों की लिवाली से शुक्रवार को सेंसेक्स और निफ्टी अपने नए उच्चस्तर पर पहुंच गए। भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इन्फोसिस के शेयरों में खरीदारी से बाजार को बल मिला।

9वें कारोबारी सत्र में तेजी से सेंसेक्स 231.16 अंक या 0.28% चढ़कर 82,365.77 अंक के उच्चस्तर पर बंद हुआ। बीएसई पर कुल 2,228 शेयरों में तेजी आई, जबकि 1,701 में गिरावट आई रही। एनएसई का निफ्टी 83.95 अंक या 0.33 % बढ़कर 25,235.90 अंक के उच्चस्तर पर पहुंच गया। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि वैश्विक बाजार सितंबर में ब्याज दरों में कटौती के अमेरिकी फेडरल रिजर्व के आश्वसन से प्रभावित हैं। अमेरिकी और भारतीय बाजारों ने हाल के उच्चस्तर को फिर से हासिल कर लिया है।

# ट्राई ने असत्यापित एसएमएस की जांच की समयसीमा बढ़ाई

नई दिल्ली, एजेंसी

- नियामक ने एक अक्टूबर की अंतिम तिथि तय की, पहले एक सितंबर तक का दिया था समय

भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) ने दूरसंचार परिचालकों के लिए उन एसएमएस के पारेषण की जांच करने की समयसीमा बढ़ाकर एक अक्टूबर कर दी है, जिनमें वेब लिंक हैं और जो श्वेतसूची में नहीं हैं। ट्राई ने उन सभी वेब लिंक वाले सभी संदेशों को ब्लॉक करने के लिए एक सितंबर की तिथि तय की थी, जो श्वेतसूची में नहीं हैं। नियामक ने कहा कि दूरसंचार संचालकों द्वारा अतिरिक्त समय के अनुरोध पर एक महीने का विस्तार दिया गया है। ट्राई ने यूआरएल/एपीके/ओटीटी लिंक को श्वेतसूची में डालने के संबंध में 20 अगस्त, 2024 को जारी निर्देश का पालन करने के लिए एक्सेस प्रदाताओं को एक महीने का विस्तार दिया है। सभी एक्सेस प्रदाता यह सुनिश्चित करें कि यूआरएल/एपीके/ओटीटी लिंक वाले ट्रैफिक जो श्वेतसूची में नहीं हैं उनको एक अक्टूबर, 2024 से अनुमति नहीं दी जाएगी।

# विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 681.7 अरब डॉलर हुआ

- गत सप्ताह 4.55 अरब डॉलर का हुआ था इजाफा

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी इजाफा होने से समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 7.02 अरब डॉलर को बढ़ोतरी लेकर 681.7 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। वहीं, पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.55 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 674.7 अरब डॉलर पार रहा था। रिजर्व बैंक के अनुसार 23 अगस्त को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.98 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 597.6 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इस अवधि में स्वर्ण भंडार 89.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 60.99 अरब डॉलर हो गया।



## एक नजर

### बिहार के डीजी आलोक को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार

**पटना।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी एवं सतर्कता महानिदेशक आलोक राज को शुक्रवार को बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया । भारतीय पुलिस सेवा के 1989 बैच के अधिकारी बिहार के पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी का स्थान लेंगे, जिन्हें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है। राज्य के गृह विभाग के अनुसार राज्य सरकार में महानिदेशक (सतर्कता) के पद पर तैनात आलोक राज को डीजीपी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। केंद्र सरकार ने बुधवार को भट्टी को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा (सीआईएसएफ) का नया महानिदेशक नियुक्त किया। भट्टी (बिहार कैडर के 1990 बैच के आईपीएस) ने दिसंबर 2022 में बिहार के डीजीपी का पदभार संभाला था।

### थाने में पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मारी, गंभीर

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पहाड़गंज थाने में शुक्रवार को हेड कांस्टेबल ने कथित तौर पर सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। पुलिसकर्मी का उपचार किया जा रहा है और उसकी हालत गंभीर बताई गई है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि अपराह्न दो बजे हेड कांस्टेबल सुरेंद्र ने थाने के बैरक में खुद के सिर में गोली मार ली।

### पीएफआई नेता ओएमए सलाम की जमानत रद

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के नेता ओएमए सलाम को इस प्रतिबंधित संगठन और इसके सदस्यों के खिलाफ आतंकवाद रोधी कानून यूएपीए के तहत दर्ज मामले में अंतरिम जमानत देने से शुक्रवार को मना कर दिया। न्यायमूर्ति एम प्रतिभा सिंह और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ ने दो हफ्ते की रिहाई देने के अनुरोध वाली सलाम की याचिका पर कहा कि जमानत देने का कोई मामला नहीं बनता है।

### वक्फ विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति की बैठक

**नई दिल्ली।** विवादास्पद वक्फ (संशोधन) विधेयक पर मुस्लिम संगठनों के विचार सुनने के लिए संसद की संयुक्त समिति की शुक्रवार को दूसरी बार बैठक हुई। विधेयक का उद्देश्य केंद्रीकृत पोर्टल से वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण की प्रक्रिया में सुधार करना है। बैठक में भाजपा के जगदंबिका पाल की अध्यक्षता वाली समिति मुंबई स्थित ऑल इंडिया सुन्नी जमीयतुल उलेमा और दिल्ली स्थित इंडियन मुस्लिम्स फॉर सिविल राइट्स (आईएमसीआर) सहित अन्य हितधारकों के विचार सुनेगी।

# ममता बोलीं- दुष्कर्म-हत्या पर बनाएं कड़े कानून

## प्रधानमंत्री को फिर लिखा पत्र, बनर्जी ने देशव्यापी आक्रोश के बाद ही लिखा था पत्र और की थी मांग

कोलकाता, एजेंसी

कोलकात्ता कांड

- बोलीं- प्रधानमंत्री से उन्हें नहीं मिला जवाब, लेकिन केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री से मिला है पत्र



प. बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शुक्रवार को पत्र लिखकर दुष्कर्म-हत्या जैसे अपराधों के लिए कड़े केंद्रीय कानून और कठोर सजा का प्रावधान किए जाने का अनुरोध दोहराया। बनर्जी ने नौ अगस्त को कोलकाता स्थित आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना पर देशव्यापी आक्रोश के बाद कुछ दिन पहले भी मोदी को पत्र लिखा था। ममता ने इस मामलों के समयबद्ध निपटारे के लिए अनिवार्य प्रावधान की मांग की।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा था कि उनकी सरकार की नीति दुष्कर्म संबंधी घटनाओं को कतई बर्दाश्त न करने की है और इन मामलों से संबंधित कानूनों में संशोधन के लिए विधानसभा में विधेयक पारित होगा, ताकि अपराधियों के लिए मृत्युदंड सुनिश्चित किया जा सके। बनर्जी ने पत्र में लिखा कि उनके द्वारा उठाए मुद्दे पर प्रधानमंत्री से अभी तक उन्हें जवाब नहीं मिला है लेकिन उन्हें केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री से पत्र मिला है। बनर्जी ने कहा कि महिला एवं बाल विकास मंत्री का पत्र उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे की गंभीरता को बमुश्किल दर्शाता है। उन्होंने लिखा कि इस सामान्य उत्तर को भेजते समय विषय की गंभीरता और समाज के लिए इसकी प्रासंगिकता को पर्याप्त रूप से नहीं समझा गया। मुख्यमंत्री ने लिखा कि राज्य सरकार ने 10 विशेष पॉक्सो (यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम) अदालतों को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि बंगाल में 88 त्वरित विशेष अदालतें और 62 नामित पॉक्सो अदालतें पहले से हैं। राज्य में दो हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध हैं।

### महिलाओं ने महिला आयोग के कार्यालय पर ताला जड़ा

**कोलकाता।** भाजपा की वरिष्ठ महिला नेताओं ने डॉक्टर से हुई दरिंदगी पर बंगाल महिला आयोग की चुप्पी को लेकर शुक्रवार को उसके कार्यालय पर सांकेतिक ताला लगा दिया। पार्टी की वरिष्ठ महिला नेताओं और महिला मोर्चे की सदस्यों ने अलग-अलग रैलियां निकालीं और आयोग पर महिला डॉक्टर के मामले में बयान तक जारी नहीं करने का आरोप लगाया। भाजपा विधायक अग्निमित्रा पॉल, पूर्व सांसद लॉकेट चटर्जी और पूर्व केंद्रीय मंत्री देबाश्री चौधरी सहित पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल पुलिस के साथ लंबी बहस के बाद आयोग कार्यालय के अंदर गया। पॉल ने बताया कि हम 'करुणामयी' में आयोग भवन के अंदर गए, अध्यक्ष लीना गंगोपाध्याय सहित आयोग के अधिकारियों से मिले और मामले में आयोग की चुप्पी का विरोध किया।

### पूर्व प्राचार्य से लगातार 14वें दिन भी पूछताछ जारी

कोलकाता। महिला चिकित्सक से कथित दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या के मामले की जांच कर रही सीबीआई ने शुक्रवार को लगातार 14वें दिन संस्थान के पूर्व प्रधानाचार्य संदीप घोष को पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि घोष से इस जघन्य अपराध के बारे में पूछताछ की जा रही है। वह अस्पताल में कथित वित्तीय कदाचार मामले में भी एजेंसी के रडार पर हैं एवं पहले ही उनके और अन्य संस्थाओं के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है। पिछले गत रविवार को पूर्व प्रधानाचार्य के आवास की तलाशी ली और उनसे पूछताछ की।

# अकाल तख्त ने बादल को घोषित किया तनखैया

अमृतसर, एजेंसी



- बादल बोले- वह तख्त के आदेश को सिर झुकाकर स्वीकार करते हैं
- सरकार की गलतियों के लिए धार्मिक कदाचार का दोषी ठहराया

सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था अकाल तख्त ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को 2007 से 2017 तक उनकी पार्टी की सरकार द्वारा की गई गलतियों के लिए धार्मिक कदाचार का दोषी- तनखैया करार दिया। घोषणा के तुरंत बाद बादल ने कहा कि वह अकाल तख्त के आदेश को सिर झुकाकर स्वीकार करते हैं।

बादल ने एक्स पर पंजाबी में किए पोस्ट में कहा कि वह जल्द ही माफी मांगने के लिए अकाल तख्त के सामने पेश होंगे। पांच तख्तों के सिंह साहिबान की बैठक के बाद अकाल तख्त के जत्थेदार ज्ञानी रघबीर सिंह ने कहा कि सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया है कि बादल जब उपमुख्यमंत्री और शिअद अध्यक्ष थे, तब उन्होंने ऐसे फैसले किए, जिनसे पार्टी प्रभावित हुई और सिखों के हितों को नुकसान पहुंचा। सिंह ने अकाल तख्त परिसर से फैसला सुनाते हुए कहा कि जब तक बादल अपने पापों के लिए माफी नहीं मांग लेते, तब तक वे तनखैया बने रहेंगे। सिंह ने बादल से 15 दिनों के भीतर व्यक्तिगत रूप से पेश होने और माफी मांगने को कहा।

# बैंक रिकवरी एजेंट को सुप्रीम कोर्ट ने कहा गुंडों का समूह

नई दिल्ली, एजेंसी

- बंगाल पुलिस को दो माह में संबंधित के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल करने का दिया निर्देश

सुप्रीम कोर्ट ने ऋण चुकता करने के बावजूद वाहन न लौटाने को लेकर बैंक के रिकवरी एजेंट फर्म को गुंडों का समूह करार देते हुए बंगाल पुलिस को दो माह में संबंधी कंपनी के खिलाफ आरोप-पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने पीड़ित देवाशीष बसु रॉय चौधरी को मुआवजा देने का निर्देश दिया।

पीठ ने बैंक ऑफ इंडिया को रिकवरी एजेंट से राशि वसूलने का भी निर्देश दिया। चौधरी ने कोलकाता में बस चलाने के इरादे से 15.15 लाख का ऋण लिया था। पीठ ने हालिया आदेश में कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट की टिप्पणियों और याचिकाकर्ताओं की दलीलों के मद्देनजर प्रतिवादी संख्या-चार (रिकवरी एजेंट) वास्तव में गुंडों का समूह है, जो याचिकाकर्ता-बैंक की ओर से ऋण लेने वाले लोगों को परेशान करने के लिए ताकत का इस्तेमाल करता है। इसने इस बात का भी संज्ञान लिया कि वाहन को उचित स्थिति में वापस न करने के लिए रिकवरी एजेंट कंपनी मेसर्स सिटी इन्वेस्टिगेशन एंड डिटेक्टिव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

# खेती के उत्पादों को एमएसपी देने वाला पहला राज्य हिमाचल

- मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने फ्रांस के वैज्ञानिकों को दी जानकारी

**शिमला।** फ्रांस के राष्ट्रीय कृषि, खाद्य एवं पर्यावरण अनुसंधान संस्थान (आईएनआरएई) के चार वैज्ञानिकों के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से भेंट की। एलआईएसआईएस के उप निदेशक प्रो. एलिसन मैरी लोकोंटो के नेतृत्व में टीम में शोधकर्ता प्रो. मिरेइल मैट, डॉ. एवलिन लोस्टे और डॉ. रेनी वैन डिस शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक खेती में अग्रणी है। हिमाचल प्राकृतिक खेती से उगाए उत्पादों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करने वाला देश का पहला राज्य है। प्रदेश में गेहूं 40 रुपये प्रति किलो और मक्का 30 रुपये प्रति किलो की दर से खरीदा जा रहा है। गाय का दूध 45 रुपये और भैंस का दूध 55 रुपये प्रति लीटर खरीदा जा रहा है।

# इमरजेंसी के प्रदर्शन पर प्रतिबंध के लिए विचार करेगी तेलंगाना सरकार

हैदराबाद, एजेंसी

- मुख्यमंत्री रेड्डी ने कार्रवाई किए जाने का सिख समुदाय को दिलाया भरोसा

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सिख समुदाय के नेताओं को भरोसा दिलाया है कि उनकी सरकार कानूनी सलाह लेने के बाद राज्य में कंगना रनौत अभिनीत फिल्म इमरजेंसी के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने पर विचार करेगी। रेड्डी सरकार के सलाहकार मोहम्मद अली शब्बीर ने यह जानकारी दी।

पूर्व आईपीएस अधिकारी तेजदीप कौर मेनन के नेतृत्व में तेलंगाना सिख सोसाइटी के प्रतिनिधिमंडल ने सचिवालय में शब्बीर से मुलाकात कर इमरजेंसी के प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाने का अनुरोध किया। शब्बीर ने बताया कि 18 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने फिल्म में सिख समुदाय के चित्रण पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि इमरजेंसी में सिखों को आतंकवादी और राष्ट्र-विरोधी तत्व के रूप में दर्शाया गया है, जो अपमानजनक और समुदाय की छवि को नुकसान पहुंचाने वाला है।

बदलापुर यौन शोषण

# शिक्षा अधिकारी की याचिका पर सरकार से मांगा जवाब

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को ठाणे के शिक्षा अधिकारी की उस याचिका पर जवाब देने का शुक्रवार को निर्देश दिया जिसमें बदलापुर में दो बच्चियों के कथित यौन शोषण की घटना के आलोक में उसके निलंबन पर रोक लगाने का अनुरोध है। शिक्षा अधिकारी बालासाहेब रक्षे ने महाराष्ट्र प्रशासनिक न्यायाधिकरण (एमएटी) के समक्ष उनकी याचिका की अंतिम सुनवाई होने तक निलंबन आदेश पर रोक लगाने का उच्च न्यायालय से आग्रह किया।

# उत्पाद की गलत ब्रांडिंग पर केंद्र से जवाब तलब

पतंजलि

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने पतंजलि के दिव्य दंत मंजन को शाकाहारी रूप से पेश करने के खिलाफ कार्रवाई के अनुरोध संबंधी याचिका पर शुक्रवार को केंद्र से जवाब मांगा। याचिकाकर्ता के वकील ने दावा किया कि दंत चिकित्सा उत्पाद को हरे रंग के डॉट से बेचा जा रहा है, जो कि यह दर्शाता है कि यह शाकाहारी है लेकिन इसमें मछली का अर्क है, जो मांसाहारी घटक है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने की ।

# 80 साल की महिला के बेटे-बहू को घर से निकलने का आदेश

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ नागरिकों के रहने के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और उपेक्षा मुक्त माहौल पर बल देते हुए, दिल्ली हाईकोर्ट ने 80 वर्षीय महिला के बेटे, बहू और पोते-पोतियों को उस घर को खाली करने का निर्देश दिया है, जिसमें वे रह रहे थे।

महिला ने बेटा, बहू पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। याचिकाकर्ता ने कहा कि वह संपत्ति की इकलौती स्वामी हैं और उनके बेटे-बहू ने उनकी या उनके पति की देखभाल नहीं की। पुत्र- पुत्रवधू के बीच मनमुटाव से भी असुविधा और तनाव होता है जो धीमी मौत की तरह है। न्यायमूर्ति संजीव नरूला ने कहा कि पुत्रवधू का निवास पर अधिकार नहीं है तथा वरिष्ठ नागरिकों को प्रदत्त संरक्षण पर विचार होना चाहिए, जो उन्हें कष्ट पहुंचाने वाले निवासियों को बेदखल करने की अनुमति देता है।

# मोदी का मणिपुर आना जरूरी नहीं था : बीरेन सिंह

नयी दिल्ली, एजेंसी

- बोले - इस्तीफा क्यों दूं, घोटाला नहीं किया, मणिपुर को तोड़ा नहीं जा सकता
- कुकी समुदाय के लिए अलग प्रशासन की इजाजत नहीं देंगे



मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने छह महीने में राज्य में शांति बहाल करने का दावा किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा पर कहा कि मैं इस्तीफा क्यों दूं? क्या मैंने कुछ चुराया है? घोटाला किया है।

उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के मणिपुर नहीं जाने पर कहा कि तनाव के बीच उनका आना जरूरी नहीं था। प्रधानमंत्री दो बार संसद में हिंसा पर बात रख चुके हैं।

सिंह ने कुकी समुदाय की अलग प्रशासन की मांग को खारिज करते हुए खुद को राज्य के हितकारी के रूप में पेश किया है। सिंह ने मणिपुर को छोटा, मेहनती राज्य बताते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों का दो हजार वर्षों का इतिहास है। इस राज्य को बनाने के लिए कुर्बानियां दी गईं। इसको तोड़ा नहीं जा सकता। हम इसकी इजाजत नहीं देंगे। नयी दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में कुकी-जो समुदाय के प्रतिनिधियों ने पुडुचेरी की तर्ज पर विधानसभा के साथ केंद्र-शासित प्रदेश के निर्माण की मांग की। मेइती समुदाय से आने वाले सिंह मणिपुर में पिछले साल भड़की हिंसा से विपक्ष के निशाने पर हैं।

कुकी संगठन उन पर जातीय हिंसा में मेइती समुदाय का पक्ष लेने का आरोप लगा रहे हैं। सिंह ने जातीय हिंसा से निपटने में मेइती समुदाय का पक्ष लेने के आरोपों को खारिज किया और कहा कि वह हर समुदाय के मुख्यमंत्री हैं, चाहे वह मेइती हो, कुकी हो या नगा हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने खुद को पीछे किया और केंद्र को बातचीत तथा सुरक्षा उपायों के माध्यम से शांति बहाल करने संबंधी प्रयासों का नेतृत्व करने दिया।

### प्रधानमंत्री सब जगह गए तो मणिपुर क्यों नहीं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह की टिप्पणियों पर शुक्रवार को उन पर और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा तथा सवाल किया कि जब प्रधानमंत्री सब जगह जा रहे हैं तो हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा करके शांति की स्थापना की पहल क्यों नहीं कर सकते। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि मणिपुर के मुख्यमंत्री के रहते हालात में बेहतरी नहीं आ सकती।

# निशानेबाजी: अवनि को स्वर्ण और मोना को कांस्य

## मनीष नरवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक जीता, मोना अग्रवाल ने 228.7 का स्कोर किया

पेरिस, एजेंसी

भारतीय महिला निशानेबाज अवनि लेखरा और मोना अग्रवाल ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 वर्ग की स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीते। वहीं मनीष नरवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक अपने नाम किया।

दक्षिण कोरिया की ली युनरी और अवनि के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। अवनि ने आखिरी शॉट पर 10.5 का स्कोर किया। वहीं कोरियाई निशानेबाज का आखिरी शॉट पर 6.8 का स्कोर रहा। इसी के साथ अवनि ने स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। युनरी को 246.8 के स्कोर के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं मोना अग्रवाल ने 228.7 का स्कोर करते हुए कांस्य पदक जीता। हालांकि निशानेबाज रुद्रांश खंडेलवाल 561 अंकों के साथ नौवें स्थान रहे।

भारत के मनीष नरवाल ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल (एसएच 1) स्पर्धा में रजत पदक जीता। 22 वर्ष के नरवाल ने तोक्यो पैरालंपिक में मिश्रित 50 मीटर पिस्टल एसएच 1 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। वह कुछ समय तक आगे चल रहे थे लेकिन कुछ खराब शॉट के कारण वह दक्षिण कोरिया के जो जियोंगडू से पिछड़ गए। भारत के निशानेबाज शिवा नरवाल के बड़े भाई मनीष ने 234.9 स्कोर किया जबकि जियोंगडू ने 237.4 स्कोर करके स्वर्ण पदक जीता। नरवाल क्वालीफिकेशन दौर में 565 स्कोर करके पांचवें स्थान पर रहे थे।



अवनि लेखरा — मोना अग्रवाल

### पदक तालिका

| देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल |
|---|---|---|---|---|
| चीन | 6 | 7 | 3 | 16 |
| ब्रिटेन | 6 | 5 | 3 | 14 |
| ब्राजील | 4 | 1 | 4 | 9 |
| नीदरलैंड्स | 4 | 1 | 1 | 6 |
| इटली | 3 | 2 | 6 | 11 |
| आस्ट्रेलिया | 3 | 2 | 2 | 7 |
| फ्रांस | 2 | 4 | 1 | 7 |
| कोलंबिया | 2 | 1 | 0 | 3 |
| भारत | 1 | 1 | 2 | 4 |

### शेख आखिरी स्थान पर रहने के बाद बाहर

**पेरिस।** भारत के अरशद शेख पेरिस पैरालंपिक की ट्रैक साइकिलिंग पुरुष परस्यूट सी2 स्पर्धा के क्वालीफाइंग दौर में सबसे आखिरी नौवे स्थान पर रहकर बाहर हो गए। 31 वर्ष के शेख ने 4 : 20 .949 में दौड़ पूरी की। शीर्ष चार ने फाइनल के लिये क्वालीफाई किया। फ्रांस के अलेक्जेंडर ल्यूते शीर्ष पर रहे जबकि बेल्जियम के इवुड व्रोमेंट दूसरे और ब्रिटेन के मैथ्यू रॉबर्टसन तीसरे स्थान पर रहे। शेख अब ट्रैक साइकिलिंग में पुरुषों के 1000 मीटर टाइम ट्रायल सी 1.3 वर्ग में उतरेंगे। वह रोड साइकिलिंग में भी भाग लेंगे।

### रोइंग: स्टार पैरारोवर अनीता और नारायण की जोड़ी ने रेपेचेज रांउड के लिए किया क्वालीफाई

**पेरिस।** भारत की स्टार पैरारोवर अनीता और नारायण कोंगनापल्ले की जोड़ी ने शुक्रवार को पैरा रोइंग पीआर3 मिश्रित युगल स्कल्स हीट्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए रेपेचेज राउंड में जगह बना ली है। यहां खेले गये मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने .84 का समय लेकर पांचवां स्थान हासिल रही और रेपेचेज राउंड के लिए क्वालीफाई किया। रेपेचेज राउंड शानिवार को दोपहर तीन बजे होगा।

### महिला खिलाड़ी डिस्कस थ्रो स्पर्धा के फाइनल में हारीं

**पेरिस।** भारतीय महिला डिस्कस थ्रो खिलाड़ी साक्षी कसाना और कमरज्योति को शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की डिस्कस थ्रो एफ 55 स्पर्धा के फाइनल में हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में साक्षी एवं करमज्योति क्रमश छठें और सातवें स्थान पर रहीं। साक्षी ने 21 .49 मीटर का अपना सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो फेंका जबकि करमज्योति ने भी इस स्पर्धा में 20 .22 मीटर का अपना सीजन का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

### सुहास, नितेश और तुलसीमति सेमीफाइनल में, मानसी और मनोज बाहर

**पेरिस।** तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता सुहास यथिराज और नितेश कुमार ने शुक्रवार को यहां पैरालंपिक की बैडमिंटन स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए क्रमश: पुरुष एकल एसएल4 और एसएल3 वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया तुलसीमति मुरूगेसन ने ग्रुप ए में शीर्ष पर रहकर महिला एकल एसयू5 सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने पुर्तगाल की बिट्रिज मोंटेरियो को 21-12 21-8 को हराकर ग्रुप में अपनी दूसरी जीत दर्ज की। 2007 बैच के आईएएस अधिकारी सुहास ने एसएल4 वर्ग में कोरिया के शिन क्यूंग हवान को दूसरे मैच में 26-24, 21-14 से शिकस्त देकर तीन खिलाड़ियों के ग्रुप ए में शीर्ष पर रहे। वहीं नितेश ने चीन के यांग जियानयुआन को 21-5, 21-11 से हराया। जिससे वह एसएल3 वर्ग के चार खिलाड़ियों के ग्रुप ए में शीर्ष दो में शामिल रहे। अब वह अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में थाईलैंड की बुनसुन मोंगखोन से भिड़ेंगे। हालांकि मानसी जोशी को महिला एकल एसएल3 ग्रुप ए के दूसरे मैच में यूक्रेन की ओकसाना कोजयाना से 21-10, 15-21, 21-23 से हार मिली। तोक्यो पैरालंपिक के रजत पदक विजेता मनोज को भी ग्रुप ए के दूसरे मैच में बुनसुन से 19-21, 8-21 से पराजय झेलनी पड़ी।

## दृष्टिबाधित जूडोका कपिल और कोकिला दिखाएंगे दम



खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं देते खेल मंत्री और कारागर मंत्री।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● पैरालंपिक में जाने वाले जूडोकाओं को खेल मंत्री ने दीं शुभकामनाएं

**अमृत विचार :** पेरिस पैरालंपिक में प्रतिभाग करने को भारतीय दृष्टिबाधित जूडोका कपिल परमार व कोकिला शनिवार को रवाना होंगे। इन खिलाड़ियों की रवानगी से पूर्व विदाई समारोह इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन द्वारा इंडियन पैरा जूडो अकादमी, हजरतगंज में आयोजित किया गया। भारत के इन खिलाड़ियों को एक समारोह में उत्तर प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान और खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने दोनों खिलाड़ियों को पदक जीतने की शुभकामनाएं दी।

ये दोनों खिलाड़ी इंडियन पैरा जूडो अकादमी में मुनव्वर अंजार की देख-रेख में अभ्यास कर रहे हैं। मध्य प्रदेश के कपिल परमार विश्व रैंकिंग में नंबर वन हैं जबकि हरियाणा की कोकिला छठें पायदान पर हैं। पैरालंपिक में कपिल 60 किग्रा से कम जे-1 भारवर्ग में एवं कोकिला 48 किग्रा से कम जे-2 भारवर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यह टीम चेयरमैन इंडियन ब्लाइंड एंड पैरा जूडो एसोसिएशन के चेयरमैन अवनीश कुमार अवस्थी के नेतृत्व में पेरिस पैरालंपिक के लिए शनिवार को रवाना होगी। भारतीय टीम के साथ मुख्य कोच मुनव्वर अंजार, महिला कोच कम स्कार्ट आयशा मुनव्वर एवं सुधीर हलवासिया भी रवाना होंगे। इस अवसर पर प्रमुख सचिव पर्यटन मुकेश मेश्राम और इंडियन ब्लाइंड एंड पैराजूडो एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्रा सहित अन्य मौजूद रहे।

### राकेश और सरिता तीरंदाजी स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में

**पेरिस।** भारतीय एथलीट राकेश कुमार और महिला तीरंदाज सरीता ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों की तीरंदाजी स्पर्धा में अपने-अपने मुकाबले जीतकर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में राकेश कुमार ने पैरा तीरंदाजी के पुरुष व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में सेनेगल के अलीउ ड्रेम को 136-131 से हराया। राकेश का अगला मुकाबला एक सितंबर को इंडोनेशिया के केन स्वगुमिलांग से होगा। दिन के एक अन्य मुकाबले में सरिता ने महिला व्यक्तिगत कंपाउंड ओपन के प्री क्वार्टर मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टरफाइनल में पहुंच गई। सरिता ने मलेशिया की नूर जन्नतन को 138-124 से हराया।

## प्रीति को 100 मीटर दौड़ स्पर्धा में कांस्य

**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय धाविका प्रीति पाल ने शुक्रवार को पेरिस पैरालंपिक 2024 खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीत लिया। प्रीति ने शुक्रवार को हुए मुकाबले में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 100 मीटर की दौड़ 14.21 सेकंड में पूरी कर कांस्य पदक अपने नाम किया।

राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप (2024) की स्वर्ण पदक विजेता प्रीति पाल ने भारत के लिए तीसरा पदक जीता है। प्रीति ने पहली बार पैरालंपिक में स्पर्धा कर रही थी। उनका पैरालंपिक में यह पहला पदक है। मीडिया से बातचीत में प्रीति ने कहा, मुझे यकीन ही नहीं हो रहा है कि मैंने देश के लिए पदक जीता है। उन्होंने कहा यह मेरा पहला पैरालंपिक था और यह मेरा पहला पदक है। उन्होंने अपने परिवार, साथियों और संबंधियों को समर्थन और सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### भारत का तीसरे दिन का कार्यक्रम

**निशानेबाजी :** पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 (क्वालीफिकेशन) : स्वरूप महावीर उन्हालकर - दोपहर 01 :00 बजे

महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 (क्वालीफिकेशन) : रूबीना फ्रांसिस - दोपहर 03 .30 बजे

**ट्रैक साइकिलिंग :** महिलाओं की 500 मीटर टाइम ट्रायल सी1-3 (क्वालीफिकेशन) : ज्योति गडेरिया - दोपहर 01.30 बजे

पुरुषों की 1,000 मीटर टाइम ट्रायल सी1-3 (क्वालीफिकेशन) : अरशद शेख - दोपहर 01 .49 बजे

**नौकायन :** मिश्रित पीआर3 डबल स्कल्स (रेपेचेज) : भारत (अनीता और नारायण कोंगनापल्ले) - दोपहर 03 .00 बजे

**तीरंदाजी :** महिला कंपाउंड (1/8 एलिमिनेशन 2) : सरिता देवी बनाम एलोनोरा सारती (इटली) - शाम 07 .00 बजे

महिला कंपाउंड (1/8 एलिमिनेशन 8) : सरिता देवी बनाम मारियाना ज़ुनिगा (चिली) - शाम 08 .59 बजे

**एथलेटिक्स :** पुरुष भाला फेंक एफ57 (पदक स्पर्धा) : प्रवीन कुमार - रात 10 .30 बजे

### भाविना और सोनल की जोड़ी टेबल टेनिस क्वार्टर फाइनल में हारी

**पेरिस।** भारतीय पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी भाविनाबेन पटेल और सोनलबेन पटेल शुक्रवार को यहां पेरिस पैरालंपिक में महिला युगल डब्ल्यूडी 10 वर्ग में ए यंग जंग और संध्या मून के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में 1-3 से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी को 39 मिनट तक चले मुकाबले में 5-11 6-11 11-9 6-11 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। भाविना और तोक्यो पैरालंपिक की रजत पदक विजेता सोनलबेन अब अपने-अपने एकल स्पर्धा में भाग लेंगी। भाविना 2021 में तोक्यो खेलों के दौरान पैरालंपिक में पदक जीतने वाली पहली भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी बनीं थी। वह 12 महीने की उम्र में पोलियो से ग्रसित हो गयी थी। भाविना क्लास 4 वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगी। भाविना की तरह सोनल भी छह महीने की उम्र में पोलियो से ग्रसित हो गयी थी। इससे उनके दोनों पैर और दायें हाथ में विकार हो गया था। वह 90 प्रतिशत दिव्यांगता वाले क्लास तीन वर्ग में खेलती है।

### अफगानिस्तान की जाकिया ने रचा इतिहास

**पेरिस।** अफगानिस्तान की जाकिया खुदादादी ने पेरिस पैरालंपिक में शरणार्थी पैरालंपिक टीम के लिए पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी बनकर इतिहास रच दिया। जाकिया ने गुरुवार को ताइक्वांडो में महिलाओं के 47 किग्रा वर्ग में तुर्की की एकिंसी नूरसिहान को हराकर कांस्य पदक जीता। जाकिया इस जीत के बाद मीडिया से बातचीत के दौरान भावुक हो गयी। उन्होंने कहा, यह एक अविश्वसनीय पल है, जब मुझे एहसास हुआ कि मैंने कांस्य पदक जीत लिया है तो मेरा दिल तेजी से धड़कने लगा। उन्होंने कहा, यहां तक पहुंचने के लिए मुझे बहुत कुछ करना पड़ा। यह पदक अफगानिस्तान की सभी महिलाओं और दुनिया के सभी शरणार्थियों के लिए है। मुझे उम्मीद है कि एक दिन मेरे देश में शांति होगी।



● शरणार्थी टीम के लिए पदक जीतने वाली पहली खिलाड़ी

## यानिक सिनर और स्वियातेक तीसरे दौर में


न्यूयॉर्क, एजेंसी

विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और इगा स्वियातेक ने आसान जीत के साथ अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के तीसरे दौर में जगह बनाई लेकिन पूर्व चैंपियन नाओमी ओसाका और कार्लोस अल्कराज को बाहर का रास्ता देखना पड़ा। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने जापान की क्वालीफायर एना शिबहारा को 6-0, 6-1 से हराया। सिनर ने पुरुष वर्ग के एकल मैच में एलेक्स मिशेलसन को 6-4, 6-0, 6-2 से हराया। उनका अगला मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के क्रिस्टोफर ओ कोनेल से होगा। अल्कराज़ को दूसरे दौर में विश्व के 74वीं रैंकिंग वाले खिलाड़ी बोटिक वान डी ज़ैंडस्चुल्प से 6-1, 7-5, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। ओसाका को कैरोलिना मुचोवा ने 6-3, 7-6 (5) से हरा दिया।

पांचवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव और दसवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनौर भी तीसरे दौर में पहुंच गए हैं। मिनौर का अगला मुकाबला डैन इवांस से होगा। महिला वर्ग में इटली की जैस्मिन पाओलिनी ने कारोलिना प्लिस्कोवा के पांव की चोट के कारण मैच से हट जाने से तीसरे दौर में प्रवेश किया। उनका मुकाबला यूलिया पुतिनत्सेवा से होगा।

### अमेरिकी ओपन

● कैरालिना मुचोवा ने ओसाका और अल्कराज को बोटिक वान ने हराकर किया बाहर



बोटिक वान

### बोपन्ना-एबडेन दूसरे दौर में



**न्यूयॉर्क।** भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू एबडेन ने नीदरलैंड के सैंडर अरेंड्स और रॉबिन हास को सीधे सेटों में हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बोपन्ना और एबडेन ने गुरुवार रात को 64 मिनट तक चले शुरुआती दौर के मुकाबले में 6-3, 7-5 से से जीत दर्ज की। मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन दूसरे दौर में स्पेन के रॉबर्टो कारबालेस बेना और अर्जेंटीना के फेडेरिको कोरिया की गैरवरीय जोड़ी से भिड़ेंगे।

### पाकिस्तान और बांग्लादेश के दूसरे टेस्ट का पहला दिन बारिश से धुला

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच का शुरुआती दिन शुक्रवार को लगातार बारिश के कारण धुल गया। बांग्लादेश दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। उसने पिछले सप्ताह इसी स्थान पर 10 विकेट की ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस मैच में पाकिस्तान की दूसरी पारी पांचवें और अंतिम दिन महज 146 रन पर सिमट गयी थी। तेज बारिश के कारण खिलाड़ी और टीम अधिकारी होटल में ही रुके रहे और अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:05 बजे दिन का खेल रद कर दिया। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में बांग्लादेश सातवें और पाकिस्तान आठवें स्थान पर है।

## अहलावत संयुक्त 10वें स्थान पर

जकार्ता, एजेंसी

भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने सप्ताह की अच्छी शुरुआत करते हुए 500,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडोनेशिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार-अंडर 67 का कार्ड खेला, जिससे वह संयुक्त 10वें स्थान पर हैं। अहलावत ने पांच बर्डी और एक बोगी की। वह शीर्ष पर काबिज आरोन विल्किन से छह शॉट पीछे हैं। विल्किन ने 10-अंडर 61 का स्कोर करके यहां नया रिकॉर्ड बनाया। भारतीय खिलाड़ियों में सप्तक तलवार, वरुण चोपड़ा और खलिन जोशी संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। अंगद चीमा (70) संयुक्त 53वें, एस चिक्कारंगप्पा, एसएसपी चौरसिया और राशिद खान संयुक्त 66वें, युवराज संधू (72) संयुक्त 87वें जबकि गगनजीत भुल्लर (73) और करणदीप कोचर (73) संयुक्त 104वें तथा अजितेश संधू और हनी बैसोया संयुक्त 129वें स्थान पर हैं।



इंडोनेशिया ओपन

### ब्रिटिश मास्टर्स

### शर्मा और चौहान संयुक्त 30वें स्थान पर

**विशॉ (इंग्लैंड)।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा और ओम प्रकाश चौहान ने बेटफ्रेड ब्रिटिश मास्टर्स के शुरुआती दौर में एक अंडर 71 का समान स्कोर बनाया, जिससे दोनों संयुक्त 30वें स्थान पर हैं। शर्मा और चौहान दोनों ने दो बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाईं। इंग्लैंड के पॉल वारिंग ने अंतिम नौ होल में पांच अंडर पार का स्कोर बनाकर फ्रांस के जियोंग वेन के साथ बढ़त हासिल की।

### वुमेन आयरिश ओपन

### प्रणवी फिसलीं, दीक्षा को 29वां स्थान

**डबलिन।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स पहले नौ होल में शानदार शुरुआत करने के बाद आखिरी नौ होल में तीन बोगी के कारण वुमेन आयरिश ओपन के शुरुआती दौर में संयुक्त 45वें स्थान पर है। हमवतन दीक्षा डागर तीन बर्डी तथा दो बोगी की मदद से संयुक्त 29वें स्थान पर हैं। अन्य भारतीयों में त्वेसा मलिक (76) संयुक्त 93वें और रिद्धिमा दिलावरी (79) संयुक्त 128वें स्थान पर हैं।

## बॉलीवुड हलचल

## आठ लोगों के साथ एक कमरे में रहते थे अमिताभ



**मुंबई।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने बताया है कि वह कोलकाता में नौकरी करने के दौरान आठ लोगों के साथ एक कमरे में रहते थे। अमिताभ बच्चन इन दिनों सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के ज्ञान-आधारित गेम शो, कौन बनेगा करोड़पति (केबीसी) सीज़न 16 को होस्ट कर रहे हैं। केबीसी के हालिया एपिसोड में एक प्रतियोगी ने अमिताभ को बताया कि वह पुणे में आठ लोगों के साथ एक सिंगल रूम में रहता है। अमिताभ बच्चन ने बताया कि कि उन्हें यह सुनकर आश्चर्य नहीं हुआ, क्योंकि वह खुद भी कभी आठ लोगों के साथ रहा करते थे। अमिताभ बच्चन ने कहा, आठ लोग एक कमरे में? आठ से हमे इतना ज्यादा आश्चर्य नहीं हुआ। हम अपने कॉलेज से पढ़ाई करके नौकरी ढूंढने निकले तो हम कोलकाता गए। वहां किसी तरह से नौकरी मिल गई 400 रुपये महीने के। वहां पर भी सर हम जहां रह रहे थे ना, आठ लोग एक कमरे में थे। बहुत मजा आता था। हम लोग आठ थे और पलंग दो था। जमीन पर सोना पड़ता था। आपस में खुश रहते थे। आपस में झगड़ा होता था कि आज इधर सोएंगे, कौन पलंग पर सोएगा और बिस्तर पर रहेगा।

## सिद्धांत चतुर्वेदी की फिल्म युध्रा का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी की आने वाली फिल्म युध्रा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। सिद्धांत चतुर्वेदी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म युध्रा को लेकर चर्चा में हैं। एक्सल एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी फिल्म युध्रा में सिद्धांत चतुर्वेदी जोरदार एक्शन करते नजर आएंगे।फिल्म का निर्देशन रवि उदयावर ने किया है जबकि कहानी श्रीधर राघवन ने लिखी है। फिल्म युध्रा का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर की शुरुआत में ही सिद्धांत चतुर्वेदी की आवाज बैकग्राउंड में सुनाई दे रही है।वह कहते हैं, मरने से पहले, महाभारत का एक मशहूर किस्सा मैं आपको सुनाता हूं। अभिमन्यू ने मां के पेट से चक्रव्यूह में घुसने का रास्ता तो सीख लिया लेकिन कभी चक्रव्यूह भेद नहीं भाया। इसी के साथ सिद्धांत को एक खूंखार अवतार में दिखाया जाता है। आपको लगा मैं अभिमन्यू हूं, मैं उसका बाप अर्जुन हूं। एक्सेल एंटरटेनमेंट की फिल्म युध्रा में सिद्धांत चतुर्वेदी, मालविका मोहनन और राघव जुयाल की अहम भूमिका है। यह फिल्म 20 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।






### अक्षरा सिंह ने गाया गाना कब तक चुप रहेंगे

**मुंबई।** भोजपुरी सिनेमा की मशहूर अभिनेत्री और गायिका अक्षरा सिंह ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल की प्रशिक्षु डॉक्टर को न्याय दिलाने के उद्देश्य से अपना नया गाना कब तक चुप रहेंगे रिलीज किया है। गाने को अक्षरा सिंह ने अपनी आवाज़ दी है, जबकि गीतकार मनोज मतलबी ने इसे लिखा है। संगीतकार घुंघरू जी द्वारा तैयार किए गए इस गाने का म्यूजिक प्रोग्रामिंग छोटू रावत ने किया है। यह गाना अक्षरा सिंह के ऑफिसियल यूटयूब चैनल से रिलीज हुआ है। गाने में समाज में व्याप्त अन्याय और महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने की अपील की है। यह गाना एक ऐसे समय में आया है जब महिलाओं की सुरक्षा और न्याय की मांग के लिए आवाज़ें उठ रही हैं।

## प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष इंटर जोनल नेशनल चैंपियनशिप कल से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हॉकी इंडिया की देखरेख में प्रथम हॉकी इंडिया जूनियर मेंस इंटर जोन नेशनल चैंपियनशिप 1 सितंबर से खेली जायेगी। गोमती नगर के विजयंतखंड स्थित पद्मश्री मो.शाहिद हॉकी स्टेडियम में इस चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। छह टीमें इस चैंपियनशिप में प्रतिभाग करेंगी। इनमें नॉर्थ जोन, साउथ जोन, वेस्ट जोन, ईस्ट जोन, साई बाल और साई शक्ति शामिल हैं। चैंपियनशिप के सेमीफाइनल मुकाबले 6 को और फाइनल मुकाबला 7 सितंबर को खेला जायेगा। पहले दिन दो मुकाबले खेले जायेंगे। पहला मुकाबला साउथ जोन और साई शक्ति के बीच खेला जायेगा। दूसरे मुकाबले में नॉर्थ जोन के सामने साई बाल की चुनौती होगी। यह मैच दर्शकों के लिए पूरी तरह से निःशुल्क रहेगा।

● मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे उद्घाटन

**नॉर्थ जोन की टीम:** राजवीर सिंह, नीरज, शरणदीप सिंह, अमित, नितिन सिंह, फहद खान, रोहित सिंह, सुखप्रीत सिंह, उज्जवल पाल, विनय, लवनूर सिंह, ललित पटेल, शुभम, प्रिंस सिंह, जोबनप्रीत सिंह, सुखमनप्रीत सिंह, राहुल राजभर, मनप्रीत सिंह राय। **टीम मैनजर :** परमजीत सिंह, **मुख्य कोच :** संजय कुमार।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने,बरेली,पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

## एक नजर

### इंडिगो चेन्नई-जाफना के बीच शुरू करेगा उड़ान

**जाफना।** भारतीय एयरलाइन इंडिगो एक सितंबर से चेन्नई और श्रीलंका के जाफना के बीच दैनिक उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइन के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वर्तमान में भारत की एलायंस एयर जाफना के लिए दैनिक उड़ानें संचालित करती है। एलायंस एयर ने 11 नवंबर 2019 को चेन्नई से जाफना के लिए अपनी पहली अंतर्राष्ट्रीय उड़ान का संचालन शुरू किया। यह उड़ान भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से वित्तीय सहायता के साथ शुरू हुई है।

### ऑस्ट्रेलिया में नशीली दवा के ओवरडोज़ से दो मौतें

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा में 24 घंटे में नशीली दवाओं के ओवरडोज से दो लोगों की मौत के बाद सार्वजनिक स्वास्थ्य चेतावनी जारी की गई है। ऑस्ट्रेलियाई राजधानी क्षेत्र (एसीटी) पुलिस ने गुरुवार को कैनबरा में दो घातक नशीली दवाओं के ओवरडोज़ के बाद शुक्रवार को स्वास्थ्य अलर्ट जारी किया। पुलिस ने बताया कि कैनबरा के केंद्रीय व्यापार जिले में गुरुवार सुबह एक महिला की मौत हो गई और उसके बाद गुरुवार शाम को दूसरी मौत हो गई।

### जर्मनी ने अफगानिस्तान नागरिकों को वापस भेजा

**बर्लिन।** जर्मनी ने 2021 के बाद पहली बार अफगानिस्तान के नागरिकों को शुक्रवार को उनके देश प्रत्यार्पित कर दिया। एक सरकारी प्रवक्ता ने अफगानिस्तानी नागरिकों को दोष सिद्ध अपराधी बताया, लेकिन उनके अपराधों को स्पष्ट करने के लिए टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया। अफगानिस्तान के नागरिकों को उनके देश वापस भेजने का यह कदम सोलिंगन में चाकू से हमले की घटना के एक सप्ताह बाद हुआ।

### तूफान के असर से तोक्यो के आसपास भारी बारिश

**तोक्यो।** जापान के अधिकतर हिस्सों में धीमी गति से आगे बढ़ रहे ऊष्णकटिबंधीय तूफान का व्यापक असर देखने को मिल रहा है जिसके कारण तोक्यो के आसपास भारी बारिश हुई और दक्षिणी जापान में सड़कें तथा नदी के किनारे के इलाके जलमग्न हो गए। तोक्यो के पश्चिम में कानागावा प्रान्त के कई क्षेत्रों में बाढ़ की सूचना है, जहां सड़कें अवरुद्ध हो गईं और यातायात बाधित हो गया।

### जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र जाएंगे ग्रॉसी

**वियना।** अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी अगले सप्ताह जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) का दौरा करेंगे, क्योंकि वहां परमाणु सुरक्षा की स्थिति खतरनाक बनी हुई है। आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि वह अगले सप्ताह जेडएनपीपी का दौरा करेंगे।

### महिला ने 10 वर्षीया बेटी की हत्या स्वीकार की

**लंदन।** इंग्लैंड में भारतीय मूल की 33 वर्षीय एक महिला ने शुक्रवार को अपनी 10 वर्षीय बेटी की हत्या की बात स्वीकार की। बच्ची का शव इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के ''वेस्ट मिडलैंड्स'' क्षेत्र के एक कस्बे में उनके घर पर मिला था। जसकीरत कौर उर्फ जैस्मीन कांग पर चार मार्च को शे कांग की हत्या का आरोप लगाया गया था। वेस्ट मिडलैंड्स पुलिस ने कहा था कि बच्ची राउली रेजिस के एक पते पर घायल अवस्था में मिली और उसे घटनास्थल पर ही मृत घोषित कर दिया गया था।

### भारतीय नागरिक के पास से 58 कछुए बरामद

**सिंगापुर।** सिंगापुर में चांगी हवाई अड्डे पर एक भारतीय नागरिक के पास पारगमन के दौरान 50 से अधिक कछुए मिलने के बाद शुक्रवार को मामला दर्ज किया गया। अब्दुल जाफर हाजी अली (40) भारत से जकार्ता की यात्रा कर रहे थे, जब वह गुरुवार की सुबह यहां रुके, तो अधिकारियों को उनके निजी सामान में 58 कछुए मिले। एक अदालत ने अली पर शुक्रवार को अवैध रूप से जानवरों को सिंगापुर में लाने का आरोप लगाया।

### एमसीए-नेपाल में विद्युत पारेषण लाइन को अनुबंध

**काठमांडू।** नेपाल ने 18 किलोमीटर लंबी सीमा पार विद्युत पारेषण लाइन के लिए 1.23 करोड़ अमेरिकी डॉलर के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए। यह व्यापक विद्युत पारेषण परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिससे भारत के साथ ऊर्जा सहयोग बढ़ेगा। अधिकारियों ने बताया कि 'मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन (एमसीसी) नेपाल' समझौते के तहत हस्ताक्षरित 18 किलोमीटर लंबी विद्युत पारेषण लाइन परियोजना में तीन सब-स्टेशन शामिल हैं और इससे नेपाल को अपने घरेलू बिजली लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

# टाइटलर पर अभियोग तय करने के दिए आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी



- 1984 के सिख विरोधी दंगे में तीन लोगों की हत्या का मामला

दिल्ली की एक अदालत ने 1984 में हुए सिख विरोधी दंगों के दौरान उत्तरी दिल्ली के पुल बंगश इलाके में तीन लोगों की हत्या से संबंधित एक मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ हत्या और अन्य अपराधों में अभियोग तय करने का आदेश शुक्रवार को दिया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश राकेश सियाल ने कहा कि उनके खिलाफ अभियोग चलाने के पर्याप्त सबूत हैं। न्यायाधीश ने कहा कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त आधार मौजूद हैं। इससे पहले एक गवाह ने आरोपपत्र में कहा था कि टाइटलर एक नवंबर 1984 को गुरुद्वारा पुल बंगश के सामने एक सफेद एम्बेसडर कार से बाहर निकले और यह कहते हुए भीड़ को उकसाया कि सिखों को मार डालो, उन्होंने हमारी मां को मार डाला। इसके बाद उग्र भीड़ ने तीन लोगों को मार डाला। अदालत ने कई अपराधों के लिए आरोप तय करने का आदेश दिया, जिनमें गैरकानूनी ढंग से एकत्र होना, दंगा करना, विभिन्न समूहों के बीच द्वेष को बढ़ावा देना, घर में जबरन घुसना और चोरी शामिल हैं। अदालत ने आधिकारिक रूप से आरोप तय करने के लिए मामले को 13 सितंबर को सूचीबद्ध किया है।

# एआई तकनीक : एक टूल्स से अनेक समाधान



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) एक ऐसी तकनीक है जिसमें कंप्यूटर सिस्टम को मानव जैसी बुद्धिमत्ता प्रदान की जाती है, जिससे वे सीख सकते हैं, निर्णय ले सकते हैं और समस्याओं का समाधान कर सकते हैं। एआई का उद्देश्य कंप्यूटरों को मानव जैसी क्षमताएं प्रदान करना है, जैसे कि सीखना, तर्क करना, और समस्याओं का समाधान करना। एआई के विभिन्न क्षेत्र हैं, जैसे कि मशीन लर्निंग, नेचरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग, और कंप्यूटर विजन। एआई का उपयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जा सकता है, जैसे कि स्वास्थ्य सेवा, वित्त, शिक्षा, और परिवहन। एआई के लाभों में उत्पादकता में वृद्धि, सटीकता में सुधार, और नई संभावनाएं शामिल हैं।

### एआई के कुछ मुख्य क्षेत्र

- मशीन लर्निंग : डेटा से सीखने की क्षमता।
- नेचरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग : मानव भाषा को समझने और उत्पन्न करने की क्षमता।
- कंप्यूटर विजन : दृश्य डेटा को समझने और पहचानने की क्षमता।
- रोबोटिक्स : शारीरिक रोबोटों को नियंत्रित करने की क्षमता।

### व्यापक क्षेत्रों में उपयोग

स्वास्थ्य सेवा : रोगों का निदान, उपचार योजनाओं का विकास, और मरीजों की देखभाल में सुधार करने के लिए। वित्तीय क्षेत्र : जोखिम प्रबंधन, वित्तीय विश्लेषण, और ग्राहक सेवा में सुधार करने के लिए। शिक्षा क्षेत्र : व्यक्तिगत शिक्षा, छात्रों की प्रगति की निगरानी, और शिक्षकों के काम को स्वचालित करने के लिए। परिवहन : स्वायत्त वाहनों, यातायात प्रबंधन, और मार्ग निर्धारण में सुधार करने के लिए। ग्राहक सेवा : चैटबॉट, वर्चुअल सहायक, और ग्राहक सेवा को स्वचालित करने के लिए। निर्माण-उत्पादन : उत्पादन प्रक्रियाओं को स्वचालित करने, गुणवत्ता नियंत्रण में सुधार करने, और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन में सुधार करने के लिए। सुरक्षा-निगरानी : सुरक्षा प्रणालियों में सुधार करने, अपराधों का पता लगाने, और निगरानी करने के लिए। खुदरा व्यापार : ग्राहक व्यवहार का विश्लेषण करने, उत्पाद सिफारिशें करने, और खुदरा व्यापार में सुधार करने के लिए। कृषि क्षेत्र : फसलों की निगरानी, मौसम पूर्वानुमान, और कृषि उत्पादन में सुधार करने के लिए।

### इस तकनीक के कई लाभ

- **उत्पादकता में वृद्धि** : एआई सिस्टम कार्यों को स्वचालित कर सकते हैं, जिससे मानव श्रमिकों को अधिक महत्वपूर्ण कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलती है।
- **सटीकता में सुधार** : एआई सिस्टम डेटा का विश्लेषण करने और निर्णय लेने में मानव त्रुटि को कम कर सकते हैं।
- **गति में वृद्धि** : एआई सिस्टम डेटा का विश्लेषण करने और निर्णय लेने में तेजी से काम कर सकते हैं।
- **निर्णय लेने में सुधार** : एआई सिस्टम डेटा का विश्लेषण करने और निर्णय लेने में मदद कर सकते हैं।
- **ग्राहक सेवा में सुधार** : एआई सिस्टम ग्राहक सेवा में सुधार करने में मदद कर सकते हैं, जैसे कि चैटबॉट।
- **नई संभावनाएं** : एआई सिस्टम नई संभावनाएं पैदा कर सकते हैं, जैसे कि स्वायत्त वाहन।

# पाकिस्तान से निर्बाध संवाद का कालखंड समाप्त : जयशंकर

## विदेश मंत्री ने कहा-भारत निष्क्रिय नहीं, घटनाओं पर प्रतिक्रिया देगा

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ निर्बाध संवाद का कालखंड अब समाप्त हो गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत निष्क्रिय नहीं है और घटनाएं सकारात्मक हों या नकारात्मक, भारत प्रतिक्रिया देगा। जयशंकर ने यहां एक पुस्तक विमोचन समारोह में यह भी कहा कि दुनिया में किसी भी देश के लिए पड़ोसी हमेशा पहेली होते हैं और बड़ी महाशक्तियां भी ऐसी होती हैं। उन्होंने कहा कि प्रमुख महाशक्तियां पहेली होती हैं क्योंकि वे बड़ी हैं, क्योंकि उनके हित व्यापक हैं। उनके पास हमेशा एक एजेंडा होगा, जो हमारे एजेंडा से ओवरलैप होगा, लेकिन अलग-अलग कोणों पर भिन्न भी होगा।

जयशंकर ने कहा कि चीन के मामले में आपकी पहेली दोहरी है क्योंकि वह पड़ोसी है और बड़ी महाशक्ति भी है। उन्होंने कहा कि इसलिए, चीन के साथ चुनौतियां इस दोहरी परिभाषा में फिट बैठती हैं। पूर्व राजनयिक राजीव सीकरी की किताब 'स्ट्रेटेजिक कनन्ड्रमः रिशेपिंग इंडियाज फॉरेन पॉलिसी' में भारत के पड़ोसी देशों के साथ उसके संबंधों और संलग्न चुनौतियां के बारे में बात की गई है। जयशंकर ने यह भी कहा कि पड़ोस में दक्षेस और बिम्सटेक के बारे में बहस हो रही है और आप सभी अंतर समझते हैं। पाकिस्तान के साथ भारत के संबंधों पर उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि पाकिस्तान के साथ निर्बाध संवाद का कालखंड समाप्त हो गया है। कार्रवाइयों के परिणाम होते हैं और जहां तक जम्मू कश्मीर की बात है, मुझे लगता है कि (अनुच्छेद) 370 हो चुका है। इसलिए आज यह मुद्दा है कि हम पाकिस्तान के साथ संभवतः किस तरह के संबंधों पर विचार कर सकते हैं। अफगानिस्तान के साथ भारत के संबंधों पर जयशंकर ने कहा कि सामाजिक स्तर पर दरअसल जनता के बीच मजबूत संबंध हैं और भारत के लिए निश्चित रूप से सद्भावना है।

### हमें हितों की पारस्परिकता को देखना होगा



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि 1971 में बांग्लादेश की आजादी के बाद से ढाका के साथ नई दिल्ली के संबंध उतार-चढ़ाव वाले रहे हैं और यह स्वाभाविक है कि भारत वर्तमान सरकार के रुख के अनुरूप रवैया अपनाए। जयशंकर ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत को हितों की पारस्परिकता को देखना होगा। उनकी टिप्पणियां बांग्लादेश में सरकार विरोधी अभूतपूर्व प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में आईं जिसके कारण शेख हसीना के नेतृत्व वाली सरकार गिर गई और वह पांच अगस्त को भारत आ गईं। तीन सप्ताह से अधिक समय तक भारत में हसीना की मौजूदगी ने उस देश में अटकलों को जन्म दिया है। आठ अगस्त से, मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में सलाहकारों की एक टीम वाली एक अंतरिम सरकार बांग्लादेश में है।

# कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन सचिवालय के लिए समझौता

कोलंबो, एजेंसी

- भारत ने हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक चिंताएं सामने रखी

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल तथा मालदीव, मॉरीशस एवं श्रीलंका के प्रतिनिधियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा सदस्य देशों के सामने मौजूद सीमापार खतरों एवं साझा चुनौतियों के समाधान वास्ते कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन सचिवालय स्थापित करने के लिए शुक्रवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (सीएससी) में भारत, श्रीलंका, मालदीव और मॉरीशस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) एवं उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शामिल हुए। इसका संबंध समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद-निरोधक और साइबर सुरक्षा से है, जहां भारत ने हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक चिंताएं सामने रखी हैं।

यहां भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार डोभाल ने कोलंबो सुरक्षा सम्मेलन (सीएससी) सचिवालय की स्थापना के लिए मालदीव, मॉरीशस और श्रीलंका के प्रतिनिधियों के साथ चार्टर और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है तथा चार्टर एवं समझौता ज्ञापन पर यह हस्ताक्षर कार्यक्रम सीएससी रोडमैप में एक मील का पत्थर है।

### भारत-श्रीलंका में आर्थिक सहयोग बढ़ाने पर चर्चा



**कोलंबो।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे और अन्य श्रीलंकाई नेताओं के साथ व्यापक राजनीतिक विचार-विमर्श किया। डोभाल ने विक्रमसिंघे, प्रधानमंत्री दिनेश गुणवर्धने, मुख्य विपक्षी नेता सजित प्रेमदास और मार्क्सवादी जेवीपी के नेता अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की। डोभाल ने शुक्रवार सुबह राष्ट्रपति सचिवालय में विक्रमसिंघे से मुलाकात कर श्रीलंका और भारत के बीच जारी आर्थिक सहयोग पर चर्चा की। राष्ट्रीय सुरक्षा पर राष्ट्रपति के वरिष्ठ सलाहकार सागला रत्नायके भी बैठक में शामिल हुए।

## पाकिस्तानी सेना ने 5 आतंकी मार गिराए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में सेना ने तीन अलग-अलग अभियानों में पांच आतंकवादियों को ढेर कर दिया गया जबकि तीन अन्य घायल हो गए। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने प्रांत के केच, पंजगुर और झोब जिलों में गुरुवार रात को तीन अभियान चलाए। भीषण गोलीबारी में पांच आतंकवादी मारे गए। सेना के बयान में कहा गया कि आतंकवादियों की तलाश में अभियान चला रहे हैं। जब तक आतंकवादियों और उन्हें सहायता करने वालों को न्याय के कटघरे में नहीं लाया जाता, तब तक अभियान जारी रहेगा।


# शेख हसीना की विशेष सुरक्षा वापस

ढाका, एजेंसी



बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने देश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और उनके करीबी रिश्तेदारों को दी गई विशेष सुरक्षा गुरुवार को वापस ले ली। अंतरिम सरकार ने कुछ दिन पहले ही उनके राजनयिक पासपोर्ट भी रद कर दिए थे। बांग्लादेश की सरकारी समाचार एजेंसी की खबर में बताया गया कि मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सलाहकार परिषद ने पूर्व प्रधानमंत्री हसीना और उनके करीबी रिश्तेदारों को दी गई विशेष सुरक्षा को हटाने के लिए विशेष सुरक्षा बल अधिनियम 2021 में संशोधन करने का फैसला किया है। मुख्य सलाहकार कार्यालय (सीएओ) ने सलाहकार परिषद की बैठक के बाद कहा कि विशेष सुरक्षा बल अधिनियम 2021 पिछली सरकार के निर्णय के बाद लागू किया गया था। इसके बाद 15 मई 2015 को इस कानून के तहत हसीना और उनके करीबी रिश्तेदारों को विशेष सुरक्षा देने के लिए एक राजपत्र जारी किया गया।

### शहबाज शरीफ ने की यूनुस से बात



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने शुक्रवार को बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से बात की। टेलीफोन पर बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने दोनों देशों के लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई।

## पाकिस्तान में भूस्खलन से 12 लोगों की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिम प्रांत खैबर पख्तूनख्वा में शुक्रवार सुबह एक घर के भूस्खलन की चपेट में आने से 12 लोगों की मौत हो गई। सरकारी बचाव संगठन ने यहां एक बयान जारी कर कहा कि यह दुर्घटना अपर दीर जिले में हुई जहां पिछले कुछ दिनों से मानसून के कारण भारी बारिश हो रही है। मृतकों में तीन महिलाएं, छह बच्चे और तीन पुरुष शामिल हैं, जो एक ही परिवार के सदस्य थे और भूस्खलन के समय घर में सो रहे थे। सभी शवों को घर के मलबे से बरामद किया गया और मलबे को हटाने का कार्य अभी तक चल रहा है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के कई हिस्सों में मूसलाधार बारिश हो रही है।



**गणपति बप्पा मोरया...**

भगवान गणेश की पूजा के लिए समर्पित पर्व गणेश चतुर्थी इस साल 6 सितंबर को मनाया जाएगा। महाराष्ट्र समेत देश के अन्य हिस्सों में इस पर्व को मनाने और भगवान की मूर्ति को पूजा पंडालों में स्थापित करने की तैयारियां आरंभ कर दी गई हैं। उत्सव से पूर्व पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में श्री गणेश की मूर्ति को अंतिम रूप देता कारीगर।

## छेड़छाड़ के आरोप में भारतीय योग प्रशिक्षक को सजा

**सिंगापुर।** सिंगापुर में एक पूर्व भारतीय योग प्रशिक्षक को शुक्रवार को तीन महिलाओं के साथ योग कक्षा में छेड़छाड़ के आरोप में 23 महीने की सजा सुनाई गई। राजपाल सिंह (35) ने जब इन अपराधों को अंजाम दिया उस समय वे तेलोक अयेर स्ट्रीट स्थित योग ट्रस्ट में प्रशिक्षक थे। योग कक्षाओं के दौरान सिंह ने तीनों पीड़िताओं के साथ छेड़छाड़ की। सजा सुनाने से पहले जिला न्यायाधीश शर्मिला श्रीपति-शनाज ने बताया कि एक पीड़िता का कहना है कि योग कक्षाओं को एक सुरक्षित स्थान मानती थी और यह अपेक्षा नहीं की थी कि एक शिक्षक एसा दुर्व्यवहार करेगा। बचाव पक्ष के वकील अनिल मुर्कोथ चांगरोथ ने कहा कि उनका मुवक्किल सज़ा के खिलाफ अपील करेगा।

# इजरायल ने हमास सेल प्रमुख हाजेम को मारा

कीव, एजेंसी

- खुफिया जानकारी पर आईडीएफ ने जेनिन में की कार्रवाई

इजरायली सशस्त्र बलों ने वेस्ट बैंक में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान जेनिन में हमास सेल के प्रमुख वासेम हजेम को मार गिराया। इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आईडीएफ ने टेलीग्राम पर लिखा कि उत्तरी सामरिया क्षेत्र में आईडीएफ, आईएसए और इजराइल सीमा पुलिस के आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान जेनिन में हमास आतंकवादी संगठन के प्रमुख वासेम हाज़ेम के नेतृत्व में एक वाहन में आतंकवादी सेल की पहचान की गई जिसके बाद इज़राइल सीमा पुलिस बलों ने सटीक खुफिया जानकारी पर हाजेम को मार गिराया।

### गाजा पट्टी में बमबारी में 31 फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा।** गाजा पट्टी पर इजराइली बमबारी में गुरुवार को 31 फिलिस्तीनी मारे गए। एक इजराइली ड्रोन ने दक्षिणी गाजा पट्टी में रफाह शहर के पूर्व में फिलिस्तीनियों के जमावड़े को एक मिसाइल से निशाना बनाया। चिकित्सा सूत्रों ने कहा कि इस हमले में सात फिलिस्तीनी मारे गए और दर्जनों अन्य घायल हो गए। रफाह शहर के उत्तर में औद्योगिक क्षेत्र में एक मोटरसाइकिल पर ड्रोन हमले में तीन युवक मारे गए। गाजा के पश्चिम में एक घर पर एक इजराइली हमले में आठ फिलिस्तीनी मारे गए।

# अमेरिका ट्रंप मुद्दे से आगे बढ़ने को तैयार : हैरिस

वाशिंगटन, एजेंसी





- रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी पर लगाया देश विरोधी एजेंडे पर चलने का आरोप

अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने कहा है कि अमेरिका डोनाल्ड ट्रंप से संबंधित मुद्दे को पीछे छोड़कर आगे बढ़ने को तैयार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके रिपब्लिकन प्रतिद्वंद्वी एक ऐसे एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं जो देश को विभाजित करता है और इसके लोगों के चरित्र को कमतर करता है। अपने प्रचार अभियान के तहत पहले प्रमुख टेलीविजन साक्षात्कार में 59 वर्षीय अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिकी लोग आगे बढ़ने की नई राह के लिए तैयार हैं।

राष्ट्रपति पद के लिए पांच नवंबर को होने वाले चुनाव में उनका मुकाबला ट्रंप से होगा। हैरिस ने अपने सह-उम्मीदवार एवं मिनेसोटा के गवर्नर टिम वाल्ज के साथ एक संयुक्त साक्षात्कार में सीएनएन से कहा कि दुख की बात है कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप एक ऐसे एजेंडे और एक ऐसे माहौल को आगे बढ़ा रहा है जो हमारे चरित्र और ताकत को कमतर करता है।

**परमाणु हथियारों का उपयोग रोकना बड़ी चुनौती :** अमेरिकी राष्ट्रपति के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका और विश्व के लिए सबसे बड़ी चुनौती निकट भविष्य में परमाणु युद्ध को रोकना है।

## 'एक्स' पर ब्राजील में लग सकती है रोक

**ब्रासीलिया, एजेंसी।** अमेरिकी उद्यमी एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' ने कहा है कि उसने ब्राजील की एक अदालत के अवैध आदेशों का पालन करने से इनकार कर दिया है और उसे आशंका है कि देश में उसकी सेवा बंद कर दी जाएगी। जी1 न्यूज पोर्टल ने गुरुवार को बताया कि ब्राजील के सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एलेक्जेंडर डी मोरेस ने मस्क को 24 घंटे में अदालत को सूचित करने का आदेश दिया था कि ब्राजील में एक्स का नया कानूनी प्रतिनिधि कौन होगा, अन्यथा उसकी सेवाओं को निलंबित कर दिया जाएगा। एक्स की ग्लोबल गवर्नमेंट अफेयर्स टीम ने कहा कि हमें आशंका है कि न्यायाधीश मोरेस ब्राजील में एक्स को बंद करने का आदेश देंगे - केवल इसलिए क्योंकि हमने उनके राजनीतिक विरोधियों को सेंसर करने के उनके अवैध आदेशों का पालन करने से इनकार कर दिया है।

**ज्ञान-विज्ञान** — खगोलविदों ने दूर की आकाशगंगाओं मे अलग तरह की पहली खोज शुरू की

# दूसरी आकाशगंगाओं में एलियन खोजेगा सेटी


बबलू चंद्रा, नैनीताल

**अमृत विचार :** अलौकिक बुद्धिमत्ता की खोज यानी सर्चिंग फॉर एक्सट्राटेरेस्ट्रियल इंटेलिजेंस (सेटी) अब दूर की आकाशगंगाओं में बुद्धिजीवियों की खोज करने में जुट गया है।

ऑस्ट्रेलिया में खगोलविदों ने 2,800 दूर की आकाशगंगाओं मे अलग तरह की पहली खोज शुरू की है। वैज्ञानिकों का मानना है कि ब्रह्मांड में हमसे कहीं अधिक बुद्धिमान जीवन एलियंस मौजूद है। दरअसल सेटी पिछले कई दशक से एलियंस की खोज में जुटा है। संस्था के खगोलशास्त्रियों ने अधिकतर खोज हमारी ही आकाशगंगा के तारों में की है।

मगर अभी तक वह सफलता नही मिल पाई है, जिसकी तलाश की जा रही है। वैज्ञानिकों का मानना है कि अंतरिक्ष में हम जैसा ही नही बल्कि हमसे भी अधिक बुद्धिमान जीवन है। जिनकी तकनीक हमसे कहीं अधिक आगे है। इस अनुमान के पीछे छिपे सबूत भले ही अभी तक नही मिले हैं, लेकिन कई संकेत मिलते हैं, जो एलियन के अस्तित्व का संकेत देते हैं। इस खोज में सेटी के खगोलविद जुटे हुए हैं। जिन्होंने अभी तक अपनी मिल्की वे में खोजी अभियान चलाया है।

मगर अब इस अभियान में आगे निकल चुके हैं। जिसके तहत खोज के दायरे में 2800 दूसरी आकाशगंगाओं को स्कैन किया गया है। यह पहली बार किया गया है। शोधकर्ताओं का कहना है कि विदेशी सभ्यताएं हमसे कहीं अधिक उन्नत हैं, जो सिग्नल संचारित कर सकती हैं या इतनी ऊर्जा का उपयोग कर सकती हैं, जो आकाशगंगाओं की बीच की दूरियों का पता लगाया जा सके। उन्होंने 26 अगस्त को नई खोज की घोषणा की और बताया आकाशगंगाओं को स्कैन करने के लिए पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया में मर्चिसन वाइडफील्ड ऐरे (एमडब्ल्यूए) का इस्तेमाल किया। खोज की यह नई दिशा है, जो संभवतः एलियन के अस्तित्व का पता लगा सके।



### उड़नतश्तरियों का खूब होता था जिक्र

**नैनीताल :** कभी उड़नतश्तरियों का नजर आना आम हुआ करता था और जिक्र भी। मगर करीब तीन दशकों से इनका दिखाई देना बंद हो चुका है। बताया जाता है कि जब उड़नतश्तरियां आती थी तो कुछ पलों के एक बड़ा क्षेत्र रोशनी से नहा उठता था। अब क्यों नही आती, यह प्रश्न अभी तक अनुत्तरित बना हुआ है।